संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

हनुमानगढ़ जंक्शन
गुरुवार 13 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 159 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,606.57 | +149.98 |
| निफ्टी | 23,323.55 | +58.70 |
| डॉलर | 83.47 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 32° अधिकतम 44°

# राजस्थान बनेगा गुड गवर्नेंस का मॉडल राज्यः भजनलाल

## सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सौ दिवसीय कार्ययोजना में देरी पर जताई नाराजगी, कहा-देरी करने वाले अफसरों को जिम्मेदार बनाया जाए

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट (लेखा-अनुदान) घोषणा व सौ दिवसीय कार्ययोजना के कुछ कामों में देरी पर नाराजगी जताई। सीएमओ में बिजली की समीक्षा, बजट (लेखा-अनुदान) घोषणा व सौ दिवसीय कार्ययोजना को लेकर हुई मीटिंग में मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश दिया कि घोषणाओं से संबंधित कार्य में किसी भी स्तर पर देरी नहीं हो। देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। बकाया कामों की डेडलाइन तय कर जल्दी पूरा किया जाए। सीएम ने अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में गुड गवर्नेंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। हमारी सरकार अंतिम छोर पर



बैठे व्यक्ति के बारे में सबसे पहले सोच कर नीति-कार्यक्रमों का निर्धारण कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर बिजली-पानी बचत अभियान चलाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश... शेष पेज 9 पर

### बिजली को लेकर बड़ी प्लानिंग

ऊर्जा विभाग की मीटिंग में सामने आया कि प्रदेश में अगले 10 साल तक की बिजली डिमांड को पूरा करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए राजस्थान में 1.60 लाख करोड़ के निवेश से करीब 31 हजार 825 मेगावाट के पावर प्रोजेक्ट लगेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आम जनता तक निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। बैठक में पीएम-कुसुम योजना के 'अ', 'ब' तथा 'स' घटकों की प्रगति, सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के वित्तीय संसाधनों की जानकारी सहित ऊर्जा विभाग के अन्य मसलों पर चर्चा की गई।

### कृषि विभाग रखे अपनी तैयारी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी रबी फसल के सीजन को देखते हुए विभाग अपनी तैयारियां पूरी रखें जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पूरी बिजली मिल सके। पीएम-कुसुम कंपोनेंट 'बी' के तहत 70 हजार से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने में वित्तीय सहयोग के लिए कलेक्टर बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें।

## मोहन मांझी ने ली ओड़ीसा के सीएम पद की शपथ

### पीएम मोदी सहित अन्य नेता हुए शरीक

**नई दिल्ली.** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बन गई है। 52 साल के मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ दो डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंहदेव (67) और प्रभाती परिदा (57) ने भी शपथ ली। माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, हरियाणा, गोवा आदि के सीएम मौजूद थे।

# अब मिलेगा जरूरतमंदों को अनाज

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से जुड़े परिवारों की केवाईसी का काम शुरू

**जयपुर.** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद देशभर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से जुड़े परिवारों की केवाईसी का काम शुरू हो गया। इसके चलते प्रदेश में कई राशन डीलरों ने अभी तक राशन का गेहूं बांटना शुरू कर नहीं किया है। केवाईसी जिन राशन डीलरों के यहां पूरी हो गई है। वहां गेहूं वितरण शुरू हो गया, जबकि जहां पूरा नहीं हुआ है, वहां अभी केवाईसी का काम चल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अभी सबसे ज्यादा केवाईसी कोटा जिले में हुई है, जबकि सबसे कम बाड़मेर जिले में। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में लगी रिट पिटीशन पर मार्च में आदेश देते हुए सभी राज्यों को कोर्ट ने 15 जुलाई तक केवाईसी का काम पूरा करके शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक इस पिटीशन में कहा गया था कि कई ऐसे परिवार या सदस्य है जिनकी कोरोना में मृत्यु हो गई और उनका रिकॉर्ड या नाम अब तक इस सूची में शामिल है। इस कारण नए नाम इस सूची में जुड़ नहीं पा रहे। खाद्य विभाग से मिली एक रिपोर्ट के मुताबिक 1.07 करोड़ परिवार के 4.36 करोड़ लोग (यूनिट्स) है, जिनका नाम एनएफएसए की सूची में जुड़ा है। इनमें से करीब 37 फीसदी यूनिट्स (करीब 1.61 करोड़ लोगों) की केवाआईसी पूरी हो चुकी है। जिलेवार रिपोर्ट देखे तो कोटा में 61.25 फीसदी, जबकि बाड़मेर में सबसे कम 20.04 फीसदी लोगों की ही केवाईसी हुई है।

### छह जिलों में 50 फीसदी के नाम जुड़े

राज्य के 33 में से 6 जिले ऐसे है जिनमें 50 फीसदी लोगों की केवाईसी का काम पूरा हो गया है। इसमें कोटा के अलावा प्रतापगढ़, चूरू, बूंदी और झालावाड़ जिला शामिल है। वहीं 8 जिले ऐसे है जिनमें 30 फीसदी से भी कम लोगों की केवाईसी पूरी हुई है। इस सूची में बाड़मेर के अलावा अलवर, बारां, जोधपुर, जैसलमेर, सीकर, ... शेष पेज 9 पर

# राहुल ने की वसुंधरा की तारीफ कहा-राजे सही मायने में लीडर

### कांग्रेस सांसद हैं राहुल कस्वां, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और राजेंद्र राठौड़ पर भी बरसे

**जयपुर.** चूरू से कांग्रेस सांसद राहुल कस्वां ने बीजेपी लीडरशिप पर सवाल उठाए हैं। कस्वां लोकसभा चुनाव में बीजेपी से टिकट कटने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चूरू से चुनाव लड़ा और जीत गए। कस्वां ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की तारीफकरते हुए कहा कि सही मायने में वे लीडर हैं। उनके नेतृत्व में हुए चुनाव में बीजेपी ने कभी ऐसी हार नहीं



देखी। कस्वां ने दुष्यंत सिंह के मंत्रिमंडल में शामिल न होने पर भी सवाल उठाए। कस्वां ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी पर तंज कसते हुए कहा कि मेरे हिसाब से उन्होंने राजस्थान भी नहीं घूमा। बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ पर निशाना साधते हुए कस्वां ने कहा-राजेंद्र राठौड़ जैसे लोगों के पास पॉलिटिकल एक्सपोजर था। जिन्होंने पूरे सिस्टम का मिस यूज किया। राहुल कस्वां ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे और झालावाड़-बारां से पांचवीं बार सांसद दुष्यंत... शेष पेज 9 पर

## सांसद इन्दौरा का हनुमानगढ़ पहुंचने पर अभिनंदन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद कुलदीप इन्दौरा के सांसद बनने के बाद पहली बार हनुमानगढ़ पहुंचने पर टाउन के गुरूद्वारा सुखा सिंह महताब सिंह में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम के तहत सिख समाज की



और से गुरूद्वारा साहिब में बाबा जग्गा सिंह, बाबा जोगा सिंह, सिख समाज की और से हरप्रीत सिंह ढिल्लो, गुरमीत चन्दड़ा, पार्षद गुरदीप चहल की और से सांसद कुलदीप इन्दौरा व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी का सरोपा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

## तपेगा हनुमानगढ़, आधा दर्जन जिलों में बारिश से मिलेगी राहत

### मौसम विभाग ने जताई 15 जून तक बारिश की संभावना

**जयपुर.** राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में शुरू हुई प्री-मानसून की बारिश आज से तीन दिन जारी रहने की संभावना है। उदयपुर-कोटा संभाग के लिए मौसम विभाग ने 15 जून तक आंधी और ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया है। इसके दूसरी तरफ पूर्वी राजस्थान के भरतपुर और उत्तरी राजस्थान के बीकानेर संभाग (भरतपुर, धौलपुर, करौली, अलवर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर) में बुधवार व गुरुवार को गर्मी तेज रहने और लू चलने की आशंका है। मौसम केन्द्र जयपुर की ओर से बुधवार को उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बारां, झालावाड़, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा,... शेष पेज 9 पर

## डॉ. रवि त्रेहन को मातृशोक

**हनुमानगढ़।** इलाके के जाने माने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रवि त्रेहन को मातृशोक हुआ है। डॉ. रवि त्रेहन की माताजी श्रीमती विमला रानी धर्मपत्नी बलदेव राज त्रेहन का 11 जून को आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती विमला रानी अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गई हैं। इनके निधन का समाचार मिलते ही मित्रों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीमती विमला रानी का रायसिंहनगर में मंगलवार सांय अंतिम संस्कार किया गया जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। डॉ. रवि त्रेहन ने बताया कि हनुमानगढ़ में बैठक 15 और 16 जून शनिवार और रविवार को सांय 5 से 8 बजे तक जंक्शन स्थित निवास स्थान 57, बाबा श्यामसिंह कॉलोनी पर रखी गई है। तेज परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और त्रेहन परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति दे।



## गौरव बैद बने तेरापंथ जैन सभा के अध्यक्ष



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

तेरापंथ जैन सभा हनुमानगढ़ टाउन में बुधवार को तेरापंथ युवक परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक सुरेन्द्र जैन व राजेश जैन ने की। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए तेरापंथ युवक परिषद की नई कार्यकारणी के विस्तार पर चर्चा की गई। इससे पहले मंत्री कमल बांठिया ने णवकांर तंत्र पढ़कर बैठक की शुरूवात की। कोषाध्यक्ष ऋषभ कुण्लिया ने गत वर्ष का लेखा जोखा सदन के समक्ष रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में गत वर्ष के कार्यकाल को... शेष पेज 9 पर

## बेकर्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### गैस सिलेंडर फटने से मची अफरा-तफरी, लगभग 20 लाख का हुआ नुकसान

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन की सूरतगढ़ रोड पर बुधवार शाम को करीब 6.00 बजे एक बेकर्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने हालांकि आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन दुकान के अंदर कमर्शियल सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ धमाका होते ही आसपास के दुकानदार अपनी-अपनी दुकाने छोड़कर मौके से काफी दूर तक चले गए और राहीगीरो की भी भीड़ लग



गई सूचना मिलने पर मौके पर नगर परिषद सभापति सुमित रिणवा, जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल विश्नोई और जंक्शन थाने की टीम मौके पर पहुंची। नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने फायर ब्रिगेड कार्यालय में फोन कर मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने बताया कि जंक्शन की सूरतगढ़ रोड पर पारीक... शेष पेज 9 पर

## नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत किया वार्ड 51 व 52 का निरीक्षण



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा विधायक गणेशराज बंसल के निर्देशानुसार चलाये गये नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को जंक्शन के वार्ड नम्बर 51 व 52 में निरीक्षण का आयोजन किया गया। निरीक्षण सुबह 06 बजे शुरू हुआ। निरीक्षण में पार्षद सुरेश धमीजा, पार्षद प्रतिनिधि अशोक गौरी, पार्षद प्रतिनिधि जगदीप सिंह विक्की, पार्षद सुनील अमलानी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रमनदीप कौर, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जईएन इलैक्ट्रीक कमल सहित समस्त नगरपरिषद अमला व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान टूटी सड़कों की समस्या आई, जिसकी वार्डवासियों ने नाराजगी जताई। पार्षद सुरेश धमीजा ने कहा कि ठेकेदार व ... शेष पेज 9 पर

## धानसिया में रात्रि चौपाल आयोजित कर कलक्टर ने सुनी परिवेदनाएं

- जिला कलक्टर ने नवाबद्दीन तथा नोपाराम को सौंपा पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र
- पल्लू, रावतसर में पेयजल सप्लाई निरीक्षण, विभिन्न पीएचसी में जांची व्यवस्थाए

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





दूर दराज होने के कारण कई बार आप दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाते, दिन में खेतों में काम कर रहे होते है इसलिए रात में आपकी समस्याएं सुनने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। जिला कलक्टर काना राम ने यह बात नोहर ब्लॉक के गांव धानसिया में मंगलवार रात को रात्रि चौपाल में कहीं। धानसिया के पीएचसी में जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आमजन की परिवेदनाएं सुनी। काना राम ने बुधवार सुबह मां ब्रह्माणी देवी के मंदिर में धोक लगाई तथा आरती की। पेयजल के सुचारू सप्लाई के लिए घरों में पानी सप्लाई का निरीक्षण किया। पल्लू सीएचसी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बरमसर स्थित गौशाला में व्यवस्थाओं को जांचा। जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर गांव के नवाबद्दीन तथा नोपाराम को पेंशन स्वीकृत होने पर पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र भी सौंपा। रात्रि चौपाल में विद्युत, पेयजल, पंचायतीराज सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने विभागीय ... शेष पेज 9 पर

### पौधारोपण कर बेटे बेटियों की तरह करें इनका पालन पोषणः कलक्टर

जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी मानसून में न केवल पौधारोपण करें बल्कि बेटे बेटियों की तरह इनका पालन पोषण भी करें। पिछले दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए हमें गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत, वन विभाग, चारागाह की भूमि में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण करें। किसान भाई प्रत्येक खेत में दो-चार पौधे जरूर लगाए। सभी गांववासी इस मुहिम में हिस्सा ले तथा जब भी जिले स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हो तो गांव में बड़े स्तर पर पौधरोपण करें।

### जल जीवन मिशन में हर घर पानी पहुंचाने का प्रयास

जिला कलक्टर ने कहा कि पानी को बचाना, रिचार्ज करना तथा सुरक्षित करना वर्तमान की महती आवश्यकता है। सार्वजनिक जगह पर जोहड़, खाले, मेड़ बनाए तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि एससी एसटी लघु सीमांत कृषक भी भूमि को समतलीकरण करवाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा से कार्य स्वीकृत करवा सकते है। बहते हुए पानी को रोकने के लिए ग्राम पंचायत में जितनी भी जगह है, उस पर पानी बचाने के लिए महात्मा ... शेष पेज 9 पर

## डॉ. शंकर लाल सोनी नए पीएमओ

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

डॉ. शंकर लाल सोनी हनुमानगढ़ टाउन के महात्मा गांधी स्मृति राजकीय जिला चिकित्सालय के नए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी होंगे। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को आदेश जारी किया गया। उन्हें डॉ. मुकेश कुमार की जगह नया पीएमओ लगाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की संयुक्त शासन सचिव प्रीति माथुर की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉ. मुकेश कुमार, कनिष्ठ विशेषज्ञ (माइक्रोबायोलॉजी) के स्थान पर डॉ. शंकर लाल सोनी, कनिष्ठ विशेषज्ञ (विधि विज्ञान), जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़ को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद का कार्यभार सौंपा जाता है। डॉ. शंकर लाल सोनी को जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़ कार्यालय की सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम 3 के अन्तर्गत कार्यालयाध्यक्ष घोषित करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी की शक्तियां भी प्रदान की गई हैं।



**किराये हेतू खाली**
हनुमानगढ़ जंक्शन के मुख्य चौराहे राजीव चौक पर किराए के लिए भवन उपलब्ध है।
साईजः 50×60 फुट
जिसमें
10 कमरे, 2 हॉल एवं 10×25 की एक दुकान
इच्छुक सम्पर्क करें:
9414095085

**आवश्यकता**
मैं. एस.एस. ब्लोकेम प्रा. लि., औद्योगिक क्षेत्र, भाग-1, हनुमानगढ़ जंक्शन में B.Sc योग्यताधारी 4 युवकों की आवश्यकता है।
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें।
94140-95110
70146-17664




**शोक-सन्देश**
बड़े दु:खी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया माताजी
**श्रीमति रेवन्ती देवी**
पत्नी स्व. श्री हेतराम सहारण का स्वर्गवास दिनांक 9.6.2024 को हो गया है। इनका द्वादशा दिनांक 19.6.2024 को होगा।
नोटः ऊढावणी एवं अन्य नकदी लेनदेन प्रतिबंधित है।
शोकाकुलः श्रीमति मन्जु चौधरी-अमीलाल सहारण(उपरजिस्ट्रार सहकारिता), श्रीमति गीता-राकेश कुमार सहारण (व्यवस्थापक न्यौलखी), श्रीमति पुष्पा-स्व. श्री राजेन्द्र कुमार सहारण (पुत्र-पुत्रवधू), मोहित, सुनील कुमार, अनिल एवं निखिल सहारण एवं समस्त सहारण परिवार।
निवासः स्थान 43 कचहरी रोड़, पुलिस थाना के सामने, सेक्टर 9/1 हनुमानगढ़ जं.



# ममेरे भाई के दोस्त पर जमीन दिलाने के बहाने बंधक बना दुष्कर्म करने का युवती ने लगाया आरोप

## आरोपी की पत्नी पर भी दुष्कर्म में सहयोग करने का इल्जाम

**श्रीगंगानगर।** जवाहरनगर थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती ने अपने ममेरे भाई के दोस्त पर अपनी पत्नी के सहयोग से जैसलमेर के मोहनगढ़ इलाके में सरकारी जमीन का आवंटन करवाने बहाने ले जाकर बंधक बनाने तथा बेटे को जान से मार देने की धमकी देकर देहशोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला को जवाहरनगर और कोतवाली थाना की पुलिस ने कई दिन तक घटना का क्षेत्राधिकार एक-दूसरे के थाने के इलाके का होना बताकर चक्कर कटवाते रहे। आखिरकार पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए सारी घटना बताई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच डीएसपी(अजा/जजा) विष्णु खत्री कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जवाहरनगर थाना के समीप रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दी है कि लगभग एक महीना पहले उसका ममेरा भाई अपने दोस्त सुनील व उसकी पत्नी सरोज को साथ लेकर कर में आया। उसे बताया गया कि गजसिंहपुर में कम कीमत पर एक प्लॉट मिल रहा है। प्लॉट दिलाने के बहाने उसे उसके बेटे सहित कार में गजसिंहपुर ले गए। वहां पर उन्होंने बताया कि जैसलमेर के मोहनगढ़ इलाके में काफी कम कीमत पर सरकार द्वारा जमीन आवंटित की जा रही है। वहां के एक अधिकारी से उनकी बात हुई है। पहले 50 हजार रुपए देने होंगे। बाकी राशि बाद में जमा करवानी होगी। पीड़िता के



मुताबिक गजसिंहपुर के एक स्वर्णकार को उसके पहने हुए गहने 45 हजार रुपए में बिकवा दिए।यह राशि उन्होंने अपने पास रख ली। उसे एक दिन में मोहनगढ़ जाकर जमीन दिखाकर वापस शाम को ले आने का कहा गया था। गजसिंहपुर से सुनील और सरोज उसके बेटे सहित अपनी कार में मोहनगढ़ इलाके में इंदिरा गांधी नहर के नजदीक प्रतापसिंह की ढाणी में ले गए। वहां उसे बंधक बना लिया। उसके बेटे को जान से मार देने की धमकी देते हुए सुनील ने उससे दुष्कर्म किया। उसकी पत्नी सरोज ने इसमें उसका सहयोग किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पास मोबाइल फोन नहीं था। इस कारण वह अपने घर वालों को सूचना नहीं दे सकती। उसे पूरी तरह से यह भी नहीं पता था कि प्रताप सिंह की ढाणी कहां पर है। वहीं पर उसे पता चला कि उसके पति ने 19 मई को जवाहरनगर थाना में उसके गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सुनील और सरोज ने उसे कई दिन तक प्रताप सिंह की ढाणी में बंधक बनाए रखा। वह इंकार करती तो सुनील उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देता और जबरदस्ती दुष्कर्म करता। उसने उसके बेटे के सामने भी कई बार दुष्कर्म किया। कुछ दिनों बाद उसे गजसिंहपुर लाया गया। फिर जवाहर नगर थाना में लाया गया। पीड़िता के मुताबिक उसने जवाहरनगर थाना में रिपोर्ट दी तो पुलिस ने कहा कि उसके साथ हुई घटना उनके थाना क्षेत्राधिकार की नहीं है। फिर उसने कोतवाली में रिपोर्ट दी तो पुलिस ने कहा कि घटना जवाहरनगर थाना क्षेत्र की है। दोनों थानों की पुलिस कई दिन तक चक्कर कटवाती रही। उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।पुलिस के मुताबिक पिछले हफ्ते पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर डीएसपी विष्णु खत्री द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

# आबादी क्षेत्र में टावर लगाने का विरोध

**» सभापति से मिले वार्डवासी, स्वीकृति निरस्त करने की मांग**



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

जंक्शन के वार्ड 15, भट्ठा कॉलोनी में मोबाइल कंपनी का टावर लगाने का वार्डवासियों ने विरोध किया है। मोबाइल कंपनी का टावर लगाने के विरोध में बुधवार को वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद व पूर्व उपसभापति नगीना बाई के नेतृत्व में नगर परिषद सभापति सुमित रणवां से मिलकर टावर लगाने की स्वीकृति निरस्त करने की मांग की। पूर्व उपसभापति नगीना बाई ने बताया कि घरों के बीच आबादी क्षेत्र में टावर लगाया जा रहा है। पूर्व में भी वार्डवासियों ने यहां टावर लगाने का विरोध करते हुए कार्य रुकवा दिया था। मंगलवार को फिर से कंपनी के प्रतिनिधि पुलिस के साथ मोहल्ले में आए और टावर लगाने का कार्य शुरू कर दिया। वार्डवासी इसका विरोध कर रहे हैं। जिस जगह टावर लगाया जा रहा है वह आबादी क्षेत्र है। इसके पास ही तीन-चार शिक्षण संस्थाएं व आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इस कारण टावर से निकलने वाली घातक किरणें मोहल्लेवासियों व स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव डालेंगी। साथ ही भविष्य में विवाद की स्थिति रहेगी। बकौल नगीना बाई, सभापति ने आश्वस्त किया है कि आबादी क्षेत्र के बीच टावर नहीं लगने दिया जाएगा। अगर संबंधित कंपनी की ओर से सिक्योरिटी राशि नगर परिषद में जमा करवाई गई है तो वह वापस लौटा दी जाएगी। इस मौके पर पार्षद गुरदीप सिंह बराड़, लालाराम, शेराराम, दीनदयाल, रघुवीर, बिमला, सुनीता, शिमला सहित कई अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

# बाईपास मार्गों पर रात को वाहनों से डीजल पेट्रोल चोरी करने वाले ग्रहो का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार- एक फरार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर शहर के चारों तरफ बाईपास मार्गों पर रात को खड़े रहने वाले ट्रक-बस तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहनों से डीजल तथा पेट्रोल चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ है। सदर थाना पुलिस ने गिरोह में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार है। सदर थाना पुलिस ने बताया कि विनोबा बस्ती निवासी नीलाभ खत्री (38) द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर कल शाम को डीजल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले की जांच कर रहे हवलदार राजकमल ने बताया कि निकटवर्ती चक 6-जी (प्रथम) निवासी सोनू उर्फ जरनैल सिंह (40) तथा चक 9-ए (छोटी) निवासी रघुवीर सिंह (38) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को आज अदालत में पेश करने पर न्यायिक



हिरासत में भेज दिया गया। दोनों ही अत्यधिक नशा करने के आदी हैं।उनके एक साथी अशोक कुमार की तलाश की जा रही है। जरनैलसिंह और रघुवीरसिंह द्वारा चोरी की वारदातों में इस्तेमाल किया गया एक टेंपो और एक मोटरसाइकिल जब्त करते हुए पुलिस ने 50-50 लीटर डीजल से भर दो जरकिन भी बरामद किए हैं। नीलाढ खत्री का कोतवाली रोड पर शीशों का व्यवसाय है।उसका एक गोदाम जिला अस्पताल के पीछे है। नीलाभ खत्री के मुताबिक गोदाम में माल लाने और ले जाने के लिए ट्रकों को मंगवाया जाता है।विगत 17 मई की शाम को एक ट्रक में शीशा लोड करवाया गया था। ट्रक को अगले दिन सुबह रवाना होना था।चालक ने सुबह ट्रक को स्टार्ट किया तो वह स्टार्ट नहीं हुआ। चालक ने 17 मई की शाम को ही ट्रक में 125 लीटर डीजल भरवाया था। डीजल देखा तो टंकी खाली थी। गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में रात को एक टेंपो में तीन व्यक्ति आते और ट्रक का डीजल चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। नीलाभ ने इसकी सूचना सदर थाना पुलिस में दी। पुलिस और नीलाभ ने भाग दौड़ करके पता लगा लिया कि उक्त तीनों व्यक्ति जरनैलसिंह, रघुवीर तथा अशोक हैं। पुलिस ने इनको पकड़ने के काफी प्रयास किया लेकिन तीनों ही भूमिगत हो गए। पुलिस के अनुसार इन तीनों ने फिर नीलाभ खत्री के इसी गोदाम के बाहर 7-8 जून की रात को खड़े एक ट्रक का फिर डीजल चोरी कर लिया। चालक राजेंद्र 8 जून को सुबह ट्रक स्टार्ट करने लगा तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ। उसका सारा डीजल खत्म था। यह दूसरी घटना होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी। इनमें से दो उक्त चोरों को कल शाम पकड़ लिया गया। नीलाभ की ओर से उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया।जांच अधिकारी हवलदार राजकमल ने बताया कि यह गिरोह शहर के चारों तरफ के बाईपास मार्गों पर रात को खड़े रहने वाले वाहनों के डीजल तथा पेट्रोल चोरी करने में लगा हुआ था। चुराया हुआ डीजल पेट्रोल सुबह सवेरे इन्हीं मार्गों पर दूसरे वाहन वालों को कम कीमत पर बेच दिया जाता था। यह सिलसिला काफी समय से चल रहा था।लगातार इसकी शिकायतें भी थाने में प्राप्त हो रही थी। उन्होंने कहा कि तीसरे आरोपी अशोक को भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा।

# तलाकशुदा महिला ने युवक पर दुष्कर्म करने के साथ अनैतिक कार्य करवाने के लगाए आरोप, मुकदमा दर्ज

## युवक के मां-बाप समेत अन्य लोग भी नामजद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय पदमपुर मार्ग पर एक कॉलोनी की निवासी तलाकशुदा एक महिला ने एक युवक पर शादी करने का झांसा देकर न केवल दुष्कर्म करने बल्कि अनैतिक कार्य करने को मजबूर करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने युवक के मां-बाप समेत दो तीन अन्य व्यक्तियों पर उसने डराने धमकाने के भी आरोप लगाए हैं।पीड़ित महिला द्वारा अदालत में दायर इस्तगासा के आधार पर महिला थाना पुलिस ने चक 15-जैड निवासी कुलदीप स्वामी,उसके पिता शंकर स्वामी, मां तथा दो-तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दुष्कर्म करने, अनैतिक कार्य करवाने धमकियां देने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने कुलदीप स्वामी



पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता में बताया है कि वह तलाकशुदा है।वह श्रीकरनपुर उपखंड क्षेत्र में एक इंदिरा रसोई में खाना बनाने का काम करती थी। कुलदीप स्वामी भी वही काम करता था।इस दौरान उनकी जान पहचान हो गई। बाद में कुलदीप स्वामी उसे श्रीगंगानगर ले आया और पदमपुर रोड पर एक कॉलोनी में मकान में अपने साथ रखने लगा।कुलदीप ने वायदा किया कि वह उससे शादी कर लेगा। शादी करने का झांसा देखकर वह शारीरिक संबंध बनाता रहा। कुछ दिनों बाद ही कुलदीप का रवैया बदल गया। उसे दूसरे लोगों के साथ अनैतिक कार्य करने का दबाव डालने लगा। उसने जबरदस्ती उससे अनैतिक कार्य भी करवाया। वह उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी देता था जब वह अनैतिक कार्य करने से इंकार करती। कुलदीप स्वामी ने बाद में धीरे-धीरे घर से गायब होना शुरू कर दिया। वह उससे पीछा छुड़ाने की फिराक में रहने लगा।यही नहीं उसके मां-बाप भी उसे कुलदीप का साथ छोड़ देने की धमकी देने लगे।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 5 मेई को श्रीकरणपुर दवा लेने के लिए गई थी। वहां से बस द्वारा वापस आ रही थी तो कुलदीप, उसके मां-बाप तथा दो अन्य व्यक्तियों ने कार से बस का पीछा किया। उसे बस से उतारकर मारपीट करने की कोशिश भी की। शंकर स्वामी और उसकी पत्नी ने धमकाया कि वह उनके बेटे कुलदीप से दूर रहे। महिला का आरोप लगाया है कि कुलदीप कई दिनों से गायब है।वह किसी और लड़की से शादी करने की फिराक में है। मामले की जांच महिला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर ज्योति नायक द्वारा की जा रही है।

# सादुलशहर में नहर किनारे झाड़ियां में अधेड़ की लाश मिली

## मृतक 9 जून को अपने बेटे के साथ पुलिस थाना में आया था

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर, 12 जून। सादुलशहर में संगरिया मार्ग पर एक डेढ़ किमी दूर केआरडब्ल्यू नहर के किनारे झाड़ियों में आज सुबह अधेड़ उम्र का एक व्यक्ति मृत पाया गया। आज सुबहसवेरे पास के खेतों में करने आए किसानों को जब बदबू महसूस हुई वह बदबू वाली जगह पर गए। नहर किनारे झाड़ियों में आवारा कुत्ते एक व्यक्ति की लाश को नोच रहे थे। उन्होंने कुत्तों को भगाया और थाने में सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। लाश के पास मोबाइल फोन तथा कीटनाशक दवा मोनोसिल की बोतल पड़ी मिली। पुलिस ने बताया कि मोबाइल फोन को ऑन करने पर तुरंत ही पता चल गया कि मृतक गांव खरूवाला का शमशेरसिंह (45) है जो विगत 9 जून से लापता था।पुलिस के मुताबिक शमशेर सिंह की पत्नी ने पिछले हफ्ते थाने में कोई परिवाद दिया था। इसी परिवाद के सिलसिले में 9 जून को शमशेरसिंह को थाने में बुलाया गया था। वह उस दिन सुबह अपने बेटे के साथ थाने में आया लेकिन परिवाद की जांच



करने वाला पुलिसकर्मी तब किसी और ड्यूटी पर चला गया।उसके थाने में नहीं होने के कारण शमशेरसिंह ने अपने बेटे को मोटरसाइकिल देकर वापस गांव भेज दिया। उसने बेटे से कहा कि उसे सादुलशहर में कुछ काम है। वह बाद में बस द्वारा गांव आ जाएगा। पुलिस के अनुसार बाद में शमशेरसिंह ने सादुलशहर में ही किसी दुकान से मोनोसिल कीटनाशक दवा की बोतल खरीदी। शाम को उसने बोतल की फोटो अपने परिवार के किसी सदस्य को व्हाट्सएप पर भेजी और कहा कि वह कीटनाशक दवा पीने जा रहा है। इसके बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। परिवार वाले उसकी तलाश करने लगे। साथ में ही थाने में रिपोर्ट दी। उसी दिन ही शमशेरसिंह के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पुलिस उसका मोबाइल फोन ऑन होने का इंतजार करती रही ताकि उसकी लोकेशन का पता चल सके। आज सुबह उसकी लाश बरामद हुई।पुलिस का प्रारंभिक तौर पर कहना है कि हम शमशेरसिंह ने कीटनाशक दवा का सेवन करके आत्महत्या की है। थानाधिकारी सुमेरसिंह ने बताया कि फिलहाल मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी।

# सूरतगढ़ में युवती द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 34 में 4 वर्ष की बच्ची के साथ रह रही 25 वर्षीय एक युवती ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। यह युवती रिश्ते में लगता अपने विधुर चाचा के साथ रह रही थी। उसका चाचा 3 वर्ष से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में जेल में बंद है। घटना की जांच कर रहे हवलदार चेतराम ने बताया कि युवती बलविंदर कौर (पत्नी राजेंद्र सिंह) के पिता द्वारा आज दी गई रिपोर्ट के आधार पर फिलहाल मर्ग दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश पिता के सुपुर्द कर दी गई। उन्होंने बताया कि बलविंदरकौर ने कल मंगलवार दोपहर को किसी समय घर के एक कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। शाम को जब उसकी 4 वर्षीय बेटी रोने चिल्लाने लगी, तब अड़ोस पड़ोस के लोगों ने आकर देखा। कमरा अंदर से बंद होने के कारण उन्होंने थाने में सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर देखा गया तो बलविंदरकौर का शव फंदे पर लटक रहा था। तब अलवर जिले में रहने वाले उसके पीहर वालों को इसकी जानकारी दी गई जो आज सुबह सूरतगढ़ पहुंचे। जांच अधिकारी हवलदार चेतराम ने बताया कि बलविंदरकौर वार्ड नंबर 34 में काफी समय से अपने चाचा के साथ रह रही थी। उसके चाचा की पत्नी का देहांत हो गया था।चाचा ही उसे अलवर जिले से भागकर सूरतगढ़ ले आया था। लगभग 3 वर्ष पहले उसका चाचा नशीले पदार्थ की तस्करी के मामले में पकड़ा गया जो की जेल में बंद है।प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने बलविंदरकौर द्वारा खुदकुशी कर लेने का कारण भी यही बताया है कि वह 4 वर्ष की बच्ची के साथ अकेले रहते हुए मानसिक रूप से परेशान हो गई थी।

## इंदिरा गांधी नहर में अज्ञात युवक की लाश मिली

**श्रीगंगानगर।** राजियासर थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर में पानी के साथ बहकर आई एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। सूचना मिलने पर पुलिस ने जाकर ग्रामीणों की मदद से लाश को बाहर निकलवाया। सूचना देने वाले ओमप्रकाश निवासी बीरमाना की ओर से अज्ञात युवक की मार्ग का मामला दर्ज किया गया है। जांच कर रहे हवलदार रामावतार ने बताया कि मृतक 35-40 वर्ष का है,जिसके बदन पर कोई कपड़ा नहीं था। लाश बीरमाना के समीप 42 आरडी पर आकर अटक गई थी।लाश को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा हुआ है। लाश 4 से 5 दिन पुरानी है। उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

## न्यू अग्रसेननगर में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

श्रीगंगानगर। जवाहरनगर थाना क्षेत्र में न्यू अग्रसेननगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। घटना की जांच करें हवलदार महेशचंद्र ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे न्यू अग्रसेननगर निवासी विकास सिंधी (28) को उसके परिवार वाले जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। विकास के पिता कमलकिशोर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। जांच अधिकारी को परिवार वालों ने बताया कि विकास परसों सोमवार रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया था। अगले दिन मंगलवार सुबह 7 बजे तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। विकास बेड पर मृत पड़ा था।हवलदार महेशचंद्र ने बताया कि मृतक विकास अविवाहित था। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारण का पता चलने की संभावना है।

# बाइक सवार दो युवक पोस्त सहित गिरफ्तार

**» टिब्बी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान की कार्रवाई**

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

टिब्बी थाना पुलिस ने दस किलोग्राम पोस्त बरामद कर बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश संगरिया पुलिस को सुपुर्द की गई है। जानकारी के अनुसार टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार रात्रि को टिब्बी से संगरिया रोड स्थित घग्घर नदी के पुल पर नाकाबंदी कर रखी थी। नाकाबंदी के दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस की



नाकाबंदी देखकर बाइक सवार घबरा गए। चालक ने बाइक को वापस मोडने का प्रयास किया तो पुलिस ने शक होने पर इन्हें काबू कर लिया। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से दस किलोग्राम डोडा पोस्त मिला। पुलिस ने पोस्त बरामद कर मौके से हरप्रीत सिंह (23) पुत्र बेअंत सिंह जटसिख निवासी वार्ड 23, टिब्बी व सनमदीप सिंह (24) पुत्र चंचल सिंह जटसिख निवासी तारासिंहवाली ढाणी, टिब्बी को गिरफ्तार कर लिया। पोस्त तस्करी में इस्तेमाल बाइक जब्त की। जांच संगरिया पुलिस थाना के एसआई प्रमोद सिंह कर रहे हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी जगदीश पाण्डर, हैड कांस्टेबल बूटासिंह, कांस्टेबल पवन कुमार, श्रवण कुमार व अमरजीत शामिल रहे।

# पुलिस दिवस पर 49 कार्मिकों को अति उत्तम और उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान

## पुलिस लाइन में शानदार परेड और प्रदर्शनी का आयोजन, अतिथियों द्वारा पौधारोपण





तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

राजस्थान पुलिस दिवस पर आज स्थानीय पुलिस लाइन में शानदार परेड और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस मौके पर जिला पुलिस के 49 कार्मिकों को अति उत्तम सेवा चिन्ह और उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। पुलिस लाइन में अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। हवलदार संजीव गौतम, सुभाष चंद्र और टोरमल, सिपाही रामप्रकाश मीणा, रामनिवास, कानाराम, लाल सिंह सोमरा, दिनेशचंद्र मीणा, रमेश कुमार, सरोज कुमारी हरविंदर सिंह तथा ओमप्रकाश को वर्ष 2023 में अपना कार्य कुशलतापूर्वक करने के लिए अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। इसी प्रकार हवलदार गोविंद सिंह ढोली, सिपाही पवन कुमार, मंजू, दान सिंह मीणा, राजेश कुमार, बलराज, अशोक कुमार, सुभाषचंद्र बिश्नोई, बनवारीलाल, जसवीर सिंह, कृष्ण गोपाल, देशराज मीणा, सावित्री, प्रियंका, अनीता, दिनेश कुमार, जसवीर सिंह, प्रेमलाल, सुखदीप कौर, सुरेंद्र बिश्नोई, कमलदीप, राजाराम, अमनप्रीत सिंह, इंद्रपाल, संजय मीणा, सुभाषचंद्र योगी, दिनेश कुमार, चंद्रपाल, सतपाल, मलकीत सिंह, कुलविंदर सिंह,सतपाल सिंह, कुशाल कुमार, मामराज, रानी देवी, विजय सिंह तथा संदीप कुमार को भी वर्ष 2023 के लिए उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए।इससे पहले पुलिस लाइन मैदान में शानदार परेड का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली ली। परेड का नेतृत्व तब पुलिस लाइन प्रभारी इंस्पेक्टर हरिसिंह ने किया। यातायात पुलिस के नवाचार आदर्श ट्रैफिक जोन, ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत जन जागरण और नशे के खिलाफ की गई कार्यवाहियों सहित पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर लोक बंधु, बीएसएफ के डीआईजी सत्येंद्र गिरी, असिस्टेंट प्रोबोट मार्शल एयरफोर्स आशुतोष, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक (शहर) बी. आदित्य, प्रशिक्षु आईपीएस विनय कुमार, कॉलोनाइजर मुकेश शाह, आशीष गुप्ता, टांटिया यूनिवर्सिटी के मोहित टांटिया, वरिष्ठ समाजसेवी मूलचंद गेरा, विकास सिहाग, व्यापारी नेता कृष्ण मील, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक और सभापति गगनदीप कौर आदि अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण भी किया। बलदेवसिंह बराड़, मधुसूदन बिहाणी और रामकुमार गैदर आदि लोग भी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण यह कार्यक्रम 16 अप्रैल को आयोजित नहीं किया जा सका। विगत 10 जून से तीन दिवसीय स्थापना दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन पुलिस थानों में साफ सफाई अभियान चलाया गया। अगले दिन 11 जून को पुलिस कर्मियों द्वारा दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के लोग भी शामिल हुए।

# राजस्थान शिक्षक संघ की शिक्षक समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री से हुई वार्ता

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधिमंडल ने 40 सूत्रीय मांग पत्र के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री और राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के संगठन मंत्री घनश्याम और प्रदेशाध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करणा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिक्षक समस्याओं को लेकर वार्ता हुई। संगठन के प्रतिनिधि मण्डल मे महेंद्र कुमार लखारा, प्रदेश महामंत्री, सम्पत सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और श्रीमती अरुणा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा भी वार्ता मे सहभागी रहे। प्रदेशाध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करणा ने बताया कि वार्ता मे शिक्षा मंत्री के समक्ष संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने अपने 40 सूत्रीय मांग पत्र के साथ शिक्षकों की समस्याओं से शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया। पुष्करणा ने बताया कि विद्यालयों मे बाल गोपाल दुग्ध योजना के तहत दिये जाने वाले दुग्ध पाउडर के स्थान पर अन्य व्यवस्था जैसे मिलेटस प्रोडक्ट अथवा दुग्ध की व्यवस्था करने, पीडी मद के शिक्षको के वेतन बजट हेतु एकमुश्त बजट आवंटित करते हुए वेतन भुगतान की व्यवस्था सीधे कोष कार्यालय से करने न्यायालय के माध्यम से शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति में ग्रीष्मावकाश अवधि को सेवा अवधि की गणना में सम्मिलित कर वित्तीय परिलाभ देने हेतु ऐसे प्रकरणों पर निर्णय दिए गए हैं तथा निर्णयानुसार सरकार द्वारा 1994 से 1998 के मध्य नियुक्त शिक्षकों को राहत दी है लेकिन जो शिक्षक न्यायालय नहीं जा पाए हैं उनको भी राहत देते हुए समान प्रकृति के प्रकरणों के निस्तारण हेतु समान आदेश सरकार से जारी करने, लंबित चल रहे एसीपी. एमएसीपी एवं जांच प्रकरणो को शिविर लगाकर निस्तारण करने, एसीपी, एमएसीपी के लिए केवल संस्था प्रधान द्वारा सेवा संतोषजनक का प्रमाण पत्र लेकर ही स्वीकृत करने व एपीआर प्रतिवर्ष देने के बाद बार-बार नहीं मांगने पर सहमति बनी। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि वार्ता मे संविदा शिक्षकों को नियमित करने, वरिष्ठ प्रबोधक और आरपीएससी से चयनित शिक्षकों साहित सभी संवर्गों की वेतन विसंगति को दूर करने, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की समीक्षा हेतु समिति बनाने, नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापकों और व्याख्याताओं के पद सृजित करने, नव-क्रमोन्नत विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक/योग शिक्षक का पद सृजित करने, सितम्बर माह तक शिक्षकों के सभी संवर्गों यथा संयुक्त निदेशक से प्रारंभ करते हुए तृतीय श्रेणी तक पदोन्नति करते हुए 30 सितम्बर तक पदस्थापन देने, शिक्षकों के समस्त संवर्गों के स्थाननांतरण करने, माध्यमिक शिक्षा मे स्टाफिंग पैटर्न करने, संस्कृत शिक्षा में भी पदो की पुनर्समीक्षा करने, सामान्य शिक्षा में तृतीय भाषा के सृजित पदों की भी पुनः समीक्षा करने, विद्यालयों में सहायक कर्मचारी की नियुक्ति करने तथा नियुक्ति नहीं होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में नरेगा में कार्यरत कार्मिकों के माध्यम से समस्या का समाधान करने, तथा शहरी क्षेत्र में कुछ निश्चित राशि की व्यवस्था करने, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यो से मुक्त करने, ऑनलाइन कार्य पूर्णतः बंद करने, शाला दर्पण पर उपलब्ध सूचनाये बार बार नहीं मांगने, विभाग में पदस्थापन हेतु प्रचलित काउन्सलिंग पद्धति मे समस्त रिक्त पदस्थान 48 घण्टे पूर्व प्रदर्शित करने, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में प्राथमिक कक्षाएं शुरू करने एवं साक्षात्कार से शिक्षकों की नियुक्ति करने, मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना पुनः प्रारम्भ करवाने, योग, सूर्यनमस्कार, वर्ष प्रतिपदा हेतु संदर्भ व्यक्ति कार्यशाला, शिक्षक गोष्ठी, सेमीनार आदि का जिला स्तर तक प्रशिक्षण के आयोजन की योजना बनाने पर शिक्षा मंत्री ने सहमति व्यक्त की और समयबद्ध कार्यक्रम तय करने का आश्वासन दिया। प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने वार्ता में कम्प्युटर शिक्षकों के नवीन पद सृजन, बेसिक कम्प्युटर अनुदेशकों, वरिष्ठ कम्प्युटर अनुदेशकों और कम्प्युटर शिक्षकों को केंद्र के समान वेतन देने की मांग पर सहृदयतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया तथा शारीरिक शिक्षकों के समस्त उच्च प्राथमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापन और पदोन्नति हेतु छात्र संख्या की अनिवार्यता समाप्त करने तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय में सभी विषयाध्यापकों की तरह एक पद द्वितीय श्रेणी का पद सृजित करने पर सहमति दी। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत्त सिंह ने बताया कि अधिकारी स्तर पर संगठन की वार्ता आयोजित करवाने, टीएसपी से नॉन टीएसपी में कुछ शिक्षकों को माननीय न्यायालय के निर्णय से स्थानांतरित कर दिया गया है परंतु 200 शिक्षकों को अभी भी कार्य मुक्त नहीं किया गया है, उन्हे कार्य मुक्त करवाते हुए वरिष्ठ अध्यापक एवं शारीरिक शिक्षकों को भी कार्य मुक्त करने पर सहमति व्यक्त की। पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक मुक्त गांव और नशा मुक्त गांव को बढ़ावा देने मे सक्रियता से भागीदारी निभाने वाले शिक्षकों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत करने पर विचार करने, नवगठित जिलों में विकल्प के आधार पर जिला परिवर्तन पर वरिष्ठता को विलोपित नहीं करने, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में वर्तमान नियमानुसार दो विषयों में अनुपस्थित रहने पर पूरक परीक्षा का प्रावधान है लेकिन किसी एक विषय के साथ अगर संस्कृत शिक्षा विषय में अनुपस्थित रहने पर अनुत्तीर्ण घोषित करने के नियमों में बदलाव करने हेतु विचार करने का आश्वासन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा, डॉ.अरुणा शर्मा ने बताया कि आरकेएसएमबीके मूल्यांकन प्रक्रिया को तत्काल बंद करने तथा विभाग के विभिन्न आरईआई पार्टनर्स द्वारा कार्यक्रम का थर्ड पार्टी असेस्मेंट को तत्काल बंद करवाने, प्रयोगशाला सहायक व कंप्युटर शिक्षक को सेवा काल में तीन पदोन्नति का अवसर प्रदान करने के साथ ही कंप्युटर शिक्षा को अनिवार्य करने तथा प्रत्येक पीईईओ विद्यालय पर द्वितीय श्रेणी पुस्तकालयाध्यक्ष का पद का सृजित कर नियुक्ति/पदोन्नति देने सहित कई मांगों पर अपनी सहमति दी। उक्त मांगो के जल्द से जल्द सत्र प्रारंभ होने से पूर्व संपादित करने को लेकर हनुमानगढ़ जिले से प्रतिनिधी मंडल ने प्रदेश पदाधिकारियों से वार्ता कर ज्ञापन दिया था, संगठन के सकारात्मक परिणाम के लिए जिला मीडिया प्रभारी ने आभार जताया।

# निर्णायक-कठोर कदम उठाने का निर्देश केन्द्र सरकार को देने की मांग

» विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं का जिला कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर हमला करने की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केन्द्र सरकार को निर्देश देने की मांग की। बजरंग दल के आशीष पारीक ने बताया कि 9 जून को जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों की ओर से कायराना हमला किया गया। इस हमले में निर्दोष 10 हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए। यह घटना सम्पूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत और तीव्र आक्रोश में है। बजरंग दल विभाग संयोजक कुलदीप शेखावत ने कहा कि जम्मू कश्मीर लम्बे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जग्गी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिन्दू को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश की नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य कर इस्लामी आतंकवादियों ने देश की सम्प्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल मारे गए हिन्दू तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने इस कायराना कृत्य पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केन्द्र सरकार को निर्देश दिया जाए। साथ ही इस प्रकार के तत्वों को संरक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों पर भी कठोरता से कार्रवाई हो, ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने की मांग की। इस मौके पर विहिप जिला मंत्री कृष्ण गेदर, महेन्द्र शर्मा, मोहित, विनोद, सुभाष सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्टे हटने के बावजूद विभाग दूर नहीं कर रहा मोघे की खामी

» आक्रोशित किसानों ने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

एसएसडब्ल्यू नहर के मोघे का साइज सही नहीं होने की वजह से टेल तक सिंचाई के लिए पूरा पानी नहीं पहुंच रहा। इस समस्या से परेशान बहलोलनगर के किसानों ने बुधवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी के बैनर तले जल संसाधन विभाग उत्तर संभाग हनुमानगढ़ के मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसान ज्ञापन सौंपने चैंबर में गए तो मुख्य अभियंता वहां नहीं मिले। इससे गुस्साए किसानों ने मुख्य अभियंता के चैंबर में ही धरना लगाते हुए काफी देर तक नारेबाजी की। कुछ समय बाद मुख्य अभियंता, किसानों के बीच पहुंचे और उनकी बात सुनी। किसानों का कहना था कि एसएसडब्ल्यू के मोघा संख्या 20 का साइज सही नहीं है। इस वजह से टेल के किसानों को पूरा पानी नहीं मिल रहा। इस मौघे पर काफी समय से कोर्ट का स्टे चल रहा था जो डेढ़ माह पूर्व हट चुका है। लेकिन प्रशासन किसानों की जायज मांग नहीं सुन रहा। डीवाईएफआई के प्रदेश महासचिव जगजीत सिंह जग्गी ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते मोघे का लेवल सही करवा कर टेल के किसानों के खेतों तक पूरा पानी नहीं पहुंचाया गया तो संगठन पीड़ित किसानों को साथ लेकर बेमियादी धरना-प्रदर्शन करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन लोहरा ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की प्रभावशाली किसानों के साथ मिलीभगती की वजह से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा के प्रहलाद ने बताया कि कई सालों से 20 एसएसडब्ल्यू नहर के मोघे का स्टे चल रहा था। डेढ़ माह पूर्व स्थगन आदेश हटने के बाद भी विभाग मोघा दुरुस्त करने में आनाकानी कर रहा है। इससे टेल के किसानों में भारी रोष है। अगर टेल पर पूरा पानी नहीं पहुंचा तो संघर्ष तेज किया जाएगा। किसानों की बात सुनने के बाद मुख्य अभियंता अमरजीत मेहरड़ा ने तुरंत प्रभाव से एक्सईएन के नेतृत्व में तीन अधिकारियों की कमेटी बनाई। कमेटी सदस्यों को पुलिस जाप्ते के साथ मौके के लिए रवाना किया। इस पर आक्रोशित किसान शांत हुए। इस मौके पर वेद मक्कासर, आदराम नायक, इकबाल सिंह, रणवीर गोदारा, देवेंद्र मूंड, रतिराम, राजूराम, शेराराम, जीतराम, गगनदीप, गुरविन्द्र सिंह, गोपीराम, सुखासिंह, राजवीर सिंह सहित कई अन्य किसान मौजूद थे।

## अफीम बरामदगी प्रकरण में वांछित युवक गिरफ्तार

» एक किलो आठ सौ ग्राम अफीम बरामदगी का मामला



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** टाउन थाना पुलिस ने सूरतगढ़ निवासी युवक के कब्जे से एक किलो आठ सौ ग्राम अफीम बरामदगी के प्रकरण में सफलता हासिल करते हुए वांछित आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया वांछित आरोपी भी सूरतगढ़ का निवासी है। जांच अधिकारी टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि थाना की एसआई रचना बिश्नोई के नेतृत्व में टीम सोमवार देर शाम को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम हनुमानगढ़ से रावतसर मेगा हाइवे रोड पर स्थित स्वामी विवेकानन्द कॉलेज के पास, रोही चक 14 केएसपी पुलिया पर पहुंची तो वहां खड़ा एक युवक छिपने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर युवक को पकड़कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से मिले पिट्ठू बैग में एक किलो आठ सौ ग्राम अफीम बरामद हुई। टीम ने मौके से महावीर (26) पुत्र कृष्णलाल जाट निवासी वार्ड नौ, रामदेव मंदिर के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। अनुसंधान के दौरान प्रकरण में संलिप्तता सामने आने पर वांछित आरोपी दलीप कुमार (35) पुत्र राजाराम बिश्नोई निवासी अमरपुरा जाटान हाल वार्ड 10, रामदेव मंदिर के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अनुसंधान जारी है।

## तलवार सहित घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

» माता-पिता को मारने की दे रहा था धमकी

**हनुमानगढ़।** हाथ में तलवार लेकर माता-पिता को मारने की धमकी दे रहे एक युवक को जंक्शन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एएसआई जयसिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम सुबह थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम दो केएनजे पहुंची तो दूरभाष के जरिए सूचना मिली कि गांव मक्कासर के वार्ड 11, गली नम्बर 7 में राधा कृष्ण कुम्हार निवासी मक्कासर हाथ में तलवार लिए घूम रहा है। वह अपने माता-पिता को मारने की धमकी दे रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गांव मक्कासर के वार्ड 11 में राधा कृष्ण के मकान के नजदीक पहुंची तो एक लड़का हाथ में लोहे की धारदार तलवार लिए खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उक्त युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसकी पहचान राधा कृष्ण (27) पुत्र मनीराम कुम्हार निवासी गली नम्बर 7, वार्ड 11, मक्कासर के रूप में हुई। पुलिस ने तलवार जब्त कर मौके से राधा कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश एएसआई कृष्णलाल के सुपुर्द की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई जयसिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार व सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## पिता ने बेटी-दोहिते की मानव तस्करी का जताया अंदेशा

**हनुमानगढ़।** मानव तस्करी का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने एवं पुत्री व दोहिते को बरामद करने की मांग के संबंध में एक व्यक्ति ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। टिब्बी तहसील के एक गांव निवासी प्रौढ़ ने बताया उसकी पुत्री अपने पति के साथ अनबन होने की वजह से उसके पास निवास कर रही थी। उसके घर छिन्द्रसिंह पुत्र सुरजीत सिंह रायसिख निवासी थेड़ खोड़ा वाला ग्राम पंचायत रानीखेड़ा तहसील टिब्बी का आना-जाना था। छिन्द्रसिंह उसकी पुत्री पर बुरी नजर रखता था। इसका पता चलने पर उसने छिन्द्रसिंह को अपने घर में आने से मना कर दिया। साथ ही इस संबंध में सूरेवाला पुलिस चौकी में 18 मार्च को छिन्द्रसिंह के खिलाफ प्रार्थना-पत्र सौंपा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस वजह से छिन्द्र सिंह के हौसले बुलंद हो गए। छिन्द्रसिंह 27 मई को उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसके दोहिते को भी साथ ले गया। छिन्द्रसिंह के इस कार्य में सीमा निवासी तंदूरवाली कैंचियां, सीमा के लड़के, कैलाश कौर निवासी बशीर ने सहयोग किया। उसने उसी दिन सूरेवाला पुलिस चौकी में प्रार्थना-पत्र सौंपा था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। छिन्द्रसिंह शातिर दिमाग व अपराधी किस्म का व्यक्ति है जो उसकी पुत्री व दोहिते को आगे बेच सकता है। ऐसी सूरत में उसकी पुत्री व दोहिते की जान खतरे में है। प्रौढ़ ने एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन के जरिए उसकी पुत्री व दोहिते को तुरंत प्रभाव से बरामद कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

## बचपन, शिक्षा-स्वास्थ्य को छीन लेता है बालश्रम

» विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन की पालना में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना ने नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना के तहत यू टर्न नशा मुक्ति केन्द्र पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सचिव शिवचरण मीना ने केन्द्र में इलाज ले रहे मरीजों को बताया कि नशा सिर्फ शरीर पर ही बुरा असर नहीं डालता, बल्कि इससे मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। विशेष प्रकार की नशीली दवाइयों के इस्तेमाल से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़ों की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल धूम्रपान करने वालों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वो लोग भी इसके खतरे में हैं, जो धुएं के संपर्क में आते हैं। उन्हें भी हृदय रोग, श्वसन के साथ कुछ खास तरह के कैंसर प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने 12 जून को मनाए जाने वाले विश्व बालश्रम निषेध दिवस के संबंध में कहा कि यह दिन बाल श्रम के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया भर में लाखों बच्चे कारखानों, खेतों और घरों में खतरनाक परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं। बाल श्रम इन बच्चों के बचपन, शिक्षा और स्वास्थ्य को छीन लेता है। उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित करता है।

इस दिवस के माध्यम से सरकारों, संगठनों और आम जनता को बाल श्रम के उन्मूलन के लिए साथ आने का आह्वान किया जाता है। इसके अलावा सचिव शिवचरण मीना ने राजकीय जिला चिकित्सालय स्थित वन स्टॉप सखी सेंटर का निरीक्षण किया। ततपश्चात बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की प्री काउंसलिंग का आयोजन एडीआर भवन में किया गया।

## मोटर की मरम्मत करने ट्यूबवेल में उतरे मिस्त्री की जहरीली गैस चढ़ने से मौत, दो व्यक्ति बाल-बाल बचे

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में तलवाड़ा थाना क्षेत्र में हरियाणा सीमा से लगते गांव की खिनानिया के खेत में काफी समय से बंद गहरे कुएं में मोटर की मरम्मत करने के लिए उतरे एक मिस्त्री की जहरीली गैस चढ़ने से मौत हो गई। दो अन्य व्यक्ति बाल बाल बच गए। पुलिस के अनुसार खिनानिया गांव में भोजाराम जाट के खेत में लगभग 70- 80 फुट गहरा कुआं बना हुआ है, जो कई दिनों से बंद था।खेत मालिक कुएं को फिर शुरू करना चाहता था। कल मंगलवार सुबह की खिनानिया निवासी मोटर मैकेनिक रामकुमार सुथार कुएं में नीचे की तरफ लगी मोटर और पंखा को ठीक करने के लिए उतरा तो वह काफी देर तक ऊपर नहीं आया। कुएं पर मौजूद लोगों द्वारा आवाज लगाने पर भी प्रति उत्तर में कोई आवाज नहीं आई तो उनको शक हुआ। पुलिस के अनुसार एक अन्य व्यक्ति को कुएं में उतारा गया तो वह भी नीचे पहुंचने पर बेहोश हो गया। इस पर एक और व्यक्ति को कुएं में उतारा गया,जिसने बेहोश हुए व्यक्ति को रस्सी से बांधा और उसे खींचकर बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान जिस व्यक्ति ने रस्सी बाधी वह भी बेहोश होने लगा। पुलिस के अनुसार गांव वालों से जैसे ही इस घटना की सूचना मिली तुरंत हरियाणा के निकटवर्ती सिरसा जिले के ऐलनाबाद उप शमंडल के प्रशासन से सहायता मांगी गई।वहां के प्रशासन ने एक रेस्क्यू टीम को खिनानियां गांव के लिए तत्काल रवाना कर दिया गया।इस बीच कुछ समझदार व्यक्तियों ने कुएं के तल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए आसपास में हरे पेड़ों की टहनियों व छोटी शाखों को काटकर कुएं में फेंका ताकि ऑक्सीजन को सामान्य किया जा सके। इसी बीच रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई। टीम ने सबसे पहले कुएं में मिस्त्री रामकुमार को देखने के लिए उतरे दूसरे व्यक्ति को बाहर निकाला, जिस गांव वालों ने तुरंत ही ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हो गया। इस व्यक्ति को रस्सी बांधने वाले पर भी जहरीली गैस का असर हुआ लेकिन वह कुछ ही देर में सामान्य हो गया। मिस्त्री रामकुमार को भी रेस्क्यू टीम ने निकाला और ऐलनाबाद सरकारी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई रोशनलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। जांच अधिकारी एएसआई हंसराज ने बताया कि भोजराज जाट के खेत में कुआं 70- 80 फुट गहरा है,जिसमें ऊपर से पानी भी दिखाई देता है। कुआं काफी समय से बंद पड़ा था। इन दोनों अत्यधिक गर्मी पडने के कारण कुएं के निचले हिस्से में जहरीली गैस उत्पन्न हो गई थी। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

## केन्द्रीय विद्यालय में समर कैंप सम्पन्न




**हनुमानगढ़।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़ में दिनांक 5 से 12 जून तक इको क्लब के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ प्राचार्य रामचंद्र देहड़ु द्वारा 5 जून को किया गया। इस कार्यक्रम का विषय 'इको क्लब फॉर मिशन लाइव' था । सात दिवसीय कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। आज कैम्प के अंतिम दिवस पर कार्यवाहक प्राचार्य गोपाल सैवलिया ने शिक्षकों को पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली जीने की प्रतिज्ञा दिलवाई तथा विभिन्न गतिविधि प्रभारियों मनीष सोनी, दीपक जांगिड़, दयाराम, नरेश कुमार, सीताराम तथा साथ ही इको क्लब प्रभारी ईश्वर लाल जल का धन्यवाद किया।

## यूटीबी कार्मिकों ने की सेवा अभिवृद्धि की मांग

» मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



यूटीबी कार्मिकों ने सेवा अभिवृद्धि व सीएसआर रूल्स में शामिल करवाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। इस संबंध में यूटीबी कार्मिकों ने बुधवार को राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन के बैनर तले मुख्यमंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी और उससे पूर्व समय से वित्तीय स्वीकृति अथवा रिक्त पदों पर नियमित भर्ती से नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो तक निर्धारित स्वीकृत दरों पर सरकार के निर्देशानुसार यूटीबी कार्मिक (चिकित्सा अधिकारी, जीएनएम, फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, लैब सहायक, रेडियोग्राफर) सेवाएं देते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान में मौसमी बीमारियों का प्रकोप है और हजारों की संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। इन रिक्त पदों पर यूटीबी कार्मिक ग्रामीण स्तर तक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राजस्थान में कार्यरत सभी यूटीबी कार्मिकों की सेवाएं 30 जून को समाप्त होने जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि रिक्त पदों पर स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति होने तक यूटीबी कार्मिकों की भूमिका एवं कार्य को देखते हुए उनकी सेवाएं निरंतर जारी रखते हुए 31 मार्च 2025 तक सेवा अभिवृद्धि की जाए। यूटीबी कर्मचारियों को हटाने की बजाए जिले में रिक्त स्थानों पर लगाया जाए। इस मौके पर प्रमोद, लालचन्द सहित कई यूटीबी कार्मिक मौजूद थे।

## सहकार दुर्घटना बीमा योजना में पांच लाख का भुगतान




तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा नोहर के खाता धारक और ओंकार मल पुत्र भागीरथ निवासी फेफाना के द्वारा फेफाना ग्राम सेवा सहकारी समिति से ऋण लिया गया था। दुर्घटना में इनका पैर कट जाने के कारण सहकार दुर्घटना बीमा योजना में बैंक के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार मीणा, प्रबंधक ऋण सीमा सोलंकी एवं शाखा प्रबंधक विनोद कुमार अमरोया के प्रयासों से इनको इस योजना के अंतर्गत 500000 का क्लेम का भुगतान किया गया। खाताधारक ओंकारमल ने सभी अधिकारीगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बैंक की योजनाओं की सराहना की।

## रियासी में टेरर अटैक के बाद... 20 संदिग्ध हिरासत में

नई दिल्ली। जम्मू के रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों के हमला करने के बाद अब अमरनाथ यात्रा पर खतरा मंडराने लगा है। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 29 जून से शुरु होने वाली यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी। यह देखकर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूरे राज्य के लिए सिक्योरिटी रिव्यू भी किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस-किस पॉइंट पर कितना खतरा है और वहां किस स्तर की सिक्योरिटी की जरूरत है। रियासी बस अटैक मामले में पुलिस ने 20 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शक है कि आतंकवादियों की मदद के लिए कोई ना कोई स्थानीय शख्स भी हमले में शामिल था, जो बैक हैंड से आतंकवादियों को सपोर्ट कर रहा था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त जवानों की 11 टीमें जंगलों और पहाड़ों में फरार आतंकियों की तलाश कर रही हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले में अभी तक कोई आतंकी गिरफ्तार नहीं है। हां, 20 संदिग्ध लोगों से पूछताछ जरूर की जा रही है। मामले में बस के पीछे चल रही एक ईको कार के लापता होने और एक जीप के पीछे चलने की बात सामने आई थी।

## विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला निकला नाबालिग

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली से कनाडा जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक आरोपी को पकड़ा है मजे की बात तो यह है वह कोई शातिर अपराधी नहीं बल्कि 13 साल का नाबालिग है। दिल्ली पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में भेजा जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली पुलिस को 4 जून की रात 11-30 बजे एक ईमेल मिला। इसमें कनाडा जाने वाली फ्लाइट में बम रखे जाने की बात लिखी थी। मेल मिलते ही फ्लाइट रोक दिया गया। बाद में जांच में पता चला कि ईमेल को यूपी के मेरठ से भेजा गया था। पुलिस ने मेरठ जाकर तफ्तीश की। तब सामने आया कि इसे एक 13 साल के लड़के ने भेजा था। जांच में पता चला कि इस नाबालिग को ये आईडिया मुंबई की एक फ्लाइट में बम रखे जाने की खबर देखकर आया, उसने अपने फोन से एक फर्जी ईमेल आईडी बनाई। लड़के ने विमान को उड़ाने का ईमेल मौज-मस्ती में भेज दिया वो देखना चाहता था कि पुलिस उसका पता लगा पाती है या नहीं। अगली सुबह टीवी पर फ्लाइट में बम की खबर देखकर वो डर गया लेकिन डर के मारे उसने यह बात अपने घर वालों को भी नहीं बताई। पुलिस ने नाबालिग का फोन जब्त कर लिया है। नाबालिग की काउंसलिंग करवाई जाएगी। बता दें, दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की फ्लाइट 4 जून की रात 10 बजकर 50 मिनट पर उड़ान भरने वाली थी। उसी समय दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पुलिस स्टेशन में फ्लाइट में बम होने का धमकी भरे ईमेल के बारे में एक पीसीआर कॉल आई। इसके बाद हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया और फ्लाइट की तलाशी ली गई। जांच में कुछ नहीं यह मेल फर्जी निकाला था।

## अब अयोध्या में तैनात होंगे एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडों, राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर सरकार ने लिया फैसला

अयोध्या। यूपी के अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद रोज हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। ऐसे में अयोध्या आतंकियों के निशाने पर आ सकती है, जिसको लेकर सरकार सतर्क है इसको लेकर गृह मंत्रालय ने अब बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक अयोध्या को एनएसजी हब बनाने की तैयारी है। इससे पहले भी केन्द्र सरकार देश के कई हिस्सों में एनएसजी हब बना चुकी है। हब बनने के बाद अयोध्या में एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडों तैनात होंगे। सूत्रों के मुताबिक एनएसजी को अयोध्या में आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी अभियानों का विशिष्ट दायित्व सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या स्थित राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए पीएसी की आठ कंपनियों को यूपी एसएसएफ के हवाले की गई है। इसके अलावा अयोध्या की सुरक्षा के लिए एटीएस की भी टीम तैनात रहती है। वर्तमान समय में वीआईपी की सुरक्षा में तैनात एनएसजी को हटाकर सीआरपीएफ के जवान तैनात किए जा सकते हैं। एनएसजी से वीआईपी की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से वापस लेकर इसे सीआरपीएफ को सौंपी जा सकती है।

## प्यार में पागल युवक पाकिस्तानी प्रेमिका से मिलने पहुंचा सीमा पर , बीएसएफ जवानों ने पकड़ा, पुलिस लड़की की जुटा रही जानकारी

बठिंडा, । प्यार में लोग इतने पालग हो जाते हैं कि सुदबुध ही खो देते हैं। प्यार में आसमान से तारे तोड़ने के दावे के साथ हजारों फीट की ऊंचाई से कूदने के लिए तैयार रहते हैं। मोहब्बत की खातिर लोग सरहदों की भी परवाह नहीं करते अपना प्यार पाने हर मुश्किल का सामना करने को तैयार रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां अपने प्यार की एक झलक पाने एक शख्स भारत-पाकिस्तान सीमा पर पहुंच गया जहां बीएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया। बीएसएफ के जवानों ने उत्तरप्रदेश के रहने वाले एक युवक को पंजाब में गिरफ्तार किया है। यह युवक फाजिल्का के पास बॉर्डर पार कर रहा था तभी जवानों की नजर उसपर पड़ गई। जवानों ने तुरंत उसे पकड़ लिया और पकडे जाने के बाद युवक ने जवानों को अपनी आप बीती सुनाई। उसे सुनकर जवान हैरान रह गए। यह युवक ना स्मगलिंग कर रहा था ना ही उसका कोई गलत इरादा था। ये तो अपनी पाकिस्तान में रहने वाली प्रेमिका से मिलने जा रहा था। मूलरुप से उत्तरप्रदेश का रहने वाला जुनैल अभी पंजाब के बठिंडा के कोटफत्ता में रहता है। वह स्क्रैप खरीदने का काम करता है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर उसकी पहचान पाकिस्तान में रहने वाली एक लड़की से हो गई। दोनों बातचीत करने लगे, धीरे-धीरे उनके बीच प्यार हो गया और अब ये प्यार परवान चढ़ गया है। अब दोनों मिलने का इंतजार कर रहे थे। जुनैल ने बताया कि उसने रातभर प्रेमिका बात की और सुबह सुबह अपनी पाकिस्तानी प्रेमिका से मिलने के लिए बॉर्डर पार करने का फैसला किया। वह घर से बॉर्डर पर पहुंचा वहां बीएसएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पूछताछ में उसने प्रेमिका से मिलने जाने की बात कुबूल की। अब पुलिस युवती के बारे में भी पता लगा रही है कि वह कौन है।

## अगले साल से आसान होगी चारधाम यात्रा....रेलवे का प्लान तैयार

नई दिल्ली । अगले साल से चारधाम की यात्रा आसान होगी। श्रद्धालुओं को बसों के थकाऊ सफर से राहत मिलेगी। भारतीय रेलवे ने इसका पूरा प्लान बना लिया है। इससे न केवल चारधाम के श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि उत्तराखंड के तमाम शहरों की कनेक्टीविटी बढ़ेगी। यह रेल लाइन प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष?णव को दुबारा रेलमंत्री बनने से रेलवे लाइन का समय से पूरा होना तय माना जा रहा है। भारतीय रेलवे के निदेशक इनफॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी शिवाजी मारुति सुतार ने बताया कि कुल ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक 125 किमी लंबा है। इस लंबी रेल लाइन का काम अगले साल पूरा हो जाएगा। इस पूरे रूट पर 105 किमी. ट्रैक टनल पर है। 70 फीसदी से अधिक टनल का निर्माण हो चुका है। वहीं, श्रीनगर गढ़वाल, गोचर और कालेश्वर में रेलवे स्टेशनों को जोड़ने के लिए मोटर पुलों का निर्माण हो चुका है। यह प्रोजेव?ट देश सबसे अनूठा है, व?योंकि इसमें सबसे लंबी रेलवे टनल बन रही है, जिसकी लंबाई 14.58 किमी है। रेलवे के अनुसार ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक 125 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन में 105 किमी लाइन 16 मुख्य टनल से होकर गुजरेगी। इन टनल के अलावा 12 निकास टनल और क्रास पैसेज भी हैं, जिन्हें मिलाकर टनल की कुल लंबाई 213 किलोमीटर है। इसमें से 160 किलोमीटर में खुदाई का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही इन टनल में ट्रैक बिछाने का कार्य भी शुरू होगा। इस रेल लाइन के ट्रैक मेट्रो रेल जैसे बनाए जाएंगे। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन देहरादून, टिहरी, गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमौली जिलों से होकर गुजरेगी। रेल लाइन बनने से चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। इसके अलावा स?थानीय लोगों को राज्य के दूरदराज के इलाकों में ट्रेन कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। इस तरह लोग सीधे कर्णप्रयाग तक ट्रेन से जा सकते है।

# भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश कर रहे थे पीएफआई के सदस्य, हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2022 में प्रतिबंधित आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ कथित संबंधों और सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने के आरोप में महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और श्याम चांडक की खंडपीठ ने अपने अवलोकन में कहा कि आरोपियों ने 2047 तक भारत को एक इस्लामिक राष्ट्र में बदलने की साजिश रची। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि प्रथम दृष्ट्या सबूत आरोपियों के खिलाफ थे, अदालत ने रज़ी अहमद खान, उनैस उमर खैय्याम पटेल और कय्यूम अब्दुल शेख की जमानत याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि पहली सूचना रिपोर्ट स्वयं स्पष्ट है। उन्होंने 2047 तक भारत को एक इस्लामिक देश में बदलने की साजिश रची। वे न केवल प्रचारक हैं बल्कि सक्रिय रूप से अपने संगठन (पीएफआई) के विजन 2047 दस्तावेज़ को लागू करने का इरादा रखते हैं। अदालत ने कहा कि आरोपियों ने समान विचारधारा वाले लोगों को भी अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए अपने



साथ शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पीठ ने कहा कि पर्याप्त सबूत हैं कि अपीलकर्ताओं ने, अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ मिलकर, व्यवस्थित रूप से ऐसी गतिविधियाँ की हैं जो राष्ट्र के हित और अखंडता के लिए हानिकारक हैं।

## पहली बार मुसहर समाज को पीएम मोदी ने दिया सम्मान

गया। केंद्र की एनडीए सरकार में गया सांसद जीतनराम मांझी को कैबिनेट मंत्री बनाने और एमएसएमई मंत्रालय दिए जाने से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के लोगों में हर्ष है। हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नन्दलाल मांझी ने कहा कि समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मांझी महादलित परिवार को सम्मान मिला है जिसे दशकों से दूर रखा गया। जीतन राम मांझी अपनी प्रतिभा की बदौलत जीवन में आगे बढ़े हैं, जिसका उचित सम्मान पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार मुसहर महादलित परिवार, दशरथ मांझी के वंशज को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। यह केवल मुसहर समाज के लिए बल्कि गयावासियों के लिए भी गर्व की बात है। इससे पहले गया से जीतने वाले एक भी सांसद इस मुकाम तक नहीं पहुंचे। इसकी खास वजह यही रही कि जीतन मांझी ने गरीबों के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई है। हर समय जीतनराम मांझी ने संविधान के तहत संघर्ष किया और गरीबों की हक की मांग की। इससे नई पीढ़ी को काफी सीखने को मिलेगा। पार्टी व समाज के लोगों का कहना है कि जीतन राम मांझी को कैबिनेट मंत्री बनाया इससे प्रदेश के महादलित मुसहर समाज का मान सम्मान बढ़ा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मुसहर समाज को सम्मान दिया है। लोगों का कहना है कि मुसहर समाज भी आने वाले दिनों में और जागरूक होगा और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगा।

# तेजी से आगे बढ़ रहा मानसून.... कई राज्यों में लू की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मानसून गुजरात के कुछ हिस्सों, महाराष्ट्र और तेलंगाना के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा वर्तमान में नवसारी, जलगांव, अकोला, पुसाद, रामागुंडम, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम और इस्लामपुर से होकर गुजर रही है। अगले 48 घंटों के दौरान तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर असम और पड़ोस पर स्थित है।

आईएमडी के मुताबिक इसके कारण अगले 7 दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय,



नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। अगले 5 दिनों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट से लेकर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है और उसके बाद इसमें वृद्धि होगी। अगले 5 दिनों के दौरान मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-60 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट से लेकर हल्की से बारिश होने का अनुमान है। वहीं अगले 3 दिनों के दौरान कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल और माहे, लक्षद्वीप में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट से लेकर काफी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू संभाग, पूर्वी मध्य प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा के कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना है। 11 से 14 जून के दौरान पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के गंगा के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में लू से लेकर गंभीर लू की स्थिति और 15 जून को छिटपुट लू की स्थिति रहने की संभावना है।

## शिवराज सिंह चौहान के विरोध में उतरा संयुक्त किसान मोर्चा, मंदसौर में छह किसानों की हत्या के लिए ठहराया जिम्मेदार

(एजेंसी)। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय शिवराज सिंह चौहान को आवंटित करने के एनडीए सरकार के फैसले का विरोध किया और जून 2017 में मध्य प्रदेश के मंदसौर में छह किसानों की हत्या के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। एक बयान में एसकेएम ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग द्वारा दिए गए सी2 प्लस 50 प्रतिशत फॉर्मूले पर एमएसपी, व्यापक ऋण माफी और किसानों की आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ बड़े पैमाने पर संघर्ष में भाग लेने के दौरान किसानों की हत्या की गई। एसकेएम ने यह भी घोषणा की कि उसकी आम सभा की बैठक 10 जुलाई को दिल्ली में होगी जिसमें पूरे भारत से घटक किसान संगठनों के नेता शामिल होंगे। एसकेएम ने कहा कि यह निर्णय 2014 और 2019 के पूर्व शासनकाल में भाजपा के पूर्ण बहुमत के साथ प्रदर्शित अहंकार और असंवेदनशीलता का प्रतीक है। इससे देश भर के किसानों और ग्रामीण



लोगों में गुस्सा पैदा हुआ है। जून 2017 में मध्य प्रदेश के मंदसौर में किसानों के एक समूह पर पुलिसकर्मियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों द्वारा की गई गोलीबारी में छह किसानों की मौत हो गई थी। एसकेएम, जिसने अब रद्द किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, ने कहा कि एनडीए सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में गंभीर कृषि संकट और किसानों की आत्महत्या या एमएसपी पर लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए कोई निर्णय नहीं लिया। पीएम किसान सम्मान निधि में ?20,000 करोड़ का बकाया जारी करने के नाम पर जो प्रचार किया जा रहा है, वह एक मौजूदा योजना है जिसमें प्रति किसान परिवार को औसतन ?500 प्रति माह की राशि अपर्याप्त है।

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा की बढ़ी मुश्किलें, सीआईडी ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यह उनकी चौथी उपस्थिति होगी, क्योंकि जांच टीम उनसे पहले ही तीन बार पूछताछ कर चुकी है।

मामला मूल रूप से सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया गया। येदियुरप्पा ने आरोपों से इनकार करते हुए उन्हें 'निराधार' बताया है। 81 वर्षीय येदियुरप्पा ने 2008 और 2011 के बीच, मई 2018 में कुछ समय के लिए और फिर जुलाई 2019 से 2021 तक कई बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। 2021 में उनका इस्तीफा कई हफ्तों की अटकलों और अनिश्चितता के बाद आया।

इस साल की शुरुआत में दायर मामले में आरोप लगाया गया है कि येदियुरप्पा ने एक नाबालिग का यौन उत्पीड़न किया। शिकायत लड़की की मां ने दर्ज कराई थी, जिन्होंने दावा किया था कि घटना 2 फरवरी को हुई थी जब वे धोखाधड़ी के एक मामले में सहायता मांगने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता के पास गए थे।



येदियुरप्पा पर यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (ए) के तहत आरोप लगाया गया है। येदियुरप्पा ने अपने वकीलों के माध्यम से दिल्ली में अपनी वर्तमान उपस्थिति का हवाला देते हुए सीआईडी के सामने पेश होने के लिए एक सप्ताह की मोहलत देने का अनुरोध किया है। पूछताछ के लिए

# उप्र में ताबड़तोड़ एनकाउंटर से अपराधियों और जमीन माफियाओं में मचा हड़कंप

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आम आदमी की सबसे बड़ी समस्या गुंडागर्दी है। इन पर लगाम कसने वाली सरकार को राज्य की सफल सरकार माना जाता है। यही वजह है कि लोकसभा चुनाव परिणाम और आचार संहिता हटने के बाद यूपी की योगी सरकार सुपर एक्शन मोड में दिख रही है। बुलडोजर एक्शन के साथ ही ताबड़तोड़ पुलिस एनकाउंटर से अपराधियों और लैंड माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। चुनाव परिणाम आने के बाद से बुधवार सुबह तक पुलिस ने कुल 22 एनकाउंटर किये हैं। इनमें दो इनामी बदमाश ढेर हुए हैं, जबकि 20 से अधिक अपराधी ऑपरेशन लंगड़ा के तहत गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक जौनपुर और मुजफ्फरनगर में एक-एक इनामी बदमाश ढेर हुए हैं। जौनपुर में 5 जून को एक लाख का इनामी प्रशांत सिंह उर्फ़ प्रिंस मार गिराया गया। वह सात सालों से फरार चल रहा था। इसके अगले ही दिन मुजफ्फरनगर में भी एक एनकाउंटर हुआ, जिसमें बिहार का कुख्यात बदमाश और दो लाख रुपए का इनामी नीलेश राय ढेर हो गया। चुनाव परिणाम आने के बाद से यूपी के 13 जिलों में अब तक 22 एनकाउंटर हुए हैं। इनमे 20 से अधिक अपराधी पुलिस की गोली



लगने से घायल हुए हैं।

5 जून को ही अंबेडकरनगर में दो जो तस्कर गोली लगने घायल हुए। इसी दिन मेरठ में भी होमगार्ड से लूटपाट करने वाले दो लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों के पैर में गोली लगी। बिजनौर में भी पांच जून को प्रॉपर्टी डीलर के हत्यारे से पुलिस की मुठभेड़ हुई और पैर में गोली लगने से घायल हो गया। शामिल में भी पशु तस्करों से मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हुआ। गाजियाबाद में भी 5 और 6 जून को हुए एनकाउंटर में दो बदमाश घायल हो गए। बरेली में भी एक अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ। 6 जून को मेरठ, अलीगढ़, रामपुर, जालौन और सीतापुर में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत एक-एक अपराधी पकड़े गए। 7 जून को मुजफ्फरनगर में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए। इसी दिन लखनऊ और जालौन में हुई मुठभेड़ में भी एक-एक अपराधी को पैर में गोली लगी। 8 जून को कानपुर और मुजफ्फरनगर में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत तीन अपराधी अरेस्ट हुए। 10 जून को फर्रुखाबाद में पुलिस सिपाही को रौंदकर मारने वाले दो आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हुआ। 11 जून को रामपुर, मेरठ और अयोध्या में एक-एक अपराधी घायल हुआ है। 12 जून को कौशाम्बी और बाराबंकी में एक-एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ। वहीं बुलडोजर एक्शन की बात करें तो अवैध अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई में तेजी आई है। 4 जून के बाद से अब तक 4 बड़े बुलडोजर एक्शन हुए हैं। इनमे से लखनऊ के अकबरनगर में अवैध रूप से बसाई गई कॉलोनी के खिलाफ आज भी बुलडोजर एक्शन जारी है। प्रदेश में ही नहीं देश में सबसे बड़ा बुलडोजर एक्शन लखनऊ के अकबरनगर में चल रहा है। बुलडोजर के इस एक्स्ट्रा डोज से अवैध रूप से बसाई गई कॉलोनियों में भी दहशत देखने को मिल रही है। इसके अलावा उन्नाव, प्रयागराज आगरा में भी अवैध निर्माण के खलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की गई है।

# भागवत की नसीहत के बाद: संघ और भाजपा के बीच रिश्तों पर उठने लगे सवाल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। कहते हैं कि भाजपा की आत्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। इसे कभी अलग नहीं किया जा सकता है। इसके बाद भी संघ और भाजपा के बीच रिश्तों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसकी शुरुआत संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान से हुई जिसमें उन्होंने मणिपुर हिंसा,लोकसभा चुनाव के बयान और विपक्ष पर हमलों को रेखांकित किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय वर्ष के समापन समारोह में ऐसी बातों का खुलासा किया है, जिससे भाजपा और संघ के बीच तालमेल को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। भागवत ने बिना नाम लिए मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति की राह देख रहा है। प्राथमिकता के साथ उस पर विचार करना होगा।

संघ प्रमुख ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना होगा। सभी की पूजा का सम्मान करना है, ये मान कर चलना है कि हमारे जैसा उनका धर्म भी सच्चा है। भागवत के इन सब खुलासों के बाद मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि भाजपा और संघ के रिश्तों में कहीं न कहीं तनाव नजर आता है और संघ कई मुद्दों पर नाराज दिखाई देता है।

संघ प्रमुख यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों को युद्ध की तरह लड़ा गया। भागवत ने कहा कि जिस तरह से चुनाव में चीजें हुई हैं, उससे विभाजन होगा, सामाजिक और मानसिक दरारें बढ़ेंगी। भागवत ने कहा कि एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। इससे पहले 10 साल शांत रहा। पुराना गन कल्चर समाप्त हो गया, ऐसा लगा। और अचानक जो कलह वहां पर उपजा या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? प्राथमिकता देकर उसका विचार करना यह कर्तव्य है। भागवत ने लोकसभा चुनाव को लेकर भी राजनीतिक दलों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि दो पक्ष होने के कारण प्रतिस्पर्धा होती है। चूंकि यह एक प्रतिस्पर्धा है, इसलिए खुद को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इसमें एक गरिमा होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में तकनीक की मदद से झूठ को पेश किया गया, झूठ को प्रचारित करने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। ऐसा देश कैसे चलेगा? विपक्ष को विरोधी नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि वे विपक्ष हैं और एक पक्ष को उजागर कर रहे हैं। उनकी राय भी सामने आनी चाहिए। चुनाव लड़ने की एक गरिमा होती है, उस गरिमा का ख्याल नहीं रखा गया। ऐसा करना जरूरी है क्योंकि हमारे देश के सामने चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। वही एन.डी.ए. सरकार फिर से सत्ता में आ गई है, यह सही है कि पिछले 10 सालों में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हुई हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अब हम चुनौतियों से मुक्त हो गए हैं।

संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने इस्लाम और ईसाई धर्म को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों की अच्छाई और मानवता को अपनाया जाना चाहिए। सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे का भाई-बहन के रूप में सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आक्रमणकारी भारत आए और अपने साथ अपनी विचारधारा



लेकर आए, जिसका कुछ लोगों ने अनुसरण किया, लेकिन यह अच्छी बात है कि देश की संस्कृति इस विचारधारा से प्रभावित नहीं हुई। भागवत ने कहा कि सभी को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि यह देश हमारा है और इस भूमि पर जन्म लेने वाले सभी लोग हमारे अपने हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अतीत को भूल जाना चाहिए और सभी को अपना मानना चाहिए। भागवत ने आगे कहा कि जातिवाद को पूरी तरह से खत्म किया जाना चाहिए। बता दें कि मई 2023 से मणिपुर में दस साल की शांति के बाद हिंसा शुरू हुई थी। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा में अब तक 226 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी। पांच हजार से ज्यादा घर जलाए गए और 60 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। राज्य में 5000 घंटे इंटरनेट बंद रहा। असम के कछार और मिजोरम में मणिपुर के लोगों ने शरण ले रखी है। इस हिंसा ने एक बार फिर कुकी उग्रवादियों को पनपने का मौका दे दिया। पिछले साल जुलाई में जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो आया तो पूरा देश हिल गया।

# सब स्टैंडर्ड और मिस ब्रांड मिले खाद्य पदार्थों के 25 मामलों में न्यायालय ने लगाया दस लाख रुपए से अधिक जुर्माना

## – मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जारी है कार्रवाई, आमजन खाद्य पदार्थों के मिलावटी व अशुद्ध मामलों में करें शिकायत

तेज. रिपोर्टर| श्रीगंगानगर



मुख्यमंत्री भजनलाल एवं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सैंपल रिपोर्ट में अमानक पाए गए खाद्य पदार्थों के मामलों में अधिनियम के तहत न्यायालय की ओर से ऐसे संस्थान मालिकों को जुर्माना लगाकर दंडित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग लगातार कार्रवाई जारी रखेगा। आमजन से अपील है कि वे अशुद्ध, मिलावटी एवं अवधीपार खाद्य पदार्थ बेचने वालों की शिकायत व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर या 181 पर शिकायत दर्ज करवाएं। उन्होंने बताया कि रिको स्थित नेचर लैंड ऑर्गेनिक फूड की दाल चीनी सब स्टैंडर्ड मिलने पर सवा लाख रुपए का जुर्माना, अरोड़वंश मंदिर के पास स्थित अग्रवाल ट्रेडर्स का मिर्च पाउडर मिसब्रांड मिलने पर एक लाख रुपए का जुर्माना, इंस्ट्रियल स्टेट एरिया स्थित नरेश मसाला सप्लायर्स का गौरव ब्रांड मिर्च पाउडर मिस ब्रांड मिलने पर एक लाख रुपए, इंद्रा कॉलोनी स्थित सतपाल फेनीवाला का रुको सोयाबीन तेल सब स्टैंडर्ड मिलने पर 50 हजार रूपए, 13सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नरेश मसाला सप्लायर्स कंपनी का धनिया पाउडर सब स्टैंडर्ड मिलने पर 50 हजार रुपए, हाऊसिंग बोर्ड स्थित मैसर्स सैनिज का दही (मिक्स मिल्क) सब स्टैंडर्ड मिलने पर 20 हजार रुपए, अग्रसेननगर स्थित कृष्णा ट्रेडर्स का राज सुपर ब्रांड सरसों तेल मिस ब्रांड मिलने पर 12 हजार रुपए, नई मंडी स्थित राजू चिकन सेंटर की ग्रेवी सब स्टैंडर्ड मिलने पर 20 हजार रुपए, नेतेवाला का दूध विक्रेता उमेश कुमार पुत्र मंगलाराम के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 20 हजार रुपए, सूरतगढ़ बाईपास स्थित जय श्री ट्रेडिंग कंपनी का नील धारा ब्रांड सरसों तेल मिस ब्रांड मिलने पर 12 हजार, एसएसबी रोड़ स्थित रिंकू स्वीट हाऊस का रसगुल्ला सब स्टैंडर्ड मिलने पर 25 हजार रुपए, सात जेड स्थित गौरव डेयरी के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर आठ हजार रुपए, पुरानी आबादी ताराचंद वाटिका स्थित बिश्नोई मिल्क भंडार का देशी घी सब स्टैंडर्ड मिलने पर 25 हजार रुपए, इंदिरा कॉलोनी स्थित जेएमडी स्वीट कॉर्नर का चमचम सब स्टैंडर्ड मिलने पर 22 हजार रुपए, अरोडवंश मंदिर मार्किट स्थित राजा पनीर हाऊस का पनीर सब स्टैंडर्ड मिलने पर 25 हजार रुपए, पुरानी आबादी के रवि स्वीट एंड रबड़ी फालूदा का मिल्क केक सब स्टैंडर्ड मिलने पर 18 हजार रुपए, ताराचंद वाटिका स्थित वासन मिल्क डेयरी के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 12 हजार रुपए, चार एमएल स्थित प्रभु उषा डेयरी के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 18 हजार रुपए, आठ डीबीएन के विनोद पुत्र देवीलाल के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 16 हजार रुपए, गुमजाल के संजय कुमार पुत्र राजाराम के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 15 हजार रुपए, सागरवाला के दूध विक्रेता गोपाल सिंह पुत्र राज सिंह के गाय का दूध सब स्टैंडर्ड मिलने पर 20 हजार रुपए, रिड़मलसर स्थित अजय श्री ट्रेडर्स का श्रद्धा ब्रांड घी सब स्टैंडर्ड एवं मिस ब्रांड मिलने पर डेढ़ लाख रुपए, बींझबायला स्थित अन्नपूर्णा मिष्ठान भंडार की बर्फी मिठाई सब स्टैंडर्ड मिलने पर एक लाख 10 हजार रुपए, श्रीगंगानगर रोड़ पदमपुर स्थित शर्मा डेयरी की मीडियम फैट क्रीम सब स्टैंडर्ड मिलने पर 20 हजार रुपए, जमीतसिंह वाला सादुलशहर स्थित जसूजा किरयाना स्टोर का अर्पिता ब्रांड सरसों तेल मिस ब्रांड मिलने पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया।

**ये है कानूनी प्रावधान:** सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि अनसेफ यानी मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थ, जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 59 के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावस तक की सजा एवं एक लाख रूपए से दस लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। मिसब्रांड यानी खाद्य पदार्थ के पैकेट पर अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सूचनाएं अंकित नहीं होने पर व लेबल के मापदण्डों को पूरा नहीं करने पर धारा 52 के तहत अधिकतम तीन लाख रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सब स्टेंडर्ड यानी अधिनियम में दिए गए मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर एवं अनसेफ नहीं हो तो धारा 51 के तहत अधिकतम पांच लाख रूपए के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं मिसलीडिंग यानी खाद्य पदार्थ के पैकेट पर भ्रामक तथ्यों का उल्लेख किया हो तो अधिनियम की धारा 53 के तहत अधिकतम दस लाख रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**किए जाएंगे नाम सार्वजनिक:** सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद अब राज्यस्तरीय निर्देशानुसार ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री का नाम सार्वजनिक किया जाएगा, जो अनसेफ, सबस्टेंडर्ड या मिसब्रांड मिलेंगे। भविष्य में भी इस तरह की सूची सार्वजनिक की जाती रहेगी ताकि आमजन अशुद्ध, मिलावट व अनसेफ खाद्य पदार्थ खाने से बच सकें।

# सड़क निर्माण में नहरी पानी उपयोग मामले में सिंचाई विभाग ने लिखा पीडब्ल्यूडी को पत्र

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी


नहरी पानी की सेंधमारी: प्रतिदिन 2 टैंकरों से 90 हजार लीटर नहरी पानी सड़क पर बहा रहे

किसान पानी के लिए तरस रहे, ठेकेदार सड़क निर्माण में नहरी पानी का कर रहा उपयोग

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी

नहरी पानी के लिए किसान तरस रहे है इधर, पीडब्ल्यूडी विभागीय द्वारा फेफाना-रतनपुरा मिसिंग लिंक रोड निर्माण में किसानों के नहरी पानी की सेंधमारी कर धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जिसका किसान विरोध कर सिंचाई विभाग को सूचित कर पांबदी की मांग की है। बताते चलें कि सड़क निर्माण में दूसरी परत के लिए पत्थर-मिट्टी बिछाई जा रही है। जिन्हें जमाने के लिए टैंकरों से पानी ... खेतों में अनेक लवणीय के ट्यूबवैल लगे है जिनसे पानी खरीद कर सड़क ... जाना सुनिश्चित किया जाता है। इसके बावजूद नहरी पानी का बिना सिंचाई ... का उपयोग न करने के लिए पांबद करने की मांग की है।

फेफाना-रतनपुरा मिसिंग लिंक निर्माण में उपयोग किए जा रहे नहरी पानी मामले में हरकत में आए जल संसाधन विभाग ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि फेफाना-रतनपुरा मिसिंग लिंक रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां ठेकेदार द्वारा सरकार के आदेश के विपरित खिनानिया वितरिका से टैंकर के माध्यम से पानी उठाकर निर्माण में उपयोग किया जा रहा था जिससे हर रोज किसानों के हिस्से का 90 हजार लीटर पानी बर्बाद होने से नुकसान हो रहा था। दैनिक तेज ने 9 जून के अंक में ' नहरी पानी की सेंधमारी: प्रति दिन 2 टैंकरों से 90 हजार लीटर पानी सड़क पर बहा रहे ' शीर्षक समाचार सड़क के लिए नहर से टैंकर भर रहे ट्रैक्टर के फोटो सहित प्रकाशित किया था समाचार प्रकाशन के बाद जल संसाधन विभाग हरकत में आया और सार्वजनिक निर्माण विभाग को जरिए पत्र लिखकर ठेकेदार को सड़क निर्माण में नहरी पानी का उपयोग न करने के लिए पांबद करने के साथ उपयोग किए गए पानी की रिपोर्ट मांगी है। किसानों ने समाचार पत्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा सिंचाई व्यवस्था में मदद मिलेगी।

# जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया

तेज. रावतसर | ओम पारीक



जल भराव के समस्या को लेकर आज जिला कलेक्टर कानाराम रावतसर दौरे पर रहे इस दौरान कस्बे में हो रहे जल भराव के स्थान का निरीक्षण कर उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया नगर पालिका रावतसर के पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर को नगर पालिका में आ रही समस्याओं के बारे विस्तृत जानकारी दी पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची द्वारा दिए गए सुझावों को जिला कलेक्टर साहब द्वारा मौके पर नगर पालिका अधिशासी अभियंता जल भराव के स्थाई समस्या की डीपीर तैयार करने के लिए आदेश दिए। और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व सहायक अभियंता को सेमनाले सिल्ट सफाई, किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा आती है तो उससे निपटने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जो किसी प्रकार की कस्बे में आर्थिक व जन हानि नहीं हो। इस मौके पर रावतसर उप खंड अधिकारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जगदीश सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष हेमंत पचार, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष गौतम बंसल, पार्षद सुखराम छिम्पा, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद जोशी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएचईडी ऑफिस के आधार सेवा केंद्र का एमएलए ने किया निरीक्षण



तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

विधायक विनोद गोठवाल ने पीएचईडी ऑफिस में संचालित भार्गव आधार सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक गोठवाल ने मौके पर मौजूद व्यक्तियों से संवाद करते हुए उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं की पात्रतानुसार लाभ उठाने का आग्रह किया और संचालक को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लेने के ही निर्देश दिए। केन्द्र संचालक सुरेश भार्गव ने बताया कि इन दिनों राशन कार्ड की केवाईसी के चलते आधार अपडेट का कार्य जोरों पर है। राशन कार्ड केवाईसी की अन्तिम दिनांक 30 जून है।विधायक के साथ पीएचईडी एईएन राहुल सोनगरा भी मौजूद रहे।

# पिता की स्मृति में ट्यूबवैल का निर्माण

तेज. रिपोर्टर| नोहर



क्षेत्र के गांव ढ़ाणी चारणान में भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों व ग्रामीणों के पीने के पानी की समस्या को देखते हुए शिक्षक भूपराम सहारण ने अपने पिता स्व. परसराम सहारण की स्मृति में गांव के जोहड़ पर एक ट्यूबवेल का निर्माण कराया। इस ट्यूबवेल का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। इस मौके पर सहारण परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने इसे नेक कार्य बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उक्त मीठे पानी के ट्यूबवैल से पेयजल में सुविधा मिलेगी। शिक्षक भूपराम सहारण ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण की बात कही। इस मौके पर काशीराम सहारण, डॉ. दलीप सहारण, इन्द्राज सहारण, शीशपाल सहारण,सरपंच अमरसिह सहु, राजाराम खोथ, सवाईदान चारण, ओमप्रकाश ज्याणी, वेदप्रकाश सहारण, प्राचार्य पंकज चोटिया, प्रदीप सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# महेश नवमी पर होंगे कार्यक्रम

**तेज. रावतसर (नरेश सिगची)।** महेश्वरी सेवा समिति व माहेश्वरी महिला मंडल रावतसर द्वारा 15 जून को महेश नवमी पर अनेक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं 15 जून को सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो मुरली मनोहर मंदिर गढ़ के पास से शुरू हो कर मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए महेश्वरी भवन रावतसर पहुंचेगी इसके बाद महेश्वरी भवन रावतसर में सुबह 9.15 बजे सुंदरकांड पाठ का भवय आयोजन किया गया है 15 जून को शाम 6:15 बजे से खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया है यह कार्यक्रम महिला मंडल माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित किया जाएगा रात्रि 8:00 बजे समाज के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है इसके बाद समाज के सभी लोगों के लिए समय है बहुत भी रखा गया है।

# कचरे की डांफ से खिनानिया वितरिका की लाइनिंग में बना घारा

तेज. रिपोर्टर| चारणवासी



बुधवार को खिनानिया वितरिका में कचरे की डांफ आने से चक 11 केएनएन के मोघे के पास घारा बना गया। बताते चलें मंगलवार सुबह को किसानों ने नहर की तली से सिल्ट व घास-फूस को ट्रैक्टर से काटा था। 11 से 19 जून तक के रेगुलेशन में मंगलवार शाम को फेफाना हेड से खिनानिया वितरिका में पानी खोला था पानी के बहाव से कटा घास- फूस व सिल्ट इक्कठी होने से डांफ बनकर चक 11 केएनएन के मोघे के पास रूक जाने से पानी का बहाव अवरूद्ध हो जाने से उत्तर दिशा की लाइनिंग की ईंटे बहने से बड़ा घारा बन गया। किसानों की सूचना पर विभागीय आदेशानुसार एनपी 4 के अध्यक्ष इंद्राज पटीर ने शीघ्र जेसीबी से कचरे की डांफ को निकलवाया जिससे राहत मिली। बताते चलें कि आचार संहित के कारण 1 अप्रैल से नहरों की रख-रखाव के टैंडर नहीं हुए। जिस कारण निगरानी कार्य प्रभावित हो रहा है। बुधवार को 200 की डिमांड पर हरियाणा से 146 क्यू.पानी मिल रहा था। जिस कारण 11 से 19 तक के रेगुलेशन के द्वित्तीय वरीयता में चलने वाले माइनरों को पानी नहीं मिल रहा। एक्सईएन मुकेश सिहाग ने बताया कि पानी छोड़ने से पूर्व नहर का निरीक्षण करवाया गया था। शीघ्र रख-रखाव टैंडर होंगे।

# यात्रियों के लिए शीतल जल की सेवा जारी



**तेज नोहर।** भीषण गर्मी में राहगीरों व यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिये स्थानीय शिवाजी बस स्टेण्ड पर संयुक्त व्यापार संघ के तत्वावधान में शीतल जल व शरबत सेवा का कार्य निरंतर जारी है। संयुक्त व्यापार संघ नोहर यहां शिवाजी बस स्टेण्ड पर पिछलें 11 दिनों से शीतल जल व मीठा शरबत यात्रियों व राहगीरों को पिलाया जा रहा है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी,उपाध्यक्ष तिलोकचन्द बंसल ,मंत्री सुशील सिपानी, ओमप्रकाश खटोतिया, सुनील राठी,पार्षद प्रयागचंद मोयल,अनिल कड़वासरा, इन्द्रचंद बिरकाळी, किशन सुथार आदि अपनी सेवाए दी। इस मौके सेवाभावी सोच रखने वाले नन्हें बालक दीपेश चौहान की निस्वार्थ सेवा को संयुक्त व्यापार संघ नोहर ने प्रसंशा की। इससे पूर्व स्थानीय एंजल स्कूल प्रबंधन द्वारा यहां सेवाए दी ई। इस मौके पर संघ पदाधिकारियों के अलावा ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार, एडवोकेट के.एल. मित्रुका, शैलेश महेश्वरी, पुलिस उप अधीक्षक ईश्वरसिंह, सुरेन्द्र अग्रवाल साहवा, अंकित अग्रवाल, उप प्राचार्य राकेश पूनिया, प्रदीप पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# कलक्टर द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के आदेशों एवं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर बुधवार को सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी 18 जीजी का निरीक्षण किया, जहां समस्त स्टाफ मौजूद मिला। सफाई व्यवस्था में दुरुस्त नहीं मिलने पर, व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। पीएचसी पांच एलएल में एएनएम अनुपस्थित मिली, जिसे नोटिस दिया जाएगा। इसी तरह सबसेंटर 20 जीजी बंद मिला जिस पर एएनएम को नोटिस जारी किया जाएगा। अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू मिली। वहीं सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने विभिन्न केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड वितरण की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द ईकेवाईसी एवं कार्ड वितरण शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 जून तक चलेगा विशेष पखवाड़ा

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार समस्त हरियाणा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एक विशेष अभियान नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस सिरसा में 12 जून से 26 जून तक विशेष पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इस अभियान के दौरान जहां मादक पदार्थ तस्करों पर और अधिक प्रभावी ढंग से शिकंजा कसा जाएगा, वहीं नशे जैसी सामाजिक बुराई से निपटने के लिए आमजन तथा युवाओं को खेल गतिविधियों के माध्यम जागरूक किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए है, परंतु इस अभियान की सम्पूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अतिआवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा है कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें तथा सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से नशे के खिलाफ आम जन तथा युवाओं को जागरुक करें और जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में आमजन को बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों व नशे में सजायाफ्ता लोगों की प्रॉपर्टी का ब्यौरा जुटाएं और संबंधित विभाग से अनुमति लेकर नशे की काली कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को अटैच करवाएं।

# डर था अंधेरों का मगर हम तो लुट गए उजालों में...


राजेन्द्र सारस्वत

आजकल सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार के नशों के बढ़ते चलन पर बहुत चर्चा है. लोग महसूस करते हैं कि जरूरत है बढती नशे की बीमारी को रोकने की. मगर मर्ज बढता गया ज्यों ज्यों दवा की. की तर्ज पर यह रोग काबू में आने की जगह बढ़ते ही जा रहा है. मैं व्यक्तिगत रूप से यह बात महसूस किया करता हूं कि कोई भी अपराध तभी फलता-फूलता है जबकि अपराधी की पीठ पर किसी ताकतवर राजनेता का हाथ है और उसे पुलिस की भी शय प्राप्त हो. नशे का भी यही गणित है. कहते हैं कि पुलिस की नजरों से कुछ नहीं छिप सकता. पुलिस चाहे तो एक झटके में नशे के सौदागर न केवल नशे का काला धंधा बंद करदे. बल्कि वह उस इलाके को भी अलविदा कहदे. किसी भी तरह के नशों के खात्मे के लिए चाहिए सामाजिक जागरूकता और मजबूत इच्छा शक्ति. किसी शायर ने कहा है कि-

**आखिर आ ही गये हम हुक्मरानों की कुचालों में,**
**डर था अंधेरों का मगर हम तो लुट गये उजालों में!**

नशे की बात से मुझे बहुत पहले का वाकया याद आ गया. यह तब की बात है जबकि फसलों की कटाई मशीनों से नहीं होने लगी थी. मजदूर ही फसलों की कटाई और नरमा कपास की चुगाई हाथों से किया करते थे. तब हमारे राजस्थान और पंजाब के लिए यूपी बिहार से मज़दूर दिहाड़ी पर बुलाए जाते थे. खेत के मालिक इन मजदूरों को जो चाय देते उसमें तनिक पोस्त डाल दिया करते थे. मजदूर को पोस्त की चाय स्वादिष्ट लगती थी. उन्हें नशा भी हो जाता. चस्का भी लगा. पोस्त के नशे में वे दुगना-तिगुना काम कर दिया करते थे. अगली फसलों के समय वो उन्हीं जमीदारों को तरजीह देते थे जिनसे वे पोस्त वाली चाय पीते थे. उनको बाद में यह बात पता चली कि उनकी चाय में पोस्त मिलाया जाता है. मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती. इन मजदूरों को पोस्त की लत लग चुकी होती थी. वे मजदूर उन जमींदारों के गुलाम बन कर रह जाते थे. असल में नशा चीज़ ही ऐसी है. जिसे मुफ़्त में लगाया जाता है. लत लगने पर नशेड़ी नशे का गुलाम हो कर रह जाता है. सो ध्यान रहे. नशा हर चीज का बुरा है. चाहे वो धन का हो, सत्ता का हो या सियासत का या इस कथाकथिक कलमुँही शराब, अफ़ीम या पोस्त अथवा कोई अन्य. नशा एक ही अच्छा कहा गया है- नाम खुमारी नानका चढ़ी रहे दिन रात ! बस ईश्वर के नाम का नशा ही बेहतरीन नशा है. मगर उसे कोई पसंद नहीं करता.

एक और बहुत पुराना किस्सा- बाहर से आकर एक बार एक आदमी ने गाँव में अफ़ीम की दुकान खोली. तब अफीम खरीदने और बेचने की पाबंदी नहीं थी. लोग तब तक अफ़ीम के बारे में जानते तक भी नहीं थे. बहुत समय हो गया उसके यहाँ कोई ग्राहक तो क्या मक्खी- मच्छर तक भी नहीं फटका. हारकर वो अपने गुरु जी के पास गया. बोला- गुरु जी मैंने अफ़ीम का नया नया धंधा किया है. मगर कोई अफीम का खरीददार नहीं आता. गुरु जी को भी अफ़ीम के बारे में जानकारी नहीं थी. उन्होंने कहा- मुझे थोड़ा नमूना दिखाओ फिर तुम्हें आईडिया देता हूँ. गुरु जी ने थोड़ी थोड़ी मात्रा में अफ़ीम का सेवन किया उन्हें मज़ा आया. शिष्य को बुलाया कि दुकान पर एक सूचना लिखो- अफ़ीम का नमूना फ्री में. अगले दिन ही उसके यहां मुफ्त की लालच में लोग आने लगे. वह लोगों को चाय पिलाता. साथ में मुफ्त में थोड़ी सी अफ़ीम दे देता. गुरु जी का नुक्सा काम कर गया. लोगों को शुरू में मज़ा आता फिर वो आदी होते चले गए. और इस प्रकार अफीमची का कारोबार चमक निकला. एक से दो और दो से चार ब्रांच खुलती चली गई. लोग बर्बाद और वो मालामाल होता चला गया. कहते हैं कि नशे के कारोबारी यही फारमूला अपनाया करते हैं. मुझे याद है जब शुरू शुरू में कोई 65-70 साल पहले चाय चलन में आई थी. तब चाय कम्पनियों ने छोटे- छोटे पाउच में घर घर में फ्री चाय के सैम्पल बांटे. तब लोगों को चाय की लत लग गई. फिर तो यह जीवन का अनिवार्य अंग बन गया.

मुझे बड़ा दुख होता है जब सुनता हूं कि पड़ौसी प्रांत की उर्वरा जमीन को खादों और कीटनाशकों ने बंजर करके रख दिया. वहां के युवाओं को नशे ने नाकारा करके छोड़ दिया है. कहते हैं कि बहुत पहले अफ़ीम के नशे में चीनियों ने अपने देश का बेड़ा गरक कर लिया. मगर चीन को जल्दी ही समझ आ गई. उसने अपने आपको संभाल लिया. वह नशे की गर्त से निकल आया. और आज तकनीक और मेहनत के दम पर दुनिया में कितना आगे निकल आया है. कहावत है कि अपनी गलती से सीख न लेने से बढ़ कर आदमी के लिए और कोई बड़ी गलती नहीं हो सकती है. मुझे यह जानकर पीड़ा होती है कि आज के युवाओं में बढती नशे की लत की वजह से बहुत बड़ी संख्या में युवा अपने गंतव्य से भटक रहे हैं. वो युवा जिनके कंधों पर बूढ़े माँ बाप का दायित्व है. जिन पर हमारे देश का भविष्य टिका है. अगर वे गलत संगत में पड़कर अपनी जिंदगी बिगाड़ रहें हैं. तो बहुत फिक्र की बात है. आज हम जगह जगह नशामुक्ति केन्द्र के बोर्ड देखते हैं. तो भय लगता है. आखिर किस अंधेरी सुरंग में जा रही है यह भटकी हुई युवा पीढ़ी. उनके लिए तो तकलीफ़ है ही. मगर उनके माँ बाप पर क्या बीत सकती है. इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है. और नशों के अलावा आज मेडिकल नशा बहुत अधिक चलन में है. नशे की गोलियों से युवा नपुंसक हो रहे हैं.और साथ ही नपुंसक हो रही है व्यवस्था. जो इस पर अंकुश लगाने की बजाय राजनीतिक हस्तियों को संरक्षण देने की ओर अधिक ध्यान देती है. जिस भांति सरकार और विशेषतया पुलिस महकमा अभियान चलाकर नशा छुड़ाने के लिए कैंप आदि लगाते हैं. उससे अधिक जोर तो उन्हें नशे के सौदागरों और उनके सरपरस्त आकाओं पर कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता है. चोर को नहीं चोर की माँ को जेल के सलाखों में डालने की अधिक जरूरत है. यह कोई मुश्किल बात नहीं है. पुलिस चाहे तो क्या न करदे. अब नई भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का अनुसरण करते हुए राजस्थान में भी बुलडोजर कैम्पेनिंग शुरू की है. हालांकि कुछ लोग इससे राजी नहीं हैं. वे इसे कानून हाथ में लेने की आड़ लेकर इसकी आलोचना करते हुए दिख रहे हैं. लेकिन ऐसे खूंखार अपराधियों के विरुद्ध चाहे जो क़दम उठाया जाय कम है. यदि हमने हमारे समाज और देश ने उन्नति करना है तो नशे का चलन हर स्थिति में रोका जाना चाहिए।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी



ललित गर्ग

निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा, लेकिन सहयोगी दलों के साथ भाजपा उनका मुकाबला करने के लिये तैयार है। एक सवाल यह भी है कि क्या नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी?

एक और इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है।

प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में।




मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दो कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दें मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे।

पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।

मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। मोदी का मंत्रिमण्डल देश विकास के साथ राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी एवं सशक्त एक तीर से अनेक निशाने साधते हुए दिखा।

निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा, लेकिन सहयोगी दलों के साथ भाजपा उनका मुकाबला करने के लिये तैयार है। एक सवाल यह भी है कि क्या नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी? निश्चित ही मोदी उसी अंदाज एवं दबंगता से अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ायेंगे। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होगा, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर होगा। मोदी के नये संकल्पों एवं योजनाओं से देश विकास की दशा एवं दिशा स्पष्ट होगी। आदिवासी समुदाय एवं अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से मोदी सरकार मील का पत्थर साबित होगी। साथ-ही-साथ समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। सशक्त होती अर्थव्यवस्था इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाली साबित होगी, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक सरकार के विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी।

## संपादकीय

## परिवर्तन एवं निरंतरता

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सहयोगियों के काम-काज का बंटवारा जिस तरह से किया उससे परिवर्तन, निरंतरता और स्थायित्व के सवाल सामने आए हैं। 2024 के लोक सभा चुनाव में जनादेश का समाजशास्त्रीय अध्ययन किया जाए तो उसके दो निष्कर्ष सामने आते हैं कि इस जनादेश के बाद कुछ चीजें बदलतीं दिखाई देती हैं जबकि अन्य अपेक्षाकृत निरंतर बने रहें। भाजपा अपने बल सर स्पष्ट बहुमत लाने में असफल रही। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में उसे विशेष रूप से सीटों का नुकसान हुआ। लेकिन केंद्र में मोदी के नेतृत्व में ही सरकार बनी और सरकार के स्वरूप में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। यह बताता है कि पिछली सरकार के कार्यों को ही आगे बढ़ाया जाएगा। एनड़ीए सरकार में भी राजनाथ सिंह रक्षा, अमित शाह गृह, निर्मला सीतारमण वित्त और एस. जयशंकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। ये चारों वरिष्ठ मंत्री प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) का पिछली सरकार की तरह हिस्सा रहेंगे। सीसीएस अति महत्त्वपूर्ण समूह है जिस पर बड़े.फैसले लेने की जिम्मेदारी होती है। प्रधानमंत्री ने सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं से संबंधित विभागों में भी निरंतरता बनाए रखी। नितिन गड़करी सड़क परिवहन और हाईवे की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। सवार्नंद सोनोवाल ने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग विभाग संभालते रहेंगे। ज्योतिरादित्य सिंधिया से नागरिक उड्डयन मंत्रालय लेकर टीड़ीपी के राममोहन नायडू.को भले दे दिया गया लेकिन सिंधिया को आधारभूत संरचना से जुड़े.विभाग संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्रके विकास का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने अपने मंत्रिमंड़ल में शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर जैसे कुछ नये चेहरों को शामिल करके उनके अनुभव का इस्तेमाल करने का प्रयास किया है। हालांकि मोदी ने चिराग पासवान जैसे कुछ युवा नेताओं पर भी भरोसा जताया है। भाजपा के दो सहयोगी दलों शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी ने विभागों के बंटवारे को लेकर नाराजगी जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी को अटलबिहारी वाजपेयी से राजनीतिक विरासत मिली है। गठबंधन धर्म शब्द का सृजन वाजपेयी ने ही किया था। उन्होंने सहयोगियों के साथहमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया था। मोदी भी रूठे हुए सहयोगियों को मनाने में वाजपेयी का अनुसरण करेंगे।

### चिंतन-मनन

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# युवा सपनों में नहीं, परिणाम के साथ जीना चाहते हैं



सनत जैन

पिछले 10 साल में युवाओं को बहुत सारे सपने दिखाए गए। पर अफसोस कि ये सपने साकार नहीं हो सके। पिछले वर्षों में सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म्स पर युवा और समाज के सभी वर्गों द्वारा जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। अपनी लड़ाई को वह स्वयं लड़ने के लिए जो मंच तलाश रहे थे, सोशल मीडिया के रूप में उन्हें मिल गया है। सोशल मीडिया ने समाज के सभी वर्गों को एक नई चेतना से जोड़ दिया है। जहां वह अपनी बात कहकर सकारात्मक परिणाम के लिए रुचि रख रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर विशेष रूप से युवा जिस आक्रामक और वैचारिक ढंग से अपनी बात रख रहे हैं। एक नई सामाजिक वैचारिक क्रांति को आगे बढ़ा रहे हैं। युवाओं के पास सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के माध्यम से जो शक्ति आई है। उसको एक नई पहचान मिल रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार, कॉरपोरेट, नौकरशाही, अपराधियों और अपराधों को नियंत्रित करने में भी सोशल मीडिया की अहम भूमिका हो गई है। सोशल मीडिया में डिजिटल प्रिंट, वीडियो एवं वॉइस कम्युनिकेशन के माध्यम से नई सामाजिक और वैचारिक क्रांति का असर दिखने लगा है। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में जिस तरह से 17 वर्ष के नाबालिग बेटे को महंगी कार उपहार में देने, लाइसेंस न होने के बाद भी गाड़ी चलाने देने, शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए दो युवकों को गाड़ी से कुचल देने के अपराध की लड़ाई संगठित रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से लड़ी गई। अपराध का पदार्फाश किया गया। अपराधी को बचाने के जो प्रयास किए जा रहे थे। सोशल मीडिया की लड़ाई में अपराधी नाबालिग युवक के साथ-साथ उसके माता-पिता और साक्ष्यों को मिटाने के लिए डॉक्टरों द्वारा जिस तरह का अपराध किया जा रहा था। वह सब सोशल मीडिया के माध्यम के दबाव बनाने के बाद उजागर हुआ है। शासन और प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राजनीतिक व्यवस्था, ब्यूरोक्रेसी के ऊपर जिस तरह का दबाव सोशल मीडिया के माध्यम से बनाया गया, वह सोशल मीडिया और युवाओं की शक्ति को पहचानने का पर्याप्त कारण बना। जिस तरह से सोशल मीडिया में सबूतों से छेड़छाड़, जालसाजी, अपहरण, धमकी, रिश्वत, परिवारवाद, न्यायपालिका, पुलिस, मेडिकल सेवाओं में जो गिरावट आई है। उसको लेकर जिस तरह की चेतना और लड़ाई सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। वह अपने आप में अनूठी है। विचारों की विविधता भी अब सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर देखने को मिलती है। हर विषय के पक्ष और विपक्ष में लोग अपनी बात तर्क संगत ढंग से रख पा रहे हैं। इसको देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं में न्याय और अधिकार की नई संस्कृति के साथ अधिकारों और कर्तव्यों का बोध हुआ। सही और गलत की पहचान आसान हो गई है। युवाओं को अब ज्यादा समय तक भ्रमित करके नहीं रखा जा सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हाल ही का लोकसभा चुनाव है। जिसके परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। एक तरह से सोशल मीडिया की चुनौती राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक चैनलों को मिली। जो सामाजिक सरोकारों से दूर होता जा रहा था। उसका स्थान सोशल मीडिया ने ले लिया। सामाजिक परिपक्वता, व्यक्तिगत अधिकार और कर्तव्यों के साथ भी जोड़ने के लिए मुफीद और सर्व सुलभ माध्यम सोशल मीडिया बन गया है। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का असर भी समाज पर पड़ रहा है। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के एडिक्शन से पीड़ित होकर निष्क्रिय भी हो रही है वहीं सोशल मीडिया में तथ्यों की प्रमाणिकता को लेकर सदैव संदेह देखने को मिलता है, लेकिन जिस तरीके से सोशल मीडिया में विश्वसनीय और प्रामाणिकता के साथ जो बातें सामने आ रही हैं। उसके साथ सोशल मीडिया में भी विश्वसनीयता के साथ जानकारी उपलब्ध होना सुखद है।

# मुद्दाः मधुर संबंधों के गवाह बने पड़ोसी देश



प्रमोद भार्गव



नरेन्द्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू की बराबरी करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। इस बार भाजपा की सरकार राजग गठबंधन पर निर्भर रहेगी क्योंकि भाजपा स्पष्ट बहुमत के 272 के आंकड़े से बहुत पीछे रह गई है। हालांकि शपथ के साथ ही मोदी ने न केवल समझौतावादी जनादेश स्वीकार किया बल्कि पड़ोसी देशों के राष्ट्र प्रमुखों को शपथ के अवसर पर आमंत्रित कर उनके साथ मधुर संबंध बनाए रखने का उदार संदेश भी दे दिया है।

गणतंत्र के इस समारोह में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगननाथ, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए। भारत की ओर से यह पहल 'पड़ोसी पहले और सागर दृष्टिकोण' की नीतियों को कारगर बनाने की दृष्टि से की गई है। साफ है, पड़ोसी और समुद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेंगे। 2014 में मोदी ने सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के देशों और 2019 में बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी की पहल से जुड़े देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य बंगाल की खाड़ी के किनारे बसे देशों के बीच परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाना है। इन देशों में भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड़ शामिल हैं। इन देशों में भारत क्षेत्रफल, आबादी और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है। दस साल पहले मनमोहन सिंह की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था, जो मोदी के 10 साला कार्यकाल में 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में पांचवें स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के जानकार उम्मीद जता रहे हैं कि 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मन की आर्थिकी से आगे निकल कर वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर होगी और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था।

भारत ने उदारता दिखाते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु को आमंत्रित किया जबकि 2023 में जबसे मोइज्जु मालदीव के राष्ट्र प्रमुख बने हैं तभी से मालदीव और भारत के संबंधों में तनाव बना हुआ है। अपने चुनाव अभियान के दौरान मोइज्जु ने भारत के 88 सैनिकों को देश से निकालने का आह्वान किया था। किंतु अब मोइज्जू ने कहा है कि उनके लिए इस ऐतिहासिक अवसर में भागीदारी सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे। दक्षेस मसलन हमारे वे पड़ोसी देश जो हमारी जमीनी अथवा समुद्री सीमा से जुड़े हैं। इन देशों की संख्या 8 है। ये देश हैं पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव और श्रीलंका। हालांकि चीन भी हमारी सीमा से जुड़ा है, लेकिन दक्षेस का सदस्य नहीं है। इस समूह में यदि मॉरिशस, ईरान, म्यांमार और मध्य एशिया के पांच गणराज्य भी शामिल हो जाएं तो इसकी ताकत वैश्विक मुद्दों में हस्तक्षेप के लायक बन सकती है। दक्षेस देश दुनिया के तीन फीसद भूगोल में फैले हैं। दुनिया की मौजूदा आबादी की 21 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं देशों में है। इन देशों में कुल क्षेत्रफल और जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 70 फीसद से ज्यादा है। 80 फीसद आर्थिकी पर भी भारत काबिज है। हालांकि वैश्विक कारोबार की तुलना में इन देशों का परस्पर कुल व्यापार 5 फीसद ही है। इस लिहाज से ये देश न तो व्यापार के क्षेत्र में सफल रहे और न ही शांति बरकरार रखने में कामयाब हुए। इस नाते इस संगठन का ज्यादा महत्त्व नहीं रह गया है। पाक निर्यातित आतंक कालांतर में युद्ध का कारण बनता है तो दक्षेस का भंग होना तय है। मोदी न केवल दक्षेस, बल्कि आसियान देशों के बीच मुक्त व्यापार के पक्षधर हैं लेकिन पाक बाधाएं पैदा करने से बाज नहीं आता।

मोदी आतंकवाद के प्रखर विरोधी रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ उनकी मुखरता के चलते आज भारत समेत दुनिया में आतंकवाद कमजोर हुआ है। गौरतलब है कि दक्षेस के गठन में पाकिस्तान की अहम भूमिका थी। पाक के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने इस परिकल्पना को अंजाम तक पहुंचाया था। 1981 में भारत समेत अन्य दक्षेस देशों के विदेश सचिवों की पहली बैठक बांग्लादेश में हुई थी। बाद में 1983 में विदेश मंत्रियों की बैठक नई दिल्ली में हुई और इसी बैठक में 'दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन' वजूद में आया किंतु अब पाकिस्तान चीन के कर्ज में फंसकर उसके इशारों पर नाचने को मजबूर है। भारत-पाक के संबंध आजादी के बाद से ही नरम-गरम बने रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के 78,000 वर्ग किमी. भूभाग पर पाकिस्तान का अतिक्रमण है। नियंत्रण रेखा के उल्लंघन और सीमा पार से गोलीबारी और आतंकी गतिविधियां जारी हैं। बार-बार इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों को पाकिस्तान अनदेखा करता रहा है। जाहिर है, रिश्तों को मधुर बनाने में दिलचस्पी नहीं ले रहा। अतएव पाकिस्तान को छोड़ अन्य पड़ोसियों को शपथ समारोह में आमंत्रित किया जाना साफ संदेश है कि नरेन्द्र मोदी उदार तो हैं, लेकिन आतंकवाद की सरपरस्ती करने वाले देश के प्रति कठोर भी हैं।

## चीन की वेनिस नाम की परियोजना पूरी तरह से फ्लॉप, 'तैरता हुआ शहर' एक बेजान और सूखी सी जगह बनकर रह गया

बीजिंग। चीन के वेनिस नाम की यह परियोजना पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई क्योंकि इसके अधिकांश हिस्से निर्जन और बेजान से लगते हैं। चीन के उत्तर-पूर्वी लियाओनिंग प्रांत के बंदरगाह शहर डालियान के पास छोटा सा वेनिस बनाने का मकसद यूरोपीय शैली की वास्तुकला और संस्कृति को शामिल करना था, जहां चीनी नागरिकों को इटली का आनंद लेने के लिए दूर की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इसे बनने में चार साल लगे लेकिन उम्मीद के खिलाफ भीड़ को आकर्षित करने और प्रदूषण को कम करने में सक्षम होने के बजाय, 'तैरता हुआ शहर' एक बेजान और सूखी सी जगह बनकर रह गया है। यहां उम्मीद के मुताबिक उतनी भीड़ दिखाई नहीं देती है। आधी-अधूरी इमारतों और विरल सड़कों से, पूर्वी-एशियाई देश के वेनिस के प्रयास के नए फुटेज देख कर ऐसा लगता है कि यह पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थान नहीं है। पस्टिक्स एंड ट्रेन्स के तहत पोस्ट करने वाले एक ट्रैवल ब्लॉगर ने 'लिटिल वेनिस' पहुंचने पर अपने 'हैरान' होने की बात स्वीकार की। डालियान में असामान्य साइट से आकर्षित होने के बावजूद, यह नयापन जल्दी ही फीका पड़ गया लगता है। ब्लागर का कहना है कि यह वास्तव में मृत है। यह उजाड़ है। सब कुछ बंद है। बहुत सारी इमारतें हैं। हर जगह इस तरह इमारतें मिल जाएंगी, लेकिन ऐसा लगता है कि वास्तव में कुछ भी उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस आकर्षण को पहली बार 2015 में जनता के लिए खोला गया था और इसमें चार किलोमीटर की मानव निर्मित नहर है। ऐसा कहा जाता है कि डेवलपर्स को भारी यातायात प्रवाह के कारण होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने की उम्मीद थी। लेकिन यह कई जगह पर सूखी भी है। वहीं कुछ इलाके, जिनमें एक चर्च भी शामिल है, वाकई हैरान भी करते हैं। बता दें कि कम लोग जानते हैं कि चीन अपने ही देश में दुनिया की कुछ खास टूरिस्ट प्लेस की नकल बना रहा है जिससे उसका टूरिज्म बढ़ सके। इसी वजह से वहां 507 मिलियन पाउंड यानी, 53 अरब 82 करोड़ 73 लाख रुपयों का 'नकली' इटली पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनने के लिए बनाया गया था। अब बताया जाता है कि यह 'सड़ते हुए भूतहा शहर' में तब्दील हो गया है।

## जापान में बढता जा रहा है निंजा भालुओं का आंतक, भालू अब इंसानों पर भी करने लगे है हमला

टोक्यो। पिछले कई महीनों से जापान में इन निंजा भालुओं का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। ये भालू अब इंसानों पर भी हमला करने लगे है और उनके मुंह में खून लग गया है, लेकिन इसका कारण कम अजीब नहीं है। पिछले साल एक विशाल 'निंजा भालू' को आखिरकार पकड़ा गया, जो सालों से मवेशियों पर हमला कर रहा था। लेकिन मवेशियों की मौतें फिर से शुरू हो गई हैं और कभी शर्मीले भालू अब अपना भयानक ध्यान इंसानों पर केंद्रित कर रहे हैं। जापान के पहाड़ी द्वीप होक्काइडो में एक विशाल भालू, जिसकी लंबाई 7 फीट 3 इंच थी और स्थानीय लोग उसे ओसो18 कहते थे, खेतों पर हमला कर रहा था और मवेशियों के अंदरूनी हिस्से को चीर रहा था। हमले सालों तक चलते रहे और कोई भी खून के प्यासे जानवर को पकड़ नहीं पाया, जिसके कारण इसे फ्रनिंजाफ्र भालू कहा जाने लगा। लेकिन यह सिलसिला अब बढ़ गया है। ये जानवर आमतौर पर मुख्य रूप से शाकाहारी और कीट आहार खाते हैं, लेकिन जापान में हिरणों की बढ़ती संख्या के कारण कथित तौर पर उनमें मांस के लिए स्वाद विकसित हो गया है। इनका पहले ज्यादा शिकार किया जाता था, लेकिन अब शिकारी कम हैं। जो अभी भी शिकार करते हैं, वे शवों को पहाड़ों में छोड़ देते हैं, जहाँ भालू आसानी से भोजन कर सकते हैं। कांडा यूनिवर्सिटी ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जापानी अध्ययन के एक विशेष व्याख्याता जेफरी जे हॉल ने बताया कि भालू निर्जन क्षेत्रों पर कब्जा कर रहे हैं। शिकार प्रथाओं में बदलाव का भालू की संख्या पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है आमतौर पर शिकारी भालू की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन जापानियों की युवा पीढ़ी शहरों में चली गई है और बहुत से शिकारी अब बुजुर्ग हो गए हैं। ऐसे में भोजन की तलाश में बेखौफ खेतों में आकर हमला करने लगे हैं। बता दें कि जापान की निंजा एक युद्धकला के तौर पर मशहूर है। लेकिन कई बार कुछ अनोखी चीजों को भी निंजा से जोड़ दिया जाता है। ऐसे में जब हम निंजा भालू के बारे में कुछ भी सुनते हैं तो हमें जापान के किसी खास तरह के भालू का अहसास होता है।

## जेनिफर-बेन की तलाक की अफवाहों को मिला बल, बेच रहे घर



लॉस एंजेलिस। हाल ही में पता चला है कि हॉलीवुड कपल जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक अपना 60 मिलियन डॉलर का घर बेच रहे हैं। इस खबर ने ऐसे में दोनों के अलग होने की अटकलों को और मजबूत कर दिया है। बेन और जेनिफर के करीबी सोर्स से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों अपने साझा घर को बेचने के लिए एजेंसी के रियाल्टार सैंटियागो अराना के साथ सीधे संपर्क में हैं। तकरीबन एक साल पहले बेन और जेनिफर ने कथित तौर पर 60 मिलियन डॉलर से ज्यादा कीमत चुकाकर इस आलीशान घर को खरीदा था। दो साल पहले तक बेन और एफ्लेक घर की तलाश कर रहे थे। तकरीबन 80 से भी ज्यादा प्रॉपर्टी देखने के बाद उन्हें बेवर्ली हिल्स वाला घर मिला था और अब इनके घर को बेचने की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, इन सब खबरों पर अभी तक बेन और जेनिफर का कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया है। तलाक और घर बेचने की खबरों के बीच दोनों को कई बार बच्चों के इवेंट्स में एकसाथ देखा गया है। वहीं, बीते दिनों उन्हें रोमांटिक अंदाज में भी देखा गया था। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो जेनिफर लोपेज ब्रेंटवुड में किराये के मकान में शिफ्ट हो गई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि एक्ट्रेस फिर से एक नए घर की तलाश में हैं। बता दें कि हॉलीवुड कपल जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक पिछले कई दिनों से अपने तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, अलग होने की खबरों पर दोनों की ओर से कई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। वहीं कई बार उन्हें एक साथ स्पॉट होते भी देखा जा चुका है।

## बच्चों में बुद्धि के विकास में सहायक है वीडियो गेम, वैज्ञानिकों ने अध्ययन के बाद किया यह दावा

स्टॉकहोम। वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है कि वीडियो गेम बच्चों के दिमाग को कैसे प्रभावित करते हैं। शोधकर्ताओं ने दस से 12 वर्ष की आयु के 5,000 से अधिक बच्चों का साक्षात्कार लिया और परीक्षण किया। और वैज्ञानिक रिपोर्ट में प्रकाशित परिणाम कुछ के लिए आश्चर्यजनक होंगे। बच्चों से पूछा गया कि वे दिन में कितने घंटे सोशल मीडिया पर, वीडियो या टीवी देखने और वीडियो गेम खेलने में बिताते हैं। जवाब था- बहुत घंटे। औसतन, बच्चे दिन में ढाई घंटे ऑनलाइन वीडियो या टीवी कार्यक्रम देखने में, आधा घंटा ऑनलाइन सोशलाइजेशन और एक घंटा वीडियो गेम खेलने में बिताते हैं। यह समय कुल मिलाकर, औसत बच्चे के लिए दिन में चार घंटे और शीर्ष 25 प्रतिशत के लिए छह घंटे - बच्चे के खाली समय का एक बड़ा हिस्सा था। और अन्य रिपोर्टों में पाया गया कि यह दशकों में नाटकीय रूप से बढ़ा है। पिछली पीढ़ियों में स्क्रीन आसपास तो थे, लेकिन अब यह वास्तव में बच्चों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। क्या यह एक बुरी बात है? खैर, यह जटिल है। बच्चों के विकासशील दिमाग के लिए फायदे और नुकसान दोनों हो सकते हैं। और ये उस परिणाम पर निर्भर हो सकते हैं जिसे आप देख रहे हैं। हमारे अध्ययन में, हम विशेष रूप से बुद्धि पर स्क्रीन टाइम के प्रभाव में रुचि रखते थे - प्रभावी ढंग से सीखने, तर्कसंगत रूप से सोचने, जटिल विचारों को समझने और नई परिस्थितियों के अनुकूल होने की क्षमता। बुद्धिमत्ता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण गुण है और बच्चे के भविष्य की आय, खुशी और लंबी उम्र का आधार भी है। अनुसंधान में, इसे अक्सर संज्ञानात्मक परीक्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रदर्शन के रूप में मापा जाता है।




तेल अवीवी में लोग हमास के हमले में बंधक बनाये गये लोगों को रिहा करने की मांग करते हुए।

## दुनिया के सबसे छोटे विवाहित जोड़े.....ने बनाया ये रिकॉर्ड

ब्राजील। दुनिया के सबसे छोटे विवाहित जोड़े ने अपनी लंबाई के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी प्रेम कहानी से हैरान हैं। ब्राजील के 31 वर्षीय पाउलो गेब्रियल दा सिल्वा बैरोस और 28 वर्षीय कैट्युसिया ली होशिनो, पहली बार 2006 में ऑनलाइन मिले थे और कई साल खुशी-खुशी प्यार में बिताए हैं। अब वे रिकॉर्ड बनने के बाद से शादी करने वाले सबसे छोटे जोड़े हैं। उन्होंने कहा, हम भले ही छोटे हों, लेकिन हमारे दिल बड़े हैं, एक-दूसरे के साथ-साथ अपने जीवन में सभी के लिए बहुत प्यार करते हैं। इस जोड़े की कुल लंबाई 181.41 सेमी है, जिसमें पाउलो की लंबाई 90.28 सेमी और कैट्युसिया की 91.13 सेमी है। लेकिन



पुरस्कार विजेताओं के बारे में हाल ही में इंस्टाग्राम पोस्ट ने इन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया है। एक यूजर ने लिखा, प्यार जीतता है। एक दूसरे यूजर ने पोस्ट किया, बहुत बढ़िया, आप दोनों को बधाई! पाउलो और कैट्युसिया ने 17 सितंबर, 2016 को शादी की और रिकॉर्ड मिलने के बाद से वे सात साल तक सुर्खियों में रहे। पहली बार सम्मान मिलने के बाद यह जोड़ी यूट्यूब वीडियो में भी दिखाई दी।

# चीन द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने भारत के साथ करेगा काम!

### -तीसरी बार पीएम बनने से मोदी की बढ़ी ताकत, चीन ने जताई इच्छा

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत के लगातार तीसरी बार पीएम बनने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की ताकत और बढ़ गई है। अब उनके खौस से पड़ोसी देशों में हलचल है। अब भारत के पड़ोसी देश दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं। वहीं अब चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने पीएम नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए फिर चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने का इच्छुक है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ली ने कहा कि चीन-भारत संबंधों का सुदृढ़ और स्थिर विकास न केवल दोनों देशों के लोगों के हित में है बल्कि यह क्षेत्र और दुनिया में स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा के संचार में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय ने 5 जून को आम चुनावों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी और कहा कि दोनों देशों को चार साल पहले गलवान की घटना के बाद से रुके हुए द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ और स्थिर ट्रैक पर आगे बढ़ाने के लिए भविष्य की तरफ देखना चाहिए। बता दें 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों देशों के बीच व्यापार को छोड़कर बांकी आपसी संबंध खराब हो गए थे। इसके बाद गलवान के पास पैंगोंग क्षेत्र में हिंसक झड़प हुई थी। चीन ने कहा कि एक स्वस्थ और स्थिर रिश्ते दोनों देशों के हित में है और इस क्षेत्र और उससे आगे की शांति और विकास के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि चीन दोनों देशों और लोगों के मौलिक हितों में काम करने, हमारे संबंधों के समग्र हित को ध्यान में रखने, भविष्य की तरफ देखने और द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ और स्थिर राह पर आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। हालांकि एक दिन बाद चीन ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी पर विरोध जताया कि भारत, ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं। मोदी की यह टिप्पणी ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते द्वारा उनकी चुनावी जीत पर दिए गए बधाई संदेश के जवाब में आई थी। चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत मानता है जिसे बलपूर्वक हासिल करना चाहता है। भारत पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पर देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों से हटने का दबाव बना रहा है, और कहता रहा है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो सकती है।

## पीएम मोदी को बधाई नहीं, जिनपिंग की खिंचाई... अब दी सफाई

### -सोशल मीडिया पर यूजर्स ने खूब ली मौज

**बीजिंग।** नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार भारतीय प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। लगातार तीसरी बार पीएम बनने पर नरेंद्र मोदी को दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है। वहीं पड़ोसी राष्ट्र चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चुप्पी साधे रखी। जिनपिंग की ओर से मोदी को बधाई नहीं दिए जाने की चीन और भारत में ही नहीं कई देशों की मीडिया में चर्चा हुई। इस घटना को दोनों देशों के तनावपूर्ण रिश्तों को और खराब करने की तरह से देखा गया। आलोचना होने पर चीन की ओर से सफाई दी गई कि जिनपिंग चीन के राष्ट्रपति हैं और नरेंद्र मोदी ने पीएम पद की शपथ ली है। इसके बाद उनके चीनी समकक्ष ली कियांग ली ने मोदी को बधाई दी है।

चीन की ओर से सफाई आने के बाद जिनपिंग और ज्यादा घिर गए। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उनके बयानों के स्क्रीनशॉट वायरल कर दिए, जिसमें उनकी ओर से बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और पाक पीएम शहबाज शरीफ को शपथ लेने पर बधाई दी थी। सोशल यूजर्स ने सवाल किया कि क्या पीएम के पीएम को बधाई देने का नियम सिर्फ भारत के लिए ही है। कुछ महीने पहले तक जिनपिंग दूसरे पड़ोसी देशों के प्रधानमत्रियों को बधाई दे रहे थे। इसके बाद राष्ट्रपति जिनपिंग के मोदी को बधाई ना देने के मामले को ठंडा करने के लिए अब चीनी दूतावास ने बयान जारी किया है। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने बयान में कहा है कि चीन और भारत महत्वपूर्ण पड़ोसी देश हैं। इसके बाद बॉर्डर विवाद सहित सभी प्रासंगिक मुद्दों को ठीक से संभाला जाना चाहिए। भारत चीन के मजबूत और स्थिर संबंध सिर्फ दोनों देशों के ही नहीं पूरे क्षेत्र में शांति और विकास के लिए जरूरी हैं। चीन पड़ोसियों से अच्छे रिश्ते चाहता है और द्विपक्षीय संबंधों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने को इच्छुक है।

## पीओके ने पीएम मोदी के सामने रखा ऐसा प्रस्ताव, पाकिस्तान के छूटे पसीने, क्या करने वाला है भारत?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की, जिसके बाद दुनियाभर के देशो ने उन्हें बधाई दी। इसी बीच पीओके के एक्टिविस्ट ने पीएम मोदी से गुहार लगाई कि मोदी जी आप मुझे अपनी टीम में शामिल कर लें। अमजद अयूब मिर्जा नाम के एक सोशल एक्टिविस्ट ने भारत के प्रधानमंत्री से बड़ी मांग करते हुए कह दिया कि मोदी उन्हें मंत्री बनाए या सरकार में कोई जिम्मेदारी दें। मिर्जा ने ये भी कह डाला कि वो भारतीय हैं और उन्हें सरकार में रहकर देश की सेवा करने का मौका मिलना चाहिए।

1947 में कश्मीर के महाराजा हरि सिंह को पाकिस्तान ने डील के बाद धोखा दिया। इसके बाद कश्मीर भारत के साथ जुड़ा और बाकायदा विलय हुआ। ऐसे में कश्मीर के लोग भारतीय हैं, ये मेरा स्पष्ट विचार है। मेरा विश्वास है कि भारत आपकी लीडरशिप में आगे जाएगा। उम्मीद है कि इस बार पीओके का मामला भी हल होगा और कश्मीर भारत का हिस्सा बनेगा। उन्होंने अपने बारे में बताते हुए कहा कि मेरा ताल्लुक पीओके से है और मैं लंदन में रहता हूं। पीओके के लोग भी भारतीय नागरिक हैं। इसलिए भारतीय होने के नाते मैं भी आपकी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं।

पीओके से जिस तरह के वीडियो सामने आ रहे हैं वो ये दिखा रहे हैं कि पाकिस्तान की सेना पीओके के लोगों पर जुल्म कर रही है। पीओके के लोग भारत को बता रहे हैं कि पाकिस्तान से उनको आजादी चाहिए। चुनाव के दौरान जिस तरह से राजनेताओं ने पीओके को लेने की बात कही है वो भी ये दिखाता है कि वो पल दूर नहीं जब भारत का तिरंगा पीओके में लहराएगा। वैसे ये पहली दफा नहीं है कि पीओके से पाकिस्तान सरकार के सौतेले व्यवहार की कहानी सामने आई है। पीओके के नागरिकों के साथ ज्यादती करने हुए पाकिस्तानी सेना और हुक्मरान रंगे हाथ भी पकड़े गए थे।

## पाकिस्तान में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक... 2 लाख का कर्ज

### बीते 10 साल में कर्ज बढ़कर दोगुना हुआ

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान का आर्थिक संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे देश के सामने कई नई परेशानियां खड़ी हो रही है। पाकिस्तान ने बीते दस सालों में कर्ज लेने में रिकॉर्ड बना दिया है। पाकिस्तान पर 2013 के बाद से कर्ज पांच गुना बढ़ गया है। मार्च 2024 तक पाकिस्तान पर कर्ज 67.525 ट्रिलियन रुपए हो चुका है। इस कर्ज पर ब्याज देने में देश के राजस्व का बड़ा हिस्सा जा रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण से साफ होता है कि मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों में सार्वजनिक कर्ज पर कुल 5.5118 ट्रिलियन रुपए ब्याज दिया है। पाकिस्तान के सार्वजनिक ऋण में हर साल जो भारी वृद्धि हो रही है, वह मुख्य रूप से राजकोषीय घाटे के चलते है। इससे पाकिस्तान के दिवालिया होने तक का अंदेशा जाहिर किया जा रहा हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान वर्तमान में अगर अपने सभी सार्वजनिक ऋण चुकाने का फैसला करता है, तब उसकी जीडीपी का दो-तिहाई हिस्सा इसमें चला जाएगा। ये उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 63.67 प्रतिशत है। वर्तमान के बाजार मूल्य पर पाकिस्तान की जीडीपी का मूल्य वर्तमान में 106.045 ट्रिलियन (375 बिलियन डॉलर) है। यह दिखाता है पाकिस्तान ने राजकोषीय उत्तरदायित्व और ऋण सीमा अधिनियम (एफआरडीएलए) का भी उल्लंघन किया है, नियम के तहत सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में ऋण को 60 प्रतिशत से नीचे रखना होता है। अगर बीते 16 साल यानी 2008 के बाद से बात की जाए तब पाकिस्तान का कुल कर्ज ग्यारह गुना बढ़ा है। 2008 में पाकिस्तान पर कुल कर्ज 6.127 ट्रिलियन रुपए था।

पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2023/24 की रिपोर्ट में बताया गया है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर एक पाकिस्तानी पर 2,79,606 रुपए का कर्ज है। पाकिस्तान पर जून 2018 से मार्च 2024 तक सार्वजनिक कर्ज में नाटकीय तेजी आई है। इस दौरान घरेलू ऋण 16.416 ट्रिलियन रुपए से बढ़कर 43.432 ट्रिलियन रुपए हो गया। वहीं बाहरी ऋण 8.537 ट्रिलियन से बढ़कर 24.093 ट्रिलियन रुपए हो गया। कुल सार्वजनिक ऋण जून 2018 के 24.953 ट्रिलियन रुपए से बढ़कर मार्च 2024 तक 67.525 ट्रिलियन रुपए हो गया।

देश में पारदर्शिता बढ़ाने और निवेशक आधार में विविधता लाने के लिए सरकार ने 1998 के ट्रेजरी बिल नियमों और 2008 के इजारा सुकुक नियमों में संशोधन किया।

## माफी मांगने के कुछ दिनों बाद पोप फ्रांसिस ने एक बार फिर समलैंगिकों के बारे में किया अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल

**(एजेंसी)।** पोप ने समलैंगिक लोगों के खिलाफ एक बार फिर बेहद अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया है, जिसके लिए वह पिछले महीने ही माफी मांग चुके हैं। इतालवी मीडिया ने 20 मई को इतालवी बिशपों के साथ एक बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान पोप को ÷फ्रोसियागिन÷ शब्द के इस्तेमाल के लिए जिम्मेदार ठहराया था, जो एक अशिष्ट इतालवी शब्द है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद ÷फगोटनेस÷ के रूप में किया जाता है। एएनएसए के अनुसार, फ्रांसिस ने मंगलवार को रोमन पुजारियों से मुलाकात के दौरान इस शब्द को दोहराया और कहा कि वेटिकन में कट्टरता का माहौल है। समलैंगिक प्रवृत्ति वाले युवाओं को मदरसे में प्रवेश की अनुमति न दी जाए।



वेटिकन के प्रेस कार्यालय ने पुजारियों के साथ मंगलवार की बैठक के संबंध में जारी एक बयान का संदर्भ दिया, जिसमें पोप ने चर्च में समलैंगिक लोगों का स्वागत करने की आवश्यकता और उनके सेमिनारियन बनने के संबंध में सावधानी बरतने की आवश्यकता दोहराई थी। शब्द के उनके उपयोग की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद, कोरिएरे डेला सेरा अखबार ने कमरे में मौजूद अज्ञात बिशपों के हवाले से सुझाव दिया कि पोप, एक अर्जेंटीना के रूप में शायद यह महसूस नहीं किया होगा कि उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया इतालवी शब्द आक्रामक था।

## पारा 44 के पार... हज तीर्थयात्रियों को गर्मी से बचाने की तैयारी

### - भारतीय कर सकते हैं हाई-स्पीड ट्रेन से यात्रा

**रियाद (एजेंसी)।** हज के लिए दुनियाभर से करीब 20 लाख मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे हैं। सऊदी ने बड़े पैमाने पर हज के लिए तैयारी की है। इसके बाद भी कई तरह की मुश्किलें आ रही हैं। इसमें भीषण गर्मी से लेकर हज परमिट जैसे कई मामले हैं। यह देखकर सऊदी अरब ने हाजियों के लिए गाइडलाइन जारी की है। सऊदी के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार हज के दौरान सऊदी अरब में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस साल हज की शुरुआत 14 जून 2024 से होगी। इस दौरान मक्का और मदीना में तापमान सामान्य से 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने वाला है। यह देखकर सऊदी अधिकारियों ने गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। गर्मी के कारण तीर्थयात्रियों में हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ जाते हैं। पिछले साल भी हज के दौरान हजारों तीर्थयात्रियों को गर्मी से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा था, यह देखकर सऊदी अधिकारी जोखिम को कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं। सऊदी सरकार ने तीर्थयात्रियों, खासकर बुजुर्गों को सहज रखने के लिए वातानुकूलित टेंट की सुविधा दी है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य अधिकारी हाइड्रेटेड रहने, धूप से बचने वाले कपड़े पहनने और जब भी संभव हो छाया में रहने के महत्व पर जोर दे रहे हैं। सऊदी अधिकारियों की ने इस साल हज पर आए तीर्थयात्रियों के लिए जो सलाह जारी है। इसमें कहा गया है कि बिना प्यास के भी दिन भर खूब पानी पिएं, खुद को धूप से बचाएं, हल्के, हवादार कपड़े और टोपी पहनें, जब भी संभव हो छायादार जगहों पर आराम करें, दिन के समय ज्यादा देर धूप में ना रहें, हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के लक्षणों के प्रति सचेत रहें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा सऊदी अरब में भारतीय हज यात्री मक्का तक हाई-स्पीड ट्रेन से भी जा सकते है। इस साल पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों को सुगम और तेज यात्रा का लाभ मिलेगा। हाजी अब जेद्दा हवाई अड्डे पर उतरकर मक्का तक हाई-स्पीड ट्रेनों में यात्रा कर सकते है।



# टी20 विश्व कप में आज होगा बांग्लादेश और नीदरलैंड में मुकाबला

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप में गुरुवार को बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीम बड़ी जीत दर्ज कर सुपर आठ के लिए अपनी संभावनाएं बनाए रखने उतरेंगी। ग्रुप डी में बांग्लादेश की टीम अभी दूसरे स्थान पर है। इसके साथ ही उसके और डच टीम नीदरलैंड के बराबर दो दो अंक हैं पर बांग्लादेश की टीम बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अभी दूसरे स्थान पर है। वहीं नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं पर उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का अवसर है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और उसे भी सुपर आठ की दौड़ में बने रहने ये मैच किसी भी हालत में जीतना होगा। इस मैच में बांग्लादेश डच टीम को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी क्योंकि वह उलटफेर में सक्षम है।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश** = नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

**नीदरलैंड** = स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओडॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।



# टी20 विश्व कप में अबतक हावी रहे हैं गेंदबाज




**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिका में पहली बार खेले जा रहे आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक गेंदबाज हावी रहे हैं। यहां तक कि टीम की जीत भी गेंदबाज ही तय कर रहे हैं। अभी तक केवल ऑस्ट्रेलियाई टीम ही यहां 200 के आंकड़े तक पहुंच पायी है। वहीं अधिकतर टीम 150 रनों के अंदर ही सिमटी हैं। अभी तक खेले गये 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया है। फिर चाहे सामने कमजोर टीम हो या बराबरी के स्तर वाली।

सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

वहीं भारत के जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट लेकर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्नील बाटमैन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है।

टी-20 विश्वकप इतिहास में कुल सात गेंदबाज ने अब तक सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी।

# टी20 विश्वकप : ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया




**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** लेग स्पिनर एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप क्रिकेट के ग्रुप बी में नामीबिया को आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले आसान से लक्ष्य को केवल 34 गेंदों पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 34 और कप्तान मिचेल मार्श ने 18 रन बनाये। वहीं डेविड वार्नर ने आठ गेंद पर 20 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में जगह बना ली है। वहीं नामीबिया की यह तीन मैच में दूसरी हार है जिससे वह सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गया है।

वहीं स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ग्रुप बी से दूसरे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। नामीबिया की टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसकी ओर से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने सबसे अधिक 36 रन बनाए जिससे नामीबिया 43 रन पर आठ विकेट खोने के बाद मुश्किल से 50 रन के ऊपर पहुंच पायी। नामीबिया का ये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है। जंपा ने बीच के ओवरों में घातक गेंदबाजी कर चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए।

जंपा ने इसी के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी हासिल कर ली है। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। वहीं जोश हेज़लवुड ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन (10) और निको डेविन (02) को आउट किया। वहीं मार्कस स्टोइनिस ने तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए जबकि कप्तान पैट कमिंस और नाथन एलिस ने एक-एक विकेट लिया।

# पिच कठिन होने के कारण कनाडा के खिलाफ हासिल नहीं कर पाये नेट रन रेट : बाबर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने आईसीसी टी20 विश्व कप में कनाडा के खिलाफ सात विकेट से मिली जीत पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन पिच के कारण उनकी टीम के लिए इस मुकाबले में लक्ष्य हासिल करना कठिन रहा। पाक ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा को सात विकेट से हराकर अपनी सुपर आठ की संभावनाएं बनाये रखीं हैं। इस मैच में पाक टीम को बेहतर नेट रन रेट से जीत की जरुरत थी। उसी को लेकर बाबर ने कहा कि नेट रन रेट की बात उनके दिमाग में थी पर कठिन पिच के कारण इसे हासिल नहीं कर पाये। बाबर ने कहा कि हमें इस जीत की सख्त जरूरत थी। हमने अच्छी गेंदबाजी की थी। पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट सकारात्मक बनाने के लिए इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल करना था। उसे 0.626 से ज्यादा नेट रन रेट वाले अमेरिका को पीछे छोड़ने के लिए कनाडा के खिलाफ 13.5 ओवर में ही जीत हासिल करनी थी पर पाक ने कनाडा पर ये 15 गेंद रहते जीत हासिल की जिससे अब उसका नेट रन रेट -0.150 से 0.191 हो गया है। इस प्रकार वह अब भी अमेरिका से पीछे है और अगले दौर में जगह बनाने के लिए उसे आयरलैंड के खिलाफ 16 जून को होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के साथ ही उम्मीद करनी होगी कि अमेरिका अपने बचे हुए दोनों ही मैच हार जाए। बाबर ने कहा कि हमारे दिमाग में नेट रन रेट की बात थी पर पिच के कारण उसे हासिल करना कठिन रहा। पाक टीम पर कनाडा के खिलाफ जीत के बाद भी विश्व कप से बाहर होने का खतरा बना हुआ है। पाकिस्तान को कनाडा के खिलाफ वह मुकाबला बड़े अंतर से जीतना था जिससे कि वह अमेरिका से बेहतर रन रेट हासिल कर सके। पाक ने भले ही कनाडा को 106 रन पर रोक दिया पर 18वें ओवर में जीत हासिल की। इससे उन्हें नेट रन रेट में ज्यादा फायदा नहीं मिला।




# शार्दुल ठाकुर के पैर की लंदन में सर्जरी, तीन महीने के लिए बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के पैर की बुधवार को यहां सर्जरी हुई और संभावना है कि वह कम से कम तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की जिसका शीर्षक था, 'ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ।' यह शार्दुल के पैर की दूसरी सर्जरी है। इससे पूर्व पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी। इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि वह पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में शानदार वापसी करने में सफल रहे और मुंबई को अपना 42वां खिताब जीतने में मदद की। उन्होंने खिलाड़ियों के उबरने और तैयारी के लिए पर्याप्त समय के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मैचों के बीच लंबे ब्रेक का अनुरोध किया था। इंडियन प्रीमियर लीग के हाल में संपन्न सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने नौ मैच में 9.75 की इकोनॉमी रेट से केवल पांच विकेट लिए। शार्दुल बीसीसीआई के ग्रेड सी के वार्षिक अनुबंध धारक हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड द्वारा उठाया गया।



# रिजवान टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बने

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के नाम कनाडा के खिलाफ टी20 विश्वकप मुकाबले में एक ऐसा अनचाहा रिकार्ड जुड़ गया है जिससे वह भूलना चाहेंगे। रिजवान ने इस मैच में सबसे धीमा अर्धशतक लगाया। रिजवान ने इस मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। रिजवान ने कनाडा के खिलाफ 53 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए और इसके बाद अर्धशतक के लिए 52 गेंदें खेली। यह टी20 विश्वकप का अब तक का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे धीमे अर्धशतक का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम था। वार्नर ने भी इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इसके अलावा डेवोन स्मिथ ने बांग्लादेश के खिलाफ साल 2007 में 49 गेंदों जबकि डेविड हसी ने इंग्लैंड के खिलाफ 49 में शतक लगाया था। इस मैच में जीत से पाक के सुपर आठ में पहुंचने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

# पोंटिंग ने रोहित की कप्तानी को सराहा



न्यूयॉर्क। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि टी20 विश्व कप में जिस प्रकार से रोहित ने कप्तानी की है। उससे पता चलता है कि वह इसमें कितने कुशल हैं। रोहित ने इस मैच में छोटे स्कोर का बचाव करते हुए दबाव में आये बिना अपने गेंदबाजों पर भरोसा करते हुए उनका समर्थन किया। पोंटिंग ने एक वीडियो में कहा कि रोहित बहुत अनुभवी कप्तान हैं। मैंने उन्हें जब देखा तो कहा कि आपकी कप्तानी शानदार रही थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह इससे ज्यादा कुछ कर सकता था। आप उनकी टीम में मौजूद कई गेंदबाजों के बारे में सोचिए। उनके पास वास्तव में आईपीएल में भी ऐसे गेंदबाज हैं, सिर्फ भारत के लिए नहीं। पोंटिंग ने कहा कि इसलिए वह उन्हें समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें कब इस्तेमाल करना है। साथ ही कहा कि कप्तान के लिए योजना बनाना एक बात है, गेंदबाजों के लिए उसे अमल में लाना अलग बात है। हार्दिक पंड्या ने उस मैच में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। एक समय पाक टीम काफी अच्छी स्थिति में थी और 48 गेंदों पर जीत के लिए 48 रन ही बनाने और उसके पास काफी विकेट थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, पंड्या और मोहम्मद सिराज ने भारतीय टीमा को मैच में वापसी करायी। पोंटिंग ने कहा कि मुझे लगा कि पंड्या ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्व कप क्वालीफाइंग : भारत ने कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच' की मांग है। मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है।' ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया।

गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा। नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन' से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा। भारत के कोच इगोर स्टिमक ने बाद में निराशा जताते हुए कहा कि इस गोल ने उनकी टीम के सपने को खत्म कर दिया। गुरप्रीत ने भी इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा' करार दिया।



# इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर डैनी वायट ने फुटबॉलर जॉर्जी से शादी रचायी



लंदन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर डैनी वायट ने अपनी दोस्त और पेशेवर महिला फुटबॉलर जॉर्जी हॉज से शादी रचायी है। दोनों ने पिछले साल सगाई की थी और अब शादी कर ली है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में डैनी ने जॉर्जी को प्रपोज किया था, जिसके बाद दोनों ने सगाई की थी। डैनी वायट एक समय कभी भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के पीछे दीवानी थी। साल 2014 में उन्होंने ट्विटर पर विराट को प्रपोज करते हुए लिखा था, विराट मुझसे शादी कर लो। यह ट्वीट सोशल मीडिया पर काफी चर्चाओं में रहा था। विराट ने इस घटना का जिक्र करते हुए एक शो में कहा था कि उनकी मम्मी ने तक कहा था कि अभी मेरे बेटे की शादी की उम्र नहीं हुई है। विराट ने यह बात मजाक में कही थी और बताया कि उनकी मम्मी ने उन्हें कुछ कहने ही नहीं दिया। वायट और जॉर्जी की शादी की खबर से उनके प्रशंसक उत्साहित है और इन दोनो ही सोशल मीडिया के जरिये बधाई देते हुए दिखे।

# पेरिसओलंपिक में भी हार नहीं मानने के जज्बे को बरकरार रखेंगे विष्णु सरवनन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौकाचालक विष्णु सरवनन को तोक्यो में अपने पहले ओलंपिक में निर्भीक रवैये से काफी मदद मिली थी और अब वह अगले महीने पेरिस में भी इसी हार नहीं मानने की मानसिकता को जारी रखने के लिए तैयार हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में आस्ट्रेलिया में आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैम्पियनशिप से अपने दूसरे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इस 25 साल के नौकाचालक ने कहा, ''तोक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे नतीजे की इतनी परवाह नहीं थी। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था और मैंने ठीक प्रदर्शन किया था।'' सरवनन ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा करायी गयी वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह अनुभवी नौकाचालकों और उनकी उपलब्धियों से प्रभावित नहीं हुए जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा मिला। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ने कहा, ''उस निडरता ने मुझे सिखाया कि आप खुद को कुछ अनुभवी खिलाड़ियों से कमतर नहीं आंककर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। आपको सहजता के उस स्तर तक जाना होगा जहां आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और मुझे लगता है कि मैंने इस सत्र में सुधार किया है।'' उन्होंने कहा, '' मैं आत्मविश्वास से भरा था और मैं हार नहीं मानने के जज्बे से खेल रहा था तो मैं उन्हें हराना चाहता था।'' विश्व में 17वें नंबर के नौकाचालक सरवनन पिछले एक महीने से मार्सेल में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वहां वह ओलंपिक स्थल पर साइप्रस के लंदन 2012 रजत पदक विजेता पावलोस कोंटाइड्स और क्रोएशिया के रियो और तोक्यो रजत पदक विजेता टोन्सी स्टिपनोविच के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

# अल्कारेज ने एफिल टॉवर का टैटू बनवाया



पेरिस। फ्रैंच ओपन खिताब जीतने से उत्साहित स्पेन के कार्लोस अल्कारेज का लक्ष्य अब एक जुलाई से विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के लिए अभ्यास करना रहेगा हालांकि अभी वह ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने में लगे हैं। इसी के तहत ही उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रोला गैरा की जीत को याद रखने के लिए अल्कारेज ने ये टैटू बाएं टखने के पास बनवाया है। उनके टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं उससे ऐसा लगा है कि आने वाले समय में उनके पास टूटू के लिए जगह कम पड़ जाएगी। उन्होंने हालांकि कहा है वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे। इसकी जगह वह सबसे अहम टूर्नामेंट में से प्रत्येक के पहले खिताब की तारीखों तक ही सीमित रहेंगे। इसका मतलब है कि वह अब केवल ऑस्ट्रेलिया ओपन की तारीख अंकित करवाएंगे। 21 साल के अल्कारेज क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। इसके अलावा वह 19 साल की उम्र में एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने कहा, ''मेरा खेल हर सतह के अनुकूल है क्योंकि मैं उसका अभ्यास करता रहता हूं।'' उन्होंने सबसे पहले क्ले कोर्ट पर खेल सीखा। वह खुद को हार्ड कोर्ट पर सबसे अधिक सहज पाते हैं। उन्होंने वहां उत्कृष्टता हासिल करने की कोशिश की क्योंकि अधिकांश टूर्नामेंटों में इसका उपयोग किया जाता है।

# दिल्ली के श्रेयस दास नें जीता खेलो चैस इंडिया फीडे 100 इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट

**भोपाल, मध्य प्रदेश(एजेंसी)।** विश्व शतरंज के 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में चेसबेस इंडिया द्वारा स्थानीय कोलार स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित खेलो चैस इंडिया इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब दिल्ली के श्रेयस दास नें अपने नाम कर लिया। श्रेयस नें टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए 8 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि अंतिम राउंड में उनसे ड्रॉ खेलने वाले मध्य प्रदेश के रेवांश वैद्य 7.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान मिला मध्य प्रदेश के अनिल कुशवाहा को जिन्होने अंतिम राउंड में प्रदेश के हर्षित डावर को मात देते हुए 7.5 अंक बनाकर टाईब्रेक में तीसरा स्थान हासिल किया। 7 अंक बनाकर राजस्थान के ओजश जोशी बेहतर टाईब्रेक के साथ पर चौंथे स्थान पर रहे वहीं सातवे राउंड में उलटफेर का शिकार हुई टॉप सीड कोलंबिया की एंजेला फ्रांको वापसी करते हुए अंतिम दो मैच जीतकर टाईब्रेक के आधार पर 7 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रही, एंजेला टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही। अन्य खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश के हर्षित डावर, दिल्ली के कथन खुराना, मध्य प्रदेश के मीतांश दीक्षित, हरयाणा के मिलिंद पारले 7 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर छठे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 6.5 अंक बनाकर मध्य प्रदेश के कामद मिश्रा बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दसवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल 68 नए खिलाड़ियों को फीडे आईडी मिली तो करीब 20 नए खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग भी प्राप्त हुई।

प्रतियोगिता में भारत के 10 राज्यों और भारत के बाहर से कोलम्बिया से कुल 174 खिलाड़ियों नें भाग लिया।

**सागर शाह नें किया पुरूष्कार वितरण** - प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण में भारत के जाने माने और दुनिया के सबसे बड़े शतरंज विश्लेषक में शुमार इंटरनेशनल मास्टर सागर शाह नें सभी खिलाड़ियों को खास तौर पर मुंबई से भोपाल आकर पुरुस्कार वितरित किये।

एंजेला और माधवेन्द्र नें खेला साइमल शतरंज - अंतिम राउंड के बाद पुरूष्कार वितरण के ठीक पहले भोपाल में पहली बार एक साथ दो खिलाड़ियों नें साइमल शतरंज का प्रदर्शन किया। कोलंबिया की महिला इंटरनेशनल मास्टर एंजेला नें और भोपाल के अंडर 10 एशियन चैम्पियन माधवेन्द्र प्रताप शर्मा नें 10 - 10 खिलाड़ियों के साथ एक साथ शतरंज के मुक़ाबले खेले।

इसके अलावा एक खास कार्यक्रम के तहत सभी खिलाड़ियों और अतिथियों नें भारत के डी गुकेश को आने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में शुभकामनए देने के लिए संदेश भी लिखे।



# राजस्थान में मूंगफली व सरसों की खेती को और बढ़ावा देने की जरूरतः प्रो. सिंह




**श्रीगंगानगर** केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो. रामबदन सिंह ने कहा है कि राजस्थान में मूंगफली और सरसों की खेती को और बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत हर साल खाने के तेल का करीब 60 फीसदी विदेश से आयात कर देश में आपूर्ति करता है। जिस पर प्रतिवर्ष करीब 50 हजार करोड़ रू. खर्च होते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि राजस्थान मूंगफली और सरसों के उत्पादन में पूरे देश में अग्रणी है लिहाजा राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में जहां मूंगफली और सरसों का उत्पादन होता है, उसे बढ़ाने की जरूरत है। इससे हम प्रतिवर्ष 5 से10 फीसदी तक खाने के तेल का उत्पादन बढ़ा सकेंगे और आने वाले चार पांच सालों में ही भारत खाने के तेल को आयात करने से मुक्त हो सकता है। प्रो. सिंह आज बीकानेर में कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद संग्रहालय सभागार में आयोजित मूंगफली उत्पादन की उन्नत तकनीकी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में समूह प्रथम पंक्ति प्रदर्शन के तहत मंडाल, बीठनोक, बेनीसर, शोभासर, कावनी गांव के कुल 110 किसानों को मूंगफली की किस्म आरजी-110 का प्रदर्शन लगाने के लिए 20-20 किलो आदान प्रदान किया गया। प्रो. सिंह ने बताया कि पूरे विश्व के अन्न (मिलेट्स) का 40 फीसदी उत्पादन भारत में होता है और भारत के कुल मिलेट्स उत्पादन का 50 फीसदी हिस्सा राजस्थान से आता है लिहाजा राजस्थान पूरे विश्व में अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होने बताया कि अन्न का पौधा वातावरण की कार्बन-डाइ-ऑक्साइड को ग्रहण कर उसे जमीन और प्लांट में डालता है और ऑक्सीजन छोड़ता है लिहाजा अन्न इस प्लानेट को शुद्ध कर रहा है। क्लाइमेट चेंज के तनाव को कम कर रहा है। प्रो. सिंह ने बताया कि कार्बन इकोनॉमी को लेकर यूनाइटेड नेशन्स ने बहुत बड़ा फंड इकट्ठा किया है। इस फंड को भारत सरकार यूनाइटेड नेशन्स से लेकर मिलेट्स के किसानों को बांटे ताकि मिलेट्स की खेती को और बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि मिलेट्स में गेहूं से तीन गुना ज्यादा और चावल से दस गुना ज्यादा फाइबर होता है। लिहाजा मिलेट्स उत्पादन को प्रमोट करने की आवश्यकता है। साथ ही बताया कि पिछले साल दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन में भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्व बढ़ाने में मिलेट्स उत्पादन में नंबर वन होने के चलते राजस्थान ने अहम भूमिका निभाई। यूनाइटेड नेशन्स ने मिलेट्स की महत्ता को देखते हुए ही वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय अन्न वर्ष घोषित किया था। इससे पहले कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि फसलों के मूल्य संवर्धन से किसान अपनी आय बढ़ा सकता है। अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने किसानों को समय पर बुवाई, बीज को उपचारित कर बोने, बीज की सही मात्रा बोने समेत अन्य जानकारी दी। प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने केवीके के कार्यों व उनकी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों ने भी अपनी समस्याएं कृषि वैत्रानिकों को बताई। उपनिदेशक प्रसार डॉ राजेश कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, भू सादृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम, मानव संसाधन निदेशालय निदेशक डॉ ए.के.शर्मा, डीपीएमई डॉ योगेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पी.सी.गुप्ता, इं जे.के.गौड़, केवीके अध्यक्ष डॉ दुर्गा सिंह, कृषि पर्यवेक्षक राजेन्द्र सिंह शेखावत समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ केशव मेहरा ने किया।

## गोविंद शर्मा पर केंद्रित 'बालवाटिका' के अंक का विमोचन 17 जून को

**हनुमानगढ़**। जिले में संगरिया के वरिष्ठ बाल साहित्य रचनाकार एवं साहित्य अकादेमी से पुरस्कृत गोविंद शर्मा पर केंद्रित भीलवाड़ा की बाल साहित्य पत्रिका 'बालवाटिका' के अंक का विमोचन 17 जून को सायं पांच बजे श्रीगंगानगर में जवाहरनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर समिति में सृजन सेवा संस्थान के तत्वावधान में होगा। सृजन के अध्यक्ष डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जयदीप बिहाणी होंगे। अध्यक्षता यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक करेंगे। सान्निध्य बालवाटिका के सम्पादक डॉ. भैरूलाल गर्ग का होगा। वरिष्ठ साहित्यकार एवं उप संपादक डॉ. रेखा लोढ़ा स्मित विशिष्ट अतिथि होंगी। पत्रवाचन गोविंद शर्मा के बाल साहित्य पर पीएचडी कर रही मेघा बंसल करेंगी।

# कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तर पर निकाली ऑन-लाईन लॉटरी




**हनुमानगढ़**। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में बुधवार को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑन-लाईन लॉटरी निकाली गई। योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा के कृषक श्री मंजीत पाल के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के कृषक शाह मोहम्मद के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और उदयपुर मण्डी के कृषक प्रभुलाल के 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला। योजना में सम्बन्धित कृषक को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है। मण्डी उक्त भुगतान राशि का पुनर्भरण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से प्राप्त करती है। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लिए कृषि उपज को ई-नाम के माध्यम से विक्रय करने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने एवं कृषकों को अपनी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के तहत पुरस्कार मण्डी स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में गेट पास की विक्रय पर्चियों तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों के आधार पर अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रूपये के ईनाम दिये जाते है। खण्ड स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में 50 हजार रूपये, 30 हजार रूपये और 20 हजार रूपये प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर दिये जाते है। साथ ही राज्य स्तर पर वर्ष में एक बार प्रथम पुरस्कार 2 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 1 लाख रूपये के दिये जाते है। इस दौरान निदेशक कृषि विपणन विभाग जय सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग श्रीमती कौशल्या सांकृत्य, प्रभारी योजना प्रमोद कुमार सत्या और कृषि विपणन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## रोडावाली पुस्तकालय में समर कैम्प का आनंद ले रहे बच्चे

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिले के मॉडल पुस्तकालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्राथमिक अनुभाग) रोड़ावाली में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक के आदेशानुसार दिनांक 11 से 14 जून 2024 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जोनल कोर्डिनेटर महेंद्र सिंह और जिला एस.आर.जी. सदस्य सुभाष माकड ने बताया कि समर केम्प का उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मकता एवं रचनात्मक गतिविधियों के अलावा पठन, लेखन कौशल, खेल गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों को शामिल करना है, जिसमे बच्चे पढ़ने का आनंददायक और सार्थक उपयोग कर सके। डाइट पुस्तकालयाध्यक्ष सुभाष माकड ने अपने अवलोकन विजिट में बताया कि समर कैंप में बच्चों द्वारा कहानी सुनना, कहानी बनाना, नाटक, ओरिगेमी, पेपर कटिंग, स्टोन सजावट वर्क के साथ ड्रॉइंग-पेंटिंग के दौरान धागा पेंटिंग, थम्ब पेंटिंग आदि का कार्य किया जा रहा है। समर केम्प में अभिभावकों द्वारा भी अपने अनुभव साझा करने और स्थानीय कहानियां सुनाने से बच्चों के उत्साह बल मिलता है। समर केम्प के समापन के दिन अभिभावकों के समक्ष बच्चों द्वारा प्रदर्शनी, नाटक आदि का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

## प्रथम पेज का शेष...

### राजस्थान बनेगा...

पंत, एसीएस शिखर अग्रवाल व प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के अंतर्गत राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के माध्यम से कार्मिकों-पेंशनरों को दवाईयों की होम डिलिवरी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग हो। बकाया घोषणाओं को संबंधित विभाग की समीक्षा बैठक में शामिल किया जाए, ताकि विभागीय स्तर पर त्वरित निर्णय लिए जा सके। विकास कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जमीनों का भौतिक सत्यापन हो, ताकि देरी नहीं हो। बालिकाओं-महिलाओं की सुरक्षा राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है।

### छह जिलों में...

उदयपुर और राजसमंद का नाम शामिल है। कोविड के बाद राजस्थान में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने इस सूची में 10 लाख नए लोगों के नाम जोड़े थे। इसके लिए अप्रैल 2022 से आवेदन लेने शुरू किए थे और उन्हें मार्च 2023 तक जोड़ने का काम किया था। हालांकि उस समय राज्य सरकार ने एनएफएसए के लिए निर्धारित कोटा खाली होने पर नए नाम शामिल करने के लिए आवेदन लिए थे।

### राहुल ने की...

सिंह को मंत्री नहीं बनाए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा-इतने बड़े क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार सांसद बनना आसान नहीं होता है। आपके खिलाफएंटी इनकंबेंसी हो जाती है। ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि बीजेपी में मंत्री बनाने का पैरामीटर क्या है? हर कोई यह सवाल पूछ रहा है। हमारे पास भी फोन आ रहे हैं। कुछ तो पहली बार में ही मंत्री बन गए। हारे हुए को मंत्री बना दिया। वहीं पांच-पांच बार वाले सांसद भी मंत्री नहीं बन पाए। किस फॉर्मूला से मंत्री बनाए हैं, यह तो बीजेपी ही बता सकती है। लेकिन, काफी लोगों के मन में यह बात है कि दुष्यंत सिंह को पांचवीं बार सांसद बनने पर भी इस बार मंत्री क्यों नहीं बनाया।

**सीएम भजनलाल से उम्मीद करना बड़ी बात**

लोकसभा चुनाव में सीएम भजनलाल शर्मा की परफॉर्मेंस के सवाल पर राहुल कस्वां ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा से उम्मीद करना बहुत बड़ी बात हो जाती है। उन्हें अभी टाइम भी कम हुआ है। दो महीने में वो क्या तो समझ पाते। क्या स्ट्रक्चर है।

उनको जितना राजेंद्र राठौड़ ने समझाया, उतना वो समझ गए। उनके लिए कहना ठीक नहीं होगा। उन्हें समय ही नहीं मिला। दो महीने में आप स्टेट को क्या समझ लेंगे। प्रदेशाध्यक्ष मीटिंग करते तो जो भी इश्यू होते, उन्हें हल करते। मैंने उनसे कहा भी था, आप जिम्मेदारी के पद पर बैठे हो। आप अन्याय कैसे कर सकते हो। आपको समझ में नहीं आता तो आप किसी ओर को साथ में बैठाते।

**शेखावटी में काका का अहंकार हार की वजह**

सांसद राहुल कस्वां ने राजेंद्र राठौड़ पर तंज कसते हुए कहा-चूरू और पूरे शेखावाटी अंचल में बीजेपी काका (राजेंद्र राठौड़) के अहंकार की वजह से चुनाव हारी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई कम्युनिकेशन ही नहीं था। यह लोग मानकर चल रहे थे कि हमें कौन हराएगा। हमारी तो लकड़ी भी जीतती है। इसका बहुत बड़ा खामियाजा इन्हें उठाना पड़ा है। पार्टी लीडरशिप ने हमेशा प्रॉब्लम को देखकर अनदेखा करने की कोशिश की है।

### तपेगा हनुमानगढ़..

टोंक और राजसमंद जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में आज सुबह से आसमान में बादल भी छाए है। दोपहर बाद यहां गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की ओर से 13, 14 और 15 जून का उदयपुर, कोटा संभाग के जिलों (उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बारां, झालावाड़, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा) में गरज-चमक के साथ बारिश होने और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने के साथ ओले गिरने की भी चेतावनी जारी की है। वहीं, मौसम मानसून भी इस बार समय से पहले आने की संभावना है। क्योंकि मानसून की अरब सागर वाली लाइन बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और ये गुजरात की सीमा तक प्रवेश कर चुकी है और मध्य प्रदेश की सीमा के नजदीक आ चुकी है।

### गौरव बैद बने..

देखते हुए अध्यक्ष गौरव बैद का नाम आगामी कार्यकारणी के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जिसे पूरे सदन ने कर्तव ध्वनि से सर्मथन देते हुए आगामी कार्यकाल के अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा। उक्त चुनावी प्रक्रिया संरक्षक सुरेन्द्र जैन, डॉ. विक्रम जैन व राजेश जैन की देखरेख में समपन्न हुई। बैठक में मुदित बांठिया, पारस राखेचा, मुदित बोथरा, अरिहन्त जैन, हिमांशु डागा, अनुराग बांठिया, पंकज कोठारी, गौरव सुरवानी, मनोज बैद, जियेश बांठिया, कौशल राखेचा, अंकुर बांठिया, सौरभ बैद व अन्य सदस्य मौजूद थे।

### बेकर्स की दुकान...

बेकर्स की दुकान में बुधवार शाम को शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब 20 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया सभापति ने कहा कि दुकान संचालक राधेश्याम ने अभी 2 महीने पहले ही दुकान की ओपनिंग की थी आग लगने के करीब डेढ़ घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया फिलहाल जंक्शन पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। रणवां ने कहा कि अगर जंक्शन पुलिस के जवान और फायर ब्रिगेड समय से नही पहुचती तो ओर भी बड़ा नुकसान हो सकता था लेकिन सभी के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। इस मौके पर पार्षद गुरदीप सिंह बराड़ बब्बी, नारायण नायक, सागर शर्मा आशीष पारीक सूचना मिलने पर मोके पर पहुचे।

### नगरपरिषद आपके...

जेईएन को इस संबंध में अनेकों बार सुचित कर निवेदन किया गया, परन्तु किसी भी तरह की सुनवाई नही हो रही है। सभापति सुमित रणवां ने आश्वस्त किया कि उक्त सड़क की टेण्डर प्रक्रिया हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा व वार्डवासियों को राहत मिलेगी, जिस पर वार्डवासी शांत हुए। इसी के साथ दोनो वार्डो में सफाई व्यवस्था दुरूस्त मिली जिसके लिए सभापति ने वार्डवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्डवासियों ने शहर में हुए विकास कार्य व विधायक गणेशराज बंसल के नक्शे कदम पर चलते हुए सभापति सुमित रणवां द्वारा चलाये गये अभियान की प्रशंसा करते हुए पार्षद सुरेश धमीजा के नेतृत्व में सभापति व जनप्रतिनिधियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

### धानसिया में...

योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। चिकित्सा विभाग के डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विधार्थी ने नशा मुक्ति के लिए आमजन को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि धानसिया पंचायत में नशे की प्रवृति कम है, इसलिए इसके नशा मुक्त ग्राम पंचायत की और प्रयास किए जा सकते है। जिला कलेक्टर ने गांव की पीएचसी पर नशा मुक्ति को लेकर काउंसलिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। गांव के युवा मुकेश कुमार ने कहा कि आज नशे के कारण मेरे परिवार की हालात बहुत नाजुक है, इसलिए ग्राम वासियों से अपील है कि नशा छोड़ दे।

सुरजनसर, जोखासर, नगरासरी, खरसंडी, भावलदेसर से ग्रामीण पेयजल की परिवेदनाएं लेकर आए। खरसंडी से आए ग्रामीण गुगन कस्वां, दौलतराम सिंवर, आत्माराम ने बताया कि पानी के अवैध कनेक्शन के कारण ऊंचाई पर तथा अंतिम घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के एक्सईएन और जेईएन को इसकी जांच कर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए तथा जिला कलेक्टर ने कहा कि कोई भी घर पेयजल से वंचित नहीं रहना चाहिए, जरूरत हो तो पानी सप्लाई के समय में वृद्धि करें। धानसिया गांव के परिवादी श्री शिव भगवान ने बताया कि गांव के 200 घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी एक्सईएन को निर्देश दिए कि ग्रामवासियों के साथ बैठक कर, आगामी 15 दिन में इन घरों में पेयजल सप्लाई सुचारू हो। एक किसान ने बताया कि सिंचाई विभाग ने डिग्गी के लिए उसकी 4 बीघा भूमि अवाप्त कर ली, जिसका मुआवजा पिछले 3 वर्षों से नहीं मिला। जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि बीकानेर से इसका जल्द ही समाधान करवा कर मुआवजा दिलवाया जायेगा। खुईया सरपंच सुमेर सिंह ने बताया कि पिछले दिनों आए तूफान के कारण कृषकों और आमजन को भारी नुकसान हुआ, जिसका सर्वे करवाकर आमजन को मुआवजा दिया जाए। जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को इसका सर्वे/जांच करने के निर्देश दिए। धानसिया के गांव वासियों ने बताया कि नहर तथा माइनरों के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमियों ने कब्जा कर रखा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए। जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा हो। भारत मुक्ति मोर्चा के महावीर ने अवैध रूप से काटे जा रहे वृक्षों पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टर को परिवाद दिया। जिस पर जिला कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों, नोहर पुलिस के सीओ ईश्वर सिंह को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा घर के ऊपर से निकल रही विद्युत लाइन को हटवाने, आवास योजना में आवास दिलवाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, साइबर फ्रॉड की रकम को वापिस दिलवाने जैसे परिवाद दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अत्यधिक दूरी होने से आपको जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं है, किसी भी तरह की शिकायत को टोल फ्री नंबर 181 पर भी दर्ज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि इन परिवेदनाओ को भी संपर्क पोर्टल पर ही दर्ज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय से सर्वाधिक दूर होने के बावजूद सबसे कम शिकायत वाली ग्राम पंचायत है। उन्होंने कहा की फसल बीमा को लेकर जो प्रकरण बताए है, उनका जल्द ही समाधान करवाएंगे। काना राम ने कहा कि वे वर्ष 2022-23 के क्लेम का निर्णय करके आए है, शीघ्र ही कंपनी द्वारा क्लेम जारी किया जाएगा। रबी 2023-24 का बीमा क्लेम जल्द ही खातों में आ जाएगा।

### जल जीवन मिशन...

गांधी नरेगा से कार्य स्वीकृत करवाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पानी का अनावश्यक प्रयोग ना करें तथा इसकी कीमत को समझे।

**मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना (मा) अंतर्गत निःशुल्क ईलाज**

जिला कलक्टर ने बताया कि सरकारी तथा निजी अस्पतालों में जो व्यक्ति मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के पात्र हैं वह निशुल्क इलाज करवा सकते है। आप जब भी अस्पतालों में इलाज करवाने जाए तो जन आधार कार्ड साथ लेकर जाए तथा उन्हें पूछे कि क्या वह अस्पताल इस दायरे के अंतर्गत है। जिला कलेक्टर ने गांव वासियों से 1 जुलाई से स्कूल खुलने पर गांव के पढ़ने की उम्र के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करवाने की अपील की। खेतों के कार्य में न लगाया जाए तथा शिक्षा विभाग जब भी अभियान चलाए तो उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। रात्रि चौपाल में सीईओ सुश्री सुनीता चौधरी, नोहर एसडीएम पंकज गढ़वाल, सरपंच गोपाल कुमार, सीओ ईश्वर सिंह, तहसीलदार श्रीमती भार्गवी संदू सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### विवाह 43 वीं वर्षगांठ पर बधाई



रावतसर। पूर्व पार्षद भंवरसिंह सूडा - संतोष कंवर दंपति को विवाह की 43वीं वर्षगांठ पर पूरणसिंह- अनिता कंवर,राजेन्द्र सिंह-ममता कंवर, भूपेंद्र सिंह-बिंदु कंवर,मोहितराज, कल्पना कंवर, कनुप्रिया, कुसुम कंवर,जीपी सिंह, दुष्यंत सिंह सहित परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

### युवक की कीटनाशक दवा पीने से मौत

श्रीगंगानगर। जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में कीटनाशक दवा का सेवन करने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि गांव गुडली निवासी मांगीलाल बीकानेर के एक अस्पताल में प्रचार के लिए भर्ती था। उसने कल मंगलवार को दम तोड़ दिया। मांगीलाल के ससुर सहीराम नायक निवासी मालासर थाना जामसर,बीकानेर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। जांच कर रहे हवलदार महावीर ने बताया कि मांगीलाल मजदूरी करता था। उसने विगत 18 मई को कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। घरवालों ने पता चलने पर उसे श्रीबिजयनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के बाद डॉक्टरों ने मांगीलाल को श्रीगंगानगर रेफर कर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत न्यौलखी पंचायत समिति रावतसर, हनुमानगढ़**

क्रमांकः30 दिनांकः 12.06.2024

**निविदा सूचना 01/2024-25**

राजस्थान राज्यपाल की ओर से ग्राम पंचायत न्यौलखी में निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधी सम्पूर्ण विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय में किसी कार्य दिवस में अवलोकन किया जा सकता है एवं डीआईपीआर की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc. rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। जिसके NIB code : ZHG2425A0004nd UBN is : ZHG2425WSRC00004 है।

सरपंच ग्राम पंचायत न्यौलखी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत न्यौलखी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मालासर पंचायत समिति रावतसर, हनुमानगढ़**

क्रमांकः18 दिनांकः 12.06.2024

**निविदा सूचना 01/2024-25**

राजस्थान राज्यपाल की ओर से ग्राम पंचायत मालासर में निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधी सम्पूर्ण विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय में किसी कार्य दिवस में अवलोकन किया जा सकता है एवं डीआईपीआर की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc. rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। जिसके NIB code : ZHG2425A0003 and UBN is : ZHG2425WSRC00003 है।

(विमला) सरपंच ग्राम पंचायत मालासर — (संकेत कुमार) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मालासर

**कार्यालय जिला कलक्टर हनुमानगढ़**

Mail:-dm-han-rj@nic.in, esttcoll.hanumangarh@rajasthan.gov.in ph:01552-260001

क्रमांकःएफ1(04)(04)स्था./विविध/2024/ दिनांकः- /06/2024

**विज्ञप्ति**

हनुमानगढ़ जिले में निम्न कार्यालयों हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधार पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 29.02.2025 अथवा नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक (जो भी पहले हो) हेतु सेवानिवृत कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः-

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | लोक अभियोजक हनुमानगढ़ | 01 |
| 2 | अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक संख्या-01 हनुमानगढ़ | 01 |
| 3 | अपर लोक अभियोजक (सिविल) हनुमानगढ़ | 01 |
| 4 | विशिष्ठ लोक अभियोजक(अजा/अजजा) हनुमानगढ़ | 01 |
| 5 | विशिष्ठ लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) हनुमानगढ़ | 01 |
| 6 | विशिष्ठ लोक अभियोजक लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 तथा बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 हनुमानगढ़ | 01 |
| 7 | अपर लोक अभियोजक संख्या 02 हनुमानगढ़ | 01 |
| 8 | अपर लोक अभियोजक नोहर | 01 |
| 9 | अपर लोक अभियोजक संख्या 02 नोहर | 01 |
| 10 | अपर लोक अभियोजक भादरा | 01 |
| 11 | विशिष्ठ लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक, रावतसर | 01 |

**अनुबंध की सामान्य शर्तेः-**

1. सेवानिवृत कर्मचारी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होगी चाहिए तथा संबंधित पद से राज्य कर्मचारी सेवानिवृत होना आवश्यक है। 2. कर्मचारी को कार्मिक विभाग के पत्रांक एफ 17(10)डीओपी/ए-द्वितीय/94 दिनांक 28.03.2023 के अनुसार सेवानिवृत कार्मिकों की पुनर्नियुक्ति सेवा के प्रयोजनार्थ समेकित पारिश्रमिक राशि उक्त परिपत्र के अनुसार देय होगी। 3. इन पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम दिनांक 18.06.2024 है। आवेदन पेंशन नियम 1996 में निर्धारित फार्म संख्या 25 को पूर्ण कर अंतिम वेतन प्रमाण पत्र व पीपीओ की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।

(काना राम) जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

डीआईपीआर/सी/4241/2024

**कार्यालय तहसीलदार भू.अ. पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़-राज.**

क्रमांकःभू.अ./1452 दिनांकः 11.06.2024

**आम सूचना**

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि बलवीर कौर पत्नी कृपाल सिंह जाति जटसिख निवासी कोठे (पंजाब)(मृत्यु दिनांक 12.12.2018) द्वारा कृषि भूमि चक 9 एलजीडब्ल्यू, 11 एलजीडब्ल्यू की 0.449 हे. की वसीयत दिनांक 14.06.2018 को निम्न के पक्ष में निष्पादित की गईः-

**गुरदीप कौर-सुखदीप कौर पुत्रियां बलवीर कौर पत्नी कृपाल सिंह ब.हि.ब.सा. माणुका (पंजाब)**

प्रकरण ईन्तकाल दर्ज करने हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है। यदि किसी को उक्त वसीयत के आधार पर नामांतरकरण खोलने बाबत कोई एतराज हो तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस में इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर देवें अन्यथा बाद गुजरने मियाद एक तरफा निर्णय की कार्रवाई अमल में ली जावेगी एवं कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार (भू.अ.), पीलीबंगा

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय पंचायत समिति रावतसर, जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकःपसरा/लेखा/मृत पशु हड्डी ठेका नीलामी/2024-25/226 दिनांकः 10.06.2024

**मृत पशु हड्डी ठेका पुनः नीलामी सूचना वर्ष 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति रावतसर के क्षेत्राधिकार की 36 ग्राम पंचायतों में मृत पशुओं की हड्डियों को एकत्रित करने एवं उठानें ठेका वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) की निलामी इस कार्यालय में पूर्व में आयोजित की गई थी लोकसभा आम चुनाव 2024 के आदर्श आचार संहिता के कारण बोली सफल नहीं हो सकी अतः पुनः उक्त अवधि के लिए मृत पशु हड्डी ठेका निलामी पंचायत समिति कार्यालय में दिनांक 19.06.2024 को दोपहर 1:00 बजे खुली बोली द्वारा कार्यालय में गठित उपापन समिति द्वारा नीलामी की जावेगी । अतः जो व्यक्ति/फर्म अथवा संस्था उक्त बोली में भाग लेने हेतु इच्छुक हो वे उक्त निर्धारित दिनांक को प्रातः 11:00 बजे तक धरोहर राशि के रूप में 50000 रूपये (अखरे पच्चास हजार रूपये मात्र) जमा करवाकर 1:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकता है। न्यूनतम बोली 27.50 लाख रूपये होगी। बिना कारण बताये बोली निरस्त करने बोली समय में संशोधन करने इत्यादि अधिकार उपापन कमेटी के पास सुरक्षित होगा। बोली से सम्बंधित अन्य समस्त संशोधित शर्ते / नियम विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में बिना किसी शुल्क के कार्यालय में देखी जा सकती है।

विकास अधिकारी, पंचायत समिति रावतसर

# विद्यालयों में सुदृढ़ हों इंफ्रास्ट्रक्चर, बच्चों के लिए हों समुचित सुविधाएं: शेखावत

» अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने जिला निष्पादन समिति एवं मिड डे मील की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति एवं मिड डे मिल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने ने कहा कि विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण के लिए काम हो और बच्चों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित हों। विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार एवं जिले को रैंकिंग में अव्वल लाने की कोशिश के साथ अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि टाइमलाइन निर्धारित करते हुए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास व उपलब्धता के लिए अपेक्षित गतिविधियां संपादित करें। बच्चों के भविष्य के लिए खेल सुविधाओं, कम्प्यूटर तथा शिक्षण सुविधाओं का विस्तार करें। मिड डे मिल पर चर्चा करते हुए एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर गुणवत्तायुक्त एवं समुचित पोषाहार उपलब्ध करवाना हमारी जिम्मेदारी है, इस दिशा में समुचित मॉनीटरिंग करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीरसिंह यादव ने विद्यालयों में खेल मैदान, सीसीटीवी, बिजली कनेक्शन विहीन विद्यालय, शून्य नामांकन वाले विद्यालय, शालादर्पण, आधारभूत सरंचनाओं के विकास, केजीबीवी, एसएमसी व एसडीएमसी, स्मार्ट क्लास रूम, राजकीय विद्यालयों में अतिक्रमण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सहित बिन्दुओं की प्रगति की जानकारी दी तथा इनके सुचारु रूप से क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) संतोष महर्षि ने मिड डे मील व बाल गोपाल योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी। जिला साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया ने उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निदेशालय साक्षरता द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिले को 40,000 असाक्षरों का सर्वे कर उनको स्वयंसेवी शिक्षकों से साक्षरता कक्षाओं का संचालन कर साक्षर करने का लक्ष्य आवंटित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि जिले के बीदासर के 3856, चूरू के 4380, राजगढ़ के 7452, रतनगढ़ के 5664, सरदारशहर के 8772, सुजानगढ़ के 5924 तथा तारानगर के 3944 असाक्षरों का सर्वे करने का लक्ष्य माह मई में आवंटित किया जा चुका है। इस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शेखावत ने आवंटित लक्ष्यानुसार सर्वे कार्य 20 जून तक पूर्ण करने हेतु सभी सीबीईईओ व जिला साक्षरता अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में एसीईओ दुर्गा ढाका, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, एडीईओ कमल कुमार शर्मा, सीडीपीओ मुकेश तिवाड़ी, तारानगर सीबीईओ सुमन जाखड़, चूरू सीबीईओ ओमदत्त सहारण, अति. जिला परियोजना समन्वयक सांवरमल गहनोलिया, सरदारशहर सीबीईओ अशोक कुमार पारीक, रतनगढ़ सीबीईओ भंवरलाल डूडी, राजगढ़ सीबीईओ बबलेश शर्मा, सुजानगढ़ एसीबीईओ मंजू पंवार, कृष्ण पंवार, परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी सहित समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध: राठौड़

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



घन्टेल में पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरलाल सहारण ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति सदस्य विक्रम सिंह कोटवाद, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला परिषद् सदस्य सम्पत सिंह राठौड़ जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी एवम् विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़ थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्व है और इसके लिए आने वाले समय में विकास कार्य करवाकर गांव को और भी समृद्व किया जायेगा। उन्होने कहा कि धण्टेल ग्राम पंचायत में इस सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणो को लाभ होगा यह इस क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य है उन्होने विश्वास व्यक्त करते हुऐ कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार और प्रदेश की भजनलाल शर्मा की सरकार किसानो की समृद्वि के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए संकल्पबद्व है। उन्होने उदाहरण देते हुऐ कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब अपना तीसरा कार्यकाल प्रारंभ किया तो उनका सबसे पहला कदम किसान सम्मान निधि की राशि जारी करना था। इससे यह सिद्व होता है कि उनके मन में गांव गरीब और किसान के प्रति कितनी श्रद्वा है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आने वाले समय में किसी भी प्रकार से विकास की कमी नही रहने दी जायेगी। इस संदर्भ में हम लोग लगातार प्रदेश के मंत्रीयों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से उन्हे अवगत करवा रहे है और जल्द ही सारी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। उन्होने किसानो को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार उन्हे यथोचित सम्मान दे रही है। जिस प्रकार प्रदेश की सरकार मे किसान सम्मान निधि में बढोतरी की है इससे प्रदेश के लाखो किसानो को लाभ होगा। उन्होने कहा कि आने वाले समय में उनके लिए और भी विकास कार्य करवाये जायेगे। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य विक्रम कोटवाद, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, जिला परिषद् सदस्य सम्पत सिंह राठौड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सरपंच नवल राठौड़ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल ने किया।

## 'रेलवे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टीटीआई सम्मानित'



**श्रीगंगानगर।** उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल पर कार्यरत सुखविंदर सिंह टीटीआई तथा सुरेश कुमार टीटीआई को वर्ष 2023-24 में रेल सेवा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बुधवार को पुरस्कृत किया गया। सुखविंदर को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश चंद जेवलिया तथा सुरेश कुमार को मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुउर्वशी शेखावत ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक (एफएस) होशियार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक (पीएस) राजकुमार स्वर्णकार तथा सीटीआई/हिसार राजन कुमार भी उपस्थित रहे। सुखविंदर सिंह ने स्क्वाड वर्किंग के दौरान वर्ष 2023-24 में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 6,705 मामले पकड़े जिनसे किराए के रूप में 9,29,925 रुपए व अतिरिक्त किराए के 16,79,130 रुपए सहित कुल 26,09,125 रुपए का राजस्व अर्जित किया। सुरेश कुमार ने स्लीपर वर्किंग के दौरान वर्ष 2023-24 में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 1,141 मामले पकड़े जिनसे किराए के रूप में 4,28,350 रुपए व अतिरिक्त किराए के 2,95,540 रुपए सहित कुल 7,23,890 रुपए का राजस्व अर्जित किया।

## मुख्यमंत्री से की गाजर मंडी और कैंसर हॉस्पिटल निर्माण करवाने की मांग

### मुख्यमंत्री ने कार्यवाही हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश




**श्रीगंगानगर।** गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने बुधवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की। विधायक द्वारा मुख्यमंत्री से गंगानगर मे गाजर मंडी बनवाने तथा कैंसर हॉस्पिटल बनवाने हेतु निवेदन किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि गंगानगर एवं आसपास के इलाकों के निवासियों को कैंसर के इलाज हेतु बीकानेर या जयपुर जाना पड़ता है। इसलिए गंगानगर मुख्यालय पर कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण करवाया जाए, जिससे इस क्षेत्र के रोगियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कैंसर हॉस्पिटल हेतु भूमि चिन्हित की जाकर आवंटित की जाए एवं जल्द ही निर्माण प्रारंभ किया जाए। गाजर मंडी शुरू करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाये। इस अवसर पर सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ और मनीष गर्ग मौजूद रहे।

## पंचायती राज उपचुनाव को लेकर प्रकोष्ठों का गठन

**श्रीगंगानगर।** पंचायती राज उपचुनाव को लेकर विभिन्न 10 प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि उप चुनाव के लिये निर्वाचन शाखा, मतदान दलों का गठन, कानून व्यवस्था, यातायात, ईवीएम प्रकोष्ठ, प्रशिक्षण, मतपत्र मुद्रण प्रकोष्ठ, लेखा प्रकोष्ठ, सांख्यिकी, रूट चार्ट एवं आईटी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसी प्रकार नगरीय निकाय के उपचुनाव के लिये भी 18 प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। उप चुनाव के लिये निर्वाचन शाखा, मतदान दल, प्रशिक्षण, चुनाव भण्डार, वाहन व्यवस्था, मतदान दल रवानगी, मतपत्र मुद्रण, ईवीएम कमीशनिंग, पुलिस जाब्ता, भुगतान, वीडियोग्राफी, मतपत्र, सांख्यिकी एवं आचार संहिता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

# किशोरी को न ढूंढने से नाराज लोगों का एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



बिहार के परिवार की नाबालिग बच्ची को करीब डेढ़ माह बाद भी न ढूंढ पाने के विरोध में सीटू कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सीटू पदाधिकारियों की पुलिस उप अधीक्षक रणवीर साईं के साथ वार्ता हुई। वार्ता में सीटू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द किशोरी को बरामद नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। माकपा नेता रामेश्वर वर्मा ने बताया कि बिहार का एक परिवार मजदूरी करने के लिए हनुमानगढ़ के एक ईंट भट्ठा पर आया हुआ है। करीब डेढ़ माह पहले इस परिवार की नाबालिग बच्ची को कुछ बदमाश उठाकर ले गए। तब से परिवार के सदस्य पुलिस के आगे मिन्नतें कर रहे हैं लेकिन पुलिस ने न तो लड़की को दस्तयाब किया और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया। करीब 15 दिन पहले पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया था कि जल्द किशोरी को दस्तयाब कर लिया जाएगा। लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। इसके विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया है। सरपंच बलदेव सिंह ने कहा कि राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की खुशियां मना रही है, परन्तु पुलिस की निष्क्रियता के कारण अनेकों घरों की खुशियां तबाह हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना के चक्कर लगा-लगाकर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आमजन की चप्पलें घिस जाती हैं, परन्तु पुलिस अपने ध्येय के अनुसार कार्य नहीं करती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 17 जून तक बच्ची को दस्तयाब नहीं किया जाता है तो 18 जून को सुबह 10 बजे से रोडवेत डिपो के आगे बने ओवरब्रिज का रास्ता जाम किया जाएगा। इस मौके पर शेरसिंह शाक्य, आत्मासिंह, बहादुर सिंह चौहान, रोहिताश शाक्य, रघुवीर वर्मा, वेद मक्कासर, मोहन लोहरा, मुकद्दर अली, वली शेर, तरसेम सिंह, सुल्तान खान, शिव कुमार, सहीराम आदि मौजूद थे।

# बीकानेर जिला उद्योग संघ ने जिला अस्पताल में भेंट किये 5 बड़े कूलर

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



बीकानेर। गर्मी अपने पूरे परवान पर है और लोग गर्मी से बचने के लिए अपने घरों में रहने को मजबूर है लेकिन जो रोगी है उनको अस्पताल में इलाज के लिए जाना ही पड़ेगा। अस्पतालों में पड़ रही गर्मी से निजात दिलाने हेतु विधायक जेठानंद व्यास की अनुशंसा पर बीकानेर जिला उद्योग संघ ने जिला अस्पताल बीकानेर में 5 बड़े कूलर अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष को भेंट किये ताकि मरीजों व उनके परिजनों को राहत प्रदान की जा सके । बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि इस बार बीकानेर लगातार हीट वेव की चपेट में रहा है जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हुआ जा रहा है और अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है । रोगियों की व्यथा को समझते हुए पश्चिम विधानसभा विधायक जेठानंद व्यास के आग्रह पर मरीजों व साथ आए परिजनों को शीतल हवा उपलब्ध करवाने हेतु 5 बड़े कूलर भेंट किये गए हैं । इससे पूर्व जिला अस्पताल में ही जरूरत वाले स्थान पर बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा 2 एयर कंडीशनर भेंट किये गए। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि बीकानेर भामाशाहों की नगरी है और यहां के भामाशाहों द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के लिए दिए गए समर्पण के कारण ही बीकानेर को छोटी काशी के रूप में जाना जाता है। बीकानेर जिला उद्योग संघ अपने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से रोगियों के हित में जो कार्य कर रहा है वह वास्तव में प्रसंसनीय है । अस्पताल प्रशासन एवं भामाशाहों के सहयोग से जिला अस्पताल आने वाले समय में और अधिक सुविधायुक्त केंद्र के रूप में उभर कर आएगी।

# नगर निकायों में उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित, रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव 30 को

**चूरू. जगदीश सोनी।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार जिले के नगर निकायों में 31 दिसंबर तक रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव 30 जून को होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने बताया कि जिले के चूरू नगरपरिषद के वार्ड संख्या 11, राजगढ़ नगरपालिका के वार्ड संख्या 38 के सदस्यों के चुनाव के लिए 30 जून को मतदान होगा। कार्यक्रम जारी के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू हो गए हैं।

**यह रहेगा उप चुनाव कार्यक्रम:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तमसिंह शेखावत ने बताया कि नगरनिकायों में उप चुनाव हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार सदस्य पद के लिए शुक्रवार, 14 जून को लोकसूचना जारी की जाएगी। मंगलवार, 18 जून को सवेरे 10.30 बजे से सायं 3 बजे तक (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। बुधवार, 19 जून, को सवेरे 10.30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। शुक्रवार, 21 जून को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। शनिवार, 22 जून को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। रविवार, 30 जून को सवेरे 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। सोमवार, 1 जुलाई को सवेरे 9 बजे से मतगणना की जाएगी।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन




**संगरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया के तत्वाधान में ''खारे पानी में झींगा पालन'' विषय पर दो दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया; जिसमें क्षेत्र के 33 झींगापालको ने भाग लिया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार ने बताया के क्षेत्र में युवाओं के झींगा पालन के प्रति बढ़ते रुझान को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया था। डॉ. अनूप कुमार ने अपने व्याख्यान में क्षेत्र के संसाधनों में झींगा पालन की महत्ता और झींगा पालन के भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र संगरिया द्वारा आमंत्रित डॉ. नेमी चंद उज्जैनिया, प्राध्यापक, दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय, सूरत (गुजरात) ने प्रशिक्षण के दौरान अपने व्याख्यान में झींगा पालन की तकनीकी जानकारी के साथ तालाब निर्माण, आहार प्रबंधन, रोग प्रबंधन इत्यादि पर विस्तृत प्रकाश डाला। मत्स्य विकास अधिकारी हनुमानगढ़; डॉ. प्रेम सिंह प्रजापत ने मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार द्वारा मत्स्य पालकों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक अनुदान एंव अन्य सुविधाओं से रूबरू करवाया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को 20 एनडीआर पर स्थित ''संजय बेनीवाल झींगा फॉर्म'' का भ्रमण करवाया गया तथा झींगा पालन की प्रायोगिक जानकारी प्रदान कारवायी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र पर जिला हनुमानगढ़ के संयुक्त निदेशक कृषि योगेश वर्मा भी उपस्थित रहे; जिन्होंने झींगा पालन में रुचि रखने वाले प्रशिक्षणार्थियो की सराहना करते हुये कहा कि झींगा पालन कृषि के क्षेत्र में एक नवाचार है, जिसे युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को कृषि क्षेत्र में हर संभव मदद का आष्वासन भी दिया। समापन सत्र के दौरान प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में गांव 20 एनडीआर के कृषक बलवीर बैनीवाल, सुभाष भाकर, रणवीर गढ़वाल, सुभाष टांडी, भरत गोदारा, अमित कस्वां, राजपाल बैनीवाल ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। यह भी ज्ञात हो के हनुमानगढ़ जिले में खारे पानी में झींगा पालन की लगभग 60 इकाइयां स्थापित हो चुकी है तथा झींगा पालन के प्रति किसानों का रूझान लगातार बढ़ रहा है।

# पेंशनर्स राहत शिविर में 600 फैमिली पेंशनर्स को मिला लाभ

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



मुख्यमत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार पेंशनर के प्रकरणों को त्वरित गति से निपटाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर में संयुक्त निदेशक डॉ. ज्योति व्यास की अध्यक्षता में बुधवार को पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कोषाधिकारी गंगानगर मनोज मोदी, कोषाधिकारी चुरू प्रवीण सिंघल, कोषाधिकारी हनुमानगढ़ के.के शर्मा, अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन बीकानेर ललिता ननकानी, पेंशनर समाज के विभिन्न शाखा प्रभारी सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश जोशी, इन्द्रचन्द मोदी व अन्य उपस्थित हुए। आगन्तुक पेंशनर्स की समस्त निस्तारण योग्य परिवेदनाओं का हाथों-हाथ निस्तारण किया गया। पारिवारिक पेंशनर्स की 600 से अधिक प्रकरणों में जन्मतिथियों का निर्धारण कर सूचियां कोषाधिकारियों को सुपुर्द की गई। इससे पूर्व भी दो चरणों में पारिवारिक पेंशनर्स के जन्म तिथि निर्धारण का कार्य अभियान के रूप में किया जा चुका है, जिनकी कुल संख्या 4960 थी। सूचियों का लीगेसी अपडेशन का कार्य 7 दिवस में करने हेतु कोषाधिकारियों को निर्देशित किया गया ताकि योग्य पारिवारिक पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन का वित्तीय लाभ तुरन्त मिल सके। इसके अलावा नाम संशोधन, अधिकृति पुनः वैद्यकरण, डुप्लीकेट पीपीओ व अन्य प्राप्त आवेदनों का ऑनस्पॉट निराकरण किया गया। वर्तमान में बकाया जन्मतिथि निर्धारण प्रकरणों की सूचियां जो कोषालयों से प्राप्त हुई है, में जन्मतिथि निर्धारण की कार्यवाही 7 दिवसों में करने के लिये यह कार्यालय कृत-संकल्पित है। पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर में सभी आगन्तुकों, सिनीयर सिटीजन के बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई। समस्त कोषाधिकारी, पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी पेंशन कार्यालय की कार्य प्रणाली, सहयोगात्मक वातावरण, त्वरित निस्तारण, कम्प्यूटराईज्ड रिकॉर्ड संधारण से अभिभूत थे व उन्होंने संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय कार्मिकों का आभार व्यक्त किया।

# गांव किशनपुरा दिखनादा में सुचारू जलापूर्ति

» लीकेज ठीक कराकर खेतों और जलाशय फाउंडेशन को नुकसान से बचाया

**हनुमानगढ़।** जिले में अंतिम छोर तक सुचारू जलापूर्ति के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है। जिला कलेक्टर कानाराम, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी पीएचईडी अधिकारियों के साथ नियमित जलापूर्ति का निरीक्षण कर रहे हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड हनुमानगढ़ के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जलयोजना 17 केएसपी के गांव किशनपुरा दिखनादा में पानी आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यहां गुरुद्वारा के पास स्थित उच्च जलाशय की आउटलेट एवं इनलेट की पाइप फाउंडेशन के अंदर से लीकेज होने से पानी नजदीक के काश्तकारों के खेत एवं उच्च जलाशय के फाउंडेशन में जा रहा था। काश्तकारों की शिकायत एवं उच्च जलाशय को लीकेज से हो रहे नुकसान के कारण आउटलेट एवं इनलेट की पाईप लाईन का लीकेज ठीक कराना अतिआवश्यक था। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन को तोड़कर पाईप लाईन लीकेज सही कराकर 11 जून 2024 मंगलवार दोपहर 2 बजे जलापूर्ति चालू करा दी गई थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन डालने का कार्य चल रहा है। टेस्टिंग के दौरान पाईप लाईन लीकेज संधारण के लिए खड्डे खुदवाए जाते है, जिसे पाईप लाइन संधारण के तुरंत बाद नरवा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के बाद जलयोजना पर कार्यरत कर्मचारी श्यापतराम की जगह अन्य कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। कर्मचारी को जलापूर्ति समय पर एवं सुचारू रूप से करने के लिए पाबंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जलापूर्ति में समस्या होने पर आमजन कार्यालय में या कार्मिक को सीधे फोन पर सूचित कर सकते हैं।



## वन विभाग टीम ने अवैध रूप से हरी लकड़ियों का परिवहन करते दो ट्रैक्टर रेहड़ों को पकड़ा

# 150 क्विंटल लकड़ी जब्त की, दो चालक गिरफ्तार

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



वन विभाग टीम ने अवैध रूप से हरी लड़कियों का परिवहन करते दो ट्रैक्टर रेहड़ो को जब्त कर चालकों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 150 क्विंटल शीशम की लकड़ी की जब्ती हुई है।विभाग द्वारा अवैध रूप से लकड़ी की कटाई एवं परिवहन रोकने के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान की निरंतरता में मंगलवार की देर रात्रि को ग्राम अमरसिंह वाला बस स्टैंड के पास से शीशम से भरे हुए दो ट्रैक्टर रेहड़ो को पकड़ा है। उपवन संरक्षक एस.के.अबूसरिया के निर्देशन में रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर चालकों को रोककर पूछताछ करने उन्होंने कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाया, जिस पर प्रथम दृष्टया अवैध परिवहन मानते हुए उड़न दस्ता की टीम ने दोनों रेहडों को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज किया है। इन ट्रैक्टर रेहड़ो के चालक मनदीप सिंह पुत्र बलजीत सिंह,भगवानगढ़ एवं सुनील कुमार पुत्र जीतराम खोथावाली के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई अनुसंधान प्रारंभ कर दिया। वन विभाग उड़ान दस्त टीम ने कुलदीप भांभू, शिशुपाल, सुखविंदर सिंह, सुनील स्वामी, विजय कुमार, पारस पारीक सहित क्षेत्रीय वन अधिकारी वीरेंद्र सिंह मौके पर मौजूद रहे।बता दे कि वन विभाग की टीम द्वारा रात्रि में भी निरंतर गश्त करते हुए अवैध रूप से लकड़ी चोरी एवं कटाई करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। वन्य प्रेमियों ने बताया कि ऐसा कार्य करने वाले ग्रामीण इलाकों के संपर्क मार्गो से सुबह 2 बजे से 4 बजे के बीच लकड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली आदि से लाने ले जाने का कार्य कर रहे है,और इस दौरान उनके द्वारा तेज गति से व भारी भरकम लकड़ी की मात्रा के साथ वाहनों को दौड़ाया जाता है जिससे दुर्घटना की भी आशंका रहती है।

# बाल वैज्ञानिकों के आविष्कार का इंस्पायर अवार्ड की राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में चयन

### - नई दिल्ली में होगा ग्रामीण परिवेश के बाल वैज्ञानिकों के नवाचार का प्रदर्शन

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा





ब्लॉक के दो सरकारी विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों का चयन इंस्पायर अवार्ड की राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी के लिए हुआ है। खास बात यह है कि दोनों ही बालिकाओं का जुड़ाव ग्रामीण परिवेश से होने के बावजूद उन्होंने सीमित संसाधनों में अपने आविष्कारों का निर्माण किया है। खंड एसीबीईओ रजनीश गोदारा ने बताया कि राउमावि दुलमाना की छात्रा पल्लवी पुत्री दौलत राम ने अपनी मार्गदर्शक शिक्षक कविता चौधरी के मार्गदर्शन में एक बहुउद्देशीय मिक्सर बनाया, इस प्रकार के यंत्र से एक से अधिक सामग्री को बिना विद्युत ऊर्जा का उपयोग किए कम समय में एक साथ पीस जा सकता है। इसके साथ ही इस मल्टीपरपज मिक्सर से बच्चों/बड़ों सभी का शारीरिक व्यायाम भी हो सकता है और एक हैंडल से चार-पांच औंखली जोड़कर यह सभी कार्य सरलता से किया जा सकते हैं। वही एक अन्य बाल वैज्ञानिक राउमावि लखासर की छात्रा शिवानी पुत्री विष्णु दत्त ने गारा लिपने वाली मशीन बनाकर इससे होने वाले फायदे एवं उपयोग की जानकारी देकर राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में अपना स्थान पाया, जहा से इन दोनों बाल वैज्ञानिकों के आविष्कारों का अब नेशनल स्तर पर प्रगति मैदान, नई दिल्ली में प्रदर्शन होगा। खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी कृष्ण लाल सिहाग ने ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों से ऐसी प्रतिभाओं द्वारा नवाचार करने पर प्रसन्नता जताते हुए उनके मार्गदर्शन एवं ब्लॉक के विद्यार्थियों और शिक्षा कार्मिकों को प्रोत्साहित कर अपनी प्रतिभा और विज्ञान लेखन और बुद्धि तर्क शक्ति का उपयोग करने का आग्रह किया है।प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र,प्रभारी विज्ञान टीचर सुरेश कुमार व शाला स्टाफ ने भी बालिकाओ को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन पर बधाई दी है। बता दे कि कक्षा 10 परीक्षा परिणाम में भी शिवानी ने 97.67 अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान भी प्राप्त किया था।मिली जानकारी के अनुसार जिले से तीन बाल वैज्ञानिकों का चयन राष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए हुआ है, जिनमें से दो बाल वैज्ञानिक पीलीबंगा ब्लॉक से है।

## गौशाला को दिया आर्थिक सहयोग



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** श्री कृष्ण गौशाला पीलीबंगा गांव में एक दानदाता परिवार ने आर्थिक सहयोग दिया है।कालू राम हुड्डा ने बताया कि स्व:श्री रामलाल बेनीवाल के पौते अजीत बेनीवाल ने अपनी दादी श्रीमति रामप्यारी देवी के सपिण्डीकरण (रस्मपगडी) तेहरवी पर गांव की गौ शाला मै 11 हजार रू का सहयोग कर बे आसरा गोवंश हितार्थ पुनीत पहल एवम मुहिम चलाई है। बेनीवाल ने कहा कि मृत्युभोज प्रथा बंद करते हुए ऐसी राशि एवम सहयोग को गाँव म के सामाजिक कार्यों एवं विद्यालय और गौशाला आदि में दान करना चाहिए। बता दे कि इससे पहले ग्राम पचायत सरपंच रामूराम बेनीवाल ने अपनी माता की स्मृति में ग्राम के सरकारी स्कुल मे भव्य लाइब्रेरी व भव्य मुख्य द्वार का अपने परिवार के सहयोग निर्माण करवाया था। मौके पर गौशाला अध्यक्ष दिनेश बेनीवाल, सचिव गोपीराम बेनीवाल, अनिल बेनीवाल, दयाराम बुरडक, कालू हुडा सहित मौजूद ग्रामीणों की मौजूदगी में दानदाता परिवार ने सहयोग राशि भेंट की एवं गौशाला प्रबंध कमेटी ने दानी परिवार का आभार जताया।

## एएनएम निशा शर्मा की प्रेरणा से सीएचसी में भेंट किए भौतिक संसाधन



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** स्व.श्रीमति मौहरा देवी धर्मपत्नि स्व:राजा राम सोनी परिवार ने सीएचसी में एक कूलर भेंट किया है। एएनएम संघ प्रदेश उपाध्यक्ष निशा शर्मा की प्रेरणा से इस दानदाता परिवार द्वारा मरीजों एवं छोटे बच्चों के टीकाकरण कक्ष के लिए यह भौतिक संसाधन कूलर के रूप में चिकित्सालय प्रबंधन को उपलब्ध करवाया है। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील अग्रवा, डॉ.यूनुस अली पंवार, एएनएम जसवीर कौर, सुमन देवी, कांता जांगिड़ और मोनिका आदि मौजूद थे।वही दीपक नागपाल पुत्र चंद्रभान नागपाल द्वारा भी निशा शर्मा के मोटिवेशन से टीकाकरण रूम के लिए एक तालीम का दान किया। सीएचसी प्रबंधन ने दानदाताओं का आभार जताते हुए आमजन से भी मरीजों की सहायता एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायतार्थ कार्य करने का आग्रह किया है।

## फोरलेन मार्ग पर उपखंड कार्यालय के समक्ष युवा टीम ने छबील लगाई



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** फोरलेन मार्ग पर उपखंड कार्यालय के समक्ष बुधवार को युवा टीम ने छबील लगाई। एड. महेंद्र खिलेरी ने बताया कि भीषण गर्मी से निजात दिलाने में इंद्र देव को प्रसन्न कर क्षेत्र में बारिश करने की मंगल कामना के साथ एसडीएम कार्यालय, तहसील परिसर एवं पुलिस थाना सहित फोरलेन मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं कस्बे वासियों को ठंडा मीठा जलजीरा, शर्बत व नींबू पानी पिलाया गया। इस मौके पर प्रवीण सहू, महेंद्र कुमार सैन, महेंद्र खिलेरी, मारूफ पंवार, सुरेंद्र सुथार, बलजिंदर सिंह, पालाराम सहू, सतीश अरोड़ा, विशाल चौधरी सहित सेवादारों ने पुनीत कार्य में सहयोग दिया।

## छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास



**तेज रिपोर्टर. टिब्बी।** नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार के दिन स्वर्गीय रघुवीर वर्मा की याद में उनके पुत्र सतपाल वर्मा और विक्रम वर्मा के द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। जिसमें दर्जन भर सेवादारों ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडा व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया छबील को बुधवार सुबह से प्रारंभ कर दोपहर तक चली जिसमें दिन भर सैकड़ो लोगों ने ठंडा मीठा जल पिया इस मौके पर गजानंद चुघ, राजकुमार चुघ, अमित चुग, जसवीर सोनी, जगदेव सिंह,दीपक जग्गा, राकेश, छगनलाल वर्मा, गुरसेवक सिंह, मिलखराज डोडा, सुभाष गर्ग, सुखचैन सिंह, पृथक अंकित वधवा सहित अन्य मौजूद रहे।

# देश में लगातार बढ़ता तापमान चिंताजनक पौधे रोपण के लिए सभी आएं आगेः बिश्नोई

तेज. रिपोर्टर| टिब्बी



अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वृक्ष मित्र साहब राम बिश्नोई ने प्रेस वार्ता में बताया कि वर्तमान में देश में तामपान 50 डिग्री को छू रहा है । जिस दिन तापमान 60-65 डिग्री हो गया। धरती पर मानव नहीं बच पाएगा। इसके लिए देश में प्रत्येक राज्यों के मुख्यमंत्री, वन मंत्री, जिलों के जिला कलेक्टर, डीएफओ सभी पटवारी, बीट अधिकारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी की जिम्मेदारियां लगाएं की क्योंकि इनकी मिलीभगत से वृक्षों की कटाई की जाती है। इसी तरह पेडों की कटाई का सिलसिला जारी रहा है। धरती पर कोई नहीं रहने वाला है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है।जितने अधिक वृक्ष लगाएंगे उतनी अधिक बारिश होगी। उतना ही ज्यादा धरती पर अन्न उपजेगा और जितना विकास अन्न उपजेगा उतना ही अधिक देश का विकास होगा। पर्यावरण से हमें श्वास मिलता है। बिश्नोई ने कहा कि अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही है। सभी इस मुहिम से जुड़कर पर्यावरण को बचाने में आगे आए। ताकि हमारा जीवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा बिश्नोई समाज का पेड़ों को बचाने के लिए इतिहास रहा है।363 अमर शहीद माता अमृता देवी के नेतृत्व में पेड़ों की रक्षा के लिए लिए आज से 290 वर्ष पूर्व जोधपुर जिले के खेजडली में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था।आज भी जहां वन्य जीवों को शिकार होता है। बिश्नोई समाज दोषियों पर कार्रवाई के लिए आगे आता है। उन्होंने ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व वन मंत्री से आग्रह किया है वे एक ऐसी टीम गठित करें जहां पेड़ों की कटाई हो वो अधिकारी उसका जवाबदेही हो। जिले के नोहर -भादरा क्षेत्र में खेजड़ी के वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। बेहद चिंताजनक है। खेजड़ी की उम्र 500 वर्ष है। खेजड़ी के वृक्ष को पूर्ण रूप से तैयार होने में दस -पन्द्रह वर्ष लगते हैं। इन सबको देखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मुहिम चलानी होगी।

# समर कैंप के दूसरे दिन कला, नृत्य एवं लोक गायन विधाओं के बच्चों को टिप्स बताए

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



श्री अरोड़वंश सभा एवं महिला मंडल के 10 दिवसीय किड्स समर कैंप के दूसरे दिन कला,नृत्य एवम लोक गायन विधाओं में पारगंत अध्यापकों द्वारा बच्चों को टिप्स बताए।छात्रों ने समर कैंप में प्रतिभाग कर खूब आनंद उठाया। समर कैंप में दक्ष आर्टिस्ट द्वारा प्रतिभागियों को डांसिंग, सिंगिंग एवम पेंटिंग आदि कराई गई। महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की और उन्हें निरन्तर गतिशील रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी विधाओं में श्रेष्ठ वही बनता है जो दूसरों से अधिक श्रमवान, अधिक पढ़ाई एवं अन्य क्रिया-कलापों में प्रयासरत रहते हैं। समर कैंप 20 जून तक श्री अरोड़वंश धर्मशाला में सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगा। समर कैंप की गतिविधियां पूजा मिड्ढा, शीतल बाघला, नेहा सचदेवा, बरखा अरोड़ा, शिल्पा नागपाल, शेफाली मरेजा, प्रवीन चिलाना आदि के सानिध्य में आयोजित हो रही हैं। समर कैंप में डांस आर्ट की तैयारी अनिल सर, मेहंदी ऋषिका, मटेरियल आर्ट नम्रता, आर्ट एंड क्राफ्ट महक और निष्ठा द्वारा करवाई जा रही है। बुधवार के लकी ड्रा का विजेता तनिष्क रहा, जिसे आयोजक कमेटी ने उपहार देकर सम्मानित किया।

# भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग की तरफ से हरियाणा में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

हरियाणा में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसको देखते हुए मौसम विभाग की तरफ से हरियाणा में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गत 24 घंटों की बात करें तो इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हरियाणा का नूंह सबसे अधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि 14 जून तक प्रदेश में हालात ऐसे ही बने रहेंगे। प्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी जिलों में पारा 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने 12 जून को हरियाणा के 14 जिलों में भीषण गर्मी पडेगी। इनमें सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, रोहतक, चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ, रेवाडी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, पलवल जिले शामिल हैं। जबकि 13 जून को पूरे हरियाणा में भीषण गर्मी के साथ लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 14 जून को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन हालात को देखते हुए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अबकी बार मानसून सामान्य है, 27 जून के बाद हरियाणा में मानसून के आगमन के आसार जताए जा रहे हैं। चिंता की बात यह है कि 15 जून से प्रदेश में धान रोपाई शुरू होगी, इससे करीब डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली की और खपत बढ़ जाएगी। हरियाणा में नूंह का तापमान 45.9 डिग्री पहुंच गया है। इसी प्रकार स सिरसा का पारा 45.4 डिग्री, हिसार 45.1, जींद श 45.5, रेवाडी 44.1, सोनीपत 45.0, कुरुक्षेत्र 43.1, रोहतक 45.1, अंबाला 44.1, करनाल क 42.6, दादरी 44.8, पानीपत 42.8, महेंद्रगढ़ ज 44.4, यमुनानगर 43.4, गुरुग्राम 43.4, पंचकूला गि 42.4, पलवल 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान की शुरूआत आवश्यक तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान की शुरूआत एवम आवश्यक तैयारी को लेकर बुधवार को पंचायत समिति में बैठक हुई। मीटिंग में मौजूद ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों/अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहना सीखना होगा। हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण संजोने में अपनी महत्ती भूमिका निभा सकते हैं। पंचायत समिति एईएन राजेंद्र जोहम ने राज्य सरकार के प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि बिजली एवं पानी सीमित रूप से उपलब्ध हैं इसीलिए इनको बचाना भी उत्पादन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है एवम आमजन को भी रियायती दर पर पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। एबीडीओ हुकम सिंह राठौड़ ने बताया कि राजकीय भूमि और ओरण एवं चारागाह भूमि पर ये सभी पौधे लगाए जाएंगे। बीसीएमओ डा.मनोज अरोड़ा ने कहा कि वेदर ऐंड पॉल्यूशन फॉरकास्टिंग सिस्टम भी लागू किया जाएगा,इसके अलावा पर्यावरण को बचाने के लिए पानी की बर्बादी रोकें, घरों के आस-पास अधिक से अधिक पेड़ लगाए तथा प्लास्टिक के थैलों की बजाय कपड़ों के थैलों को अपनाएं। हमें भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने और आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ, सुरक्षित धरोहर देने का संकल्प लेना चाहिए। सीबीईओ कृष्ण लाल सिहाग ने बताया कि विद्यालय में भी निरंतर स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण के कार्य पूर्व में भी किए गए थे एवं भविष्य में भी इसी प्रकार राज्य सरकार के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे। बैठक में नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हंसराज चौहान, प्रगति प्रसार अधिकारी मुकेश नैन, सूरज कुमार सोनी सहित वन विभाग, कृषि विभाग के कर्मचारी, अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों हेतु बैठक सम्पन्न

### - बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों की समय रहते करें पुख्ता तैयारीः उपायुक्त



तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि जिला में बारिश के मौसम में बाढ़ नियंत्रण व बचाव संबंधी सभी प्रबन्ध पुख्ता हो, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग अपनी तैयारियां शुरू कर दें। राजस्व विभाग जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत जरूरी उपकरण एवं संसाधन तथा डाटा अवश्य अपडेट कर लें। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नदियों, नहरों व ट्रेनों के तटबंध मजबूत करने तथा इनकी गाद निकालकर सफाई करने जैसे कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएं। इसके अलावा संभावित प्रभावित क्षेत्रों में पंपों की उपलब्धता तथा उनकी वर्किंग कंडीशन चेक कर ली जाएं। सभी तैयारियों व उपकरणों को संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं चेक करें। एसडीएम संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व गांवों का दौरा जरूर करें। उन्होंने तहसीलदार व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीन पटवारी, ग्राम सचिव आदि को एक्टिव रखें तथा गांव की चौपालों व धर्मशालाओं की पहले से ही सफाई करवाएं। इसके साथ ही गांवों के सरपंचों व नंबरदारों से तालमेल रखें। बिजली विभाग के अधिकारी भी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारी पूर्ण रखें। उपायुक्त ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग शहर में बरसात के समय विभिन्न स्थानों पर जमा होने वाले पानी की निकासी आदि की तुरंत व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ विवेक भारती, एसडीएम सिरसा राजेन्द्र कुमार, एसडीएम ऐलनाबाद वेद प्रकाश बेनीवाल, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, डीएमसी सुरेंद्र, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# आत्मा स्कीम से अधिकाधिक किसान हो लाभान्वितः आरके सिंह

### - उपायुक्त आरके सिंह की अध्यक्षता में आत्मा योजना के वार्षिक बजट बारे समीक्षा बैठक आयोजित

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में अनेकों योजनाओं का क्रियान्वयन सरकार की ओर से किया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी ) योजना भी एक ऐसी योजना है जो किसानों के लिए बड़ी फायदेंमद है। योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले, इसके लिए जरूरी है कि योजना के वार्षिक बजट का बेहतर इस्तेमाल हो। यह बात उपायुक्त आर के सिंह ने बुधवार को आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) स्कीम के वार्षिक बजट बारे चर्चा के दौरान कृषि व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उपायुक्त ने कहा कि आत्मा स्कीम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक संयत्रों के साथ आधुनिक खेती की ओर अग्रसर करना है, इसलिए किसानों को योजना के तहत प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक के बारे में प्रशिक्षण दिया जाए। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूर्व व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। आत्मा के जरिए पशुपालन विभाग की नस्ल सुधार एवं बीज संवर्धन के कार्य के निर्देश दिए। जैविक, औषधीय पौधों की खेती के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को खेती के बारे सुझाव दिये जायें। इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील किसानों से भी चर्चा की और उनसे स्कीम से मिलने वाले लाभ बारे जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 के दौरान की जाने वाली गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा किसानों को शामिल किया जाए व सभी गतिविधियां सुचारु रुप से क्रियान्वित की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान आत्मा स्कीम का लाभ प्राप्त करें। उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 आत्मा स्कीम में विभिन्न क्रियाओं जैसे किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शनी प्लांट, भ्रमण, जिला स्तरीय किसान मेला, किसान-वैज्ञानिक चर्चा, किसान गोष्टी, किसान खेत पाठशाला व मैन पावर हेतु सामान्य श्रेणी के लिए 2,09,72,200/- रुपये व अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 17,38,000/- रुपये के बजट की मांग की गई जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया और पिछले वर्ष 2023-24 में हुए खर्च का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला बागवानी अधिकारी पुषपिन्द्र सिंह, विषय विशेषज्ञ राकेश कुमार, तकनीकी सहायक दिनेश कत्याल, तकनीकी सहायक जोगिन्द्र राणा, मत्सय अधिकारी संदीप कुमार, एल.डी.एम.. संजीव कुमार, पशुपालन एंव डेयरी विभाग से वी0एस0 कुलभूषण, किसान राजाराम, मंजु रानी, ताराचन्द, महेन्द्र आदि ने भाग लिया।

# ग्रामीण पीएचसी पर सेवाएं देंगे जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी

## चिकित्सा विभाग का नवाचार: ओपीडी में मरीजों को देंगे चिकित्सकीय उपचार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

चिकित्सा संस्थानों पर उपचार के लिए जाने वाले रोगियों के लिए राहत की खबर है कि जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी अब दिन में दो घंटे ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर अपनी सेवाऐ देंगे। इस नवाचार के तहत समस्त अधिकारियों के चिकित्सा संस्थान अलॉट किए जा रहे हैं, जहां पर वे जाकर मरीजों का उपचार करेंगे। जिला कलक्टर श्री कानाराम ने चिकित्सा विभाग के इस नवाचार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी ग्रामीण पीएचसी पर जाकर मरीजों को चिकित्सकीय लाभ देंगे। इस गर्मी के मौसम में उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासनिक पद सम्भाल रहे जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी ग्रामीण पीएचसी पर जाकर ओपीडी देखेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी चिकित्सा संस्थान पर जाकर सेवाएं देंगे। इसी तरह, आरसीएचओ, डिप्टी सीएमएचओ, अति. सीएमएचओ सहित समस्त बीसीएमओ पीएचसी पर जाकर मरीजों का उपचार करेंगे। उन्होंने कहा कि गर्मी, हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों के चलते पीएचसी पर अधिक मरीजों आते हैं, ऐसे में इस नवाचार से अनेक मरीजों को राहत मिलेगी तथा उन्हें अपने घर के नजदीकी चिकित्सा केन्द्र पर



उपचार मिलेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों के ग्रामीण पीएचसी पर जाने से वे चिकित्सा संस्थान की व्यवस्थाओं को मजबूत कर पाएंगे तथा वहां की कमियों को दूर कर पाएंगे।

### यह चिकित्सक देंगे सेवा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा 13 जून को पीएचसी भोमपुरा, 15 जून को यूपीएचसी टाउन, 19 जून को कलाना एवं 22 जून को लखूवाली में सेवायें देंगे। इसी तरह आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह 13 जून को यूपीएचसी टाउन, 14 को मक्कासर, 18 को दीनगढ़, 19 को लखूवाली, 20 को सिलवालाखुर्द एवं 21 को भोमपुरा में मरीजों को चिकित्सकीय लाभ देंगे। डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह 13 को मक्कासर, 19 को दीनगढ़ 20 को मुण्डा एवं 21 लिखमीसर में सेवायें देंगे। एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा 13 को लखूवाली, 14 को किशनपुरा दीखनादा, 18 को नौरंगदेसर, 19 को मुण्डा, 20 को मक्कासर एवं 21 को अराइयांवाली में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देंगे। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी 13 को नौरंगदेसर, 14 को जंडावाली, 18 को मक्कासर, 19 को डबलीबास मिढारोही, 20 को लखूवाली एवं 21 को मुण्डा में ओपीडी देखेंगे। इसी तरह, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा 13 को लिखमीसर, 14 को खोतांवाली, 18 को कैनाल कॉलोनी, 19 को धोलीपाल, 20 को बड़ोपल एवं 21 पीलीबंगा में सेवाएं देंगे। संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ 13 जून को दीनगढ़, 14 को लीलांवाली, 18 को मालारामपुरा, 19 को हरीपुरा, 20 को दीनगढ़ एवं 21 चक हीरासिंहवाला में ओपीडी देखेंगे। रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह 18 को केलनिया, 19 को खोड़ा, 20 को मोटेर एवं 21 को मोटेर तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा 13 को जसाना, 14 को टोपरियां, 18 को बिरकाली, 19 को दीपलाना, 20 को धानसिया एवं 21 को थिराना में सेवाएं देंगे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 66 पुलिस जवानों को किया सम्मानित





» 28 पुलिस जवानों को अति उत्तम सेवा चिह्न व 38 को उत्तम सेवा चिह्न प्रदान
» राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण व रक्तदान, लगाई प्रदर्शनी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हर वर्ष 16 अप्रेल को मनाया जाने वाला राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस इस बार लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कारण 12 जून, बुधवार को मनाया गया। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार सुबह जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत परेड के साथ हुई। एसपी ने परेड की सलामी ली। फिर परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व एसआई चन्द्रकला ने किया। उसके पश्चात घुड़सवार मांगीलाल भारी की ओर से स्टेडिंग सैल्यूट व टैंट पैगिंग प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों को उत्तम एवं अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक की ओर से 28 पुलिस जवानों को अति उत्तम सेवा चिह्न व 38 पुलिस जवानों को उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस जवानों के अलावा पुलिस का सहयोग करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। नशामुक्ति, यातायात नियम, जिले के इतिहास, अपराध, हथियारों के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का एसपी ने अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व सेवानिवृत्त पुलिस जवानों ने पुलिस लाइन प्रांगण में पौधारोपण किया। हर साल की तरह रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें पुलिस जवानों व उनके परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य नागरिकों ने भी रक्तदान किया। अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई भी वितरित की गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि हर वर्ष 16 अप्रेल को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस बार आचार संहिता के कारण पुलिस मुख्यालय राजस्थान की ओर से 16 अप्रेल की जगह 12 जून को राजस्थान स्थापना दिवस मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। उसी संदर्भ में पुलिस लाइन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी सांगवान ने कहा कि सेवार्थ कटिबद्धता राजस्थान पुलिस का ध्येय है। इसे सब लोगों के सामने लेकर आने व पुलिस जवानों को इस ध्येय की याद दिलाने के लिए राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जाता है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

इससे पहले मंगलवार रात्रि को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एसपी विकास सांगवान ने पुलिस परिवार के बच्चे जिन्होंने पढ़ाई एवं खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन किया, उन्हें पुरस्कृत किया। साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। बुधवार को हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में एएसपी प्यारेलाल मीणा, नीलम चौधरी, सुधा पालावत, एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी, डीएसपी राहुल यादव, अरुण कुमार, करण सिंह, रणवीर सिंह साईं, पुलिस लाइन के संचित निरीक्षक अनिल कुमार, अपराध सहायक सुभाष चन्द्र कच्छावा, पुलिस निरीक्षक इन्द्रचंद मीणा, जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई, टाउन थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां, महिला थाना प्रभारी कविता पूनिया, संगरिया थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह, सदर थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र, तलवाड़ा झील थाना प्रभारी रजनदीप कौर, यातायात प्रभारी राजेन्द्र कुमार, एसआई गुलाब सिंह, सहित अन्य सेवारत व सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बालश्रम को रोकने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर मंथन

## अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर टांटिया यूनिवर्सिटी में परिसंवाद

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर




अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर टांटिया यूनिवर्सिटी में आज परिसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ सहित विभिन्न वर्गों के अनेक लोग मौजूद थे। परिसंवाद के दौरान सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक ने कहा कि बाल श्रम रोकने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में अधिकाधिक कार्य करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कुछ समय पूर्व शहर के विभिन्न चौराहों पर स्टैचू बनकर खड़े होने वाले बच्चों का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें इस काम से रोका गया और स्कूलों में दाखिला करवाया गया है।बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ ने विभिन्न कानूनों का जिक्र करते हुए बताया कि भारत में चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चों को व्यापारिक एवं औद्योगिक कार्यों में लगाना बाल श्रम की श्रेणी में आता है और इसके लिए नियोक्ता को अधिकतम दो वर्ष कैद एवं पचास हजार रुपए जुर्माने तक की सजा हो सकती है। उन्होंने बताया कि कला के क्षेत्र में भी जो बच्चे फिल्मों इत्यादि में काम कर रहे हैं, उनके लिए नियम बने हुए हैं। उसी के अनुरूप बच्चों से काम लिया जा सकता है।उप श्रम आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए काम करना मजबूरी हो सकता है, लेकिन यह कानून सम्मत नहीं है। ऐसे में इस प्रकार के बच्चों को सरकारी सहायता दिलवा कर शिक्षा दिलाने और अन्य मदद के प्रयास किए जाते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक त्रिलोक वर्मा ने बाल श्रम एवं इससे जुड़ी अन्य जानकारियां सांझा कीं। सीडब्ल्यूसी सदस्य डॉ. रामप्रकाश शर्मा ने इस दिन की महता और इसे मनाने के उद्देश्य के बारे में चर्चा की।अबोहर से आए वरिष्ठ पत्रकार राज सदोष ने पंजाब में बच्चों को खरीद कर विदेश भेजने के एक मामले की चर्चा करते हुए बताया कि इस प्रकार के कृत्य भी समाज में होने लगे हैं। इनसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को चुनावी एवं अन्य रैलियों इत्यादि में उपयोग करने पर भी एतराज जताया और इन पर रोक की मांग उठाई।परिसंवाद के दौरान नगर परिषद के विधि सलाहकार एडवोकेट डॉ. भुवनेशचंद्र शर्मा, गंगानगर पंचायत समिति के उप प्रधान बृजमोहन यादव, सिहागांवाली के सरपंच हरनीतसिंह, ख्यालीवाला के सरपंच दुलीचंद गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल रणवा, सामाजिक कार्यकर्ता हबीब खान, बाल श्रमिक टास्क फोर्स के पूर्व सदस्य सुमेश शर्मा, श्रम विभाग के जिला प्रबंधक अनीस खान, सोशल वर्कर एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने भी चर्चा में भाग लिया और बालश्रम से जुड़े कई सवाल उठाकर अपनी जिज्ञासा शांत की। मंच संचालन वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार कृष्णकुमार 'आशु' ने किया।

# होटल और कैफे चेकिंग अभियान, सात गिरफ्तार



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जिले में होटल और कैफों में संदिग्ध गतिविधियों की लगातार मिल रही शिकायतों के मध्यनजर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सात युवकों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल मीणा, डीएसपी राहुल यादव के निर्देशन में जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई की एक टीम ने कल रात होटल तथा कैफों की अचानक चेकिंग की। इस दौरान अवैध गतिविधियों में लिफ्त सात व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों में अमित सोनी (30) निवासी वार्ड नंबर 8 सादुलशहर, करण अरोड़ा (26) निवासी वार्ड नंबर 3 गोलूवाला, पुनीत कुमार (25) निवासी गली नंबर 21 नई आबादी हनुमानगढ़ टाउन, सलीम (40) और रफीक (38) निवासी बुरहानपुर थाना तलवाड़ा, शाहरुख (22)निवासी वजीराबाद पुरानी दिल्ली और पवन सोनी (40) निवासी सब्जी मंडी पुगल रोड,बीकानेर शामिल है।इन पर धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई।

# खेत में बने कमरे में युवक ने खुदकुशी की

## फंदे पर लटकते हुए मिला शव

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जिले के पल्लू थाना क्षेत्र के गांव उदासर में एक युवक ने खेत में बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि पवन मेघवाल(22) निवासी सीरासर ने गांव उदासर में एक जमीन हिस्सा काश्त पर लेकर वहीं बने कमरे में पत्नी के साथ रहता था। उसने 10-11 जून की रात को खेत में बने कमरे में फांसी लगा ली। उस समय उसकी पत्नी खेत में काम करने के लिए गई हुई थी।कुछ देर बाद वह वापस आई तो पवन फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की। मृतक के पिता रामलाल मेघवाल (45) निवासी सीरासर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी। पुलिस आत्महत्या की वजह की जांच कर रही है।

# दुर्घटना संभावित स्थानों पर तुरंत कराए आवश्यक सड़क सुधार कार्य

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क, पुल और भवन कार्यों की प्रगति पर समीक्षा बैठक हुई। इसमें संबंधित विभागों के बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत व अन्य स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों पर चर्चा हुई। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों की माहवार योजना बनाकर निगरानी रखने और समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे, हनुमानगढ़ से कैंचिया वाया पक्कासारण गोलूवाला सड़क, सादुलशहर से चाईयां वाया संगरिया टिब्बी सड़क, चुरू-तारानगर-नोहर सड़क, भादरा से राजगढ़ सड़क व रावतसर नोहर भादरा तथा हनुमानगढ़ रतनगढ़ सड़क पर स्थान चिन्हित कर सड़क के दोनों तरफ वृहद पौधारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सादुलशहर चाईयां सड़क पर लंबित कार्य पर संवेदक के विरूद्ध कार्यवाही कर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी व आरएसआरडीसीसी के पूर्ण भवन कार्यों को आगामी एक माह में संबंधित विभाग को सौंपकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने पंडितावाली बस स्टैंड पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक चौड़ाईकरण कार्य प्राथमिकता से कराने, महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को मुख्य जिला सड़कों की श्रेणी में क्रमोन्नत कराने, सभी डीएलपी अवधि अधीन सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत कराने, सड़कों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर आवश्यक सड़क सुधार कार्य संवेदनषीलता से कराने के निर्देश दिए। रिडकोर के अधिकारियों ने बताया कि रतनगढ़-हनुमानगढ़ सड़क पर बकाया कार्य की निविदा हो चुकी है। उन्हें 15 दिवस में कोहला गांव के नजदीक क्षतिग्रस्त सड़क को सर्वोच्च प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोहला वन क्षेत्र में क्षतिग्रस्त फेंसिंग को रिपेयर कराएं। मुख्य सड़क पर पशुओं को चारा नहीं डालने दिया जाए। अलग से रास्ता बनाकर फेंसिंग के अंदर चारा की व्यवस्था की जाए। जिला कलक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को कोहला के समीप बनने वाले इंटरचेंज कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देष दिए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, रिडकोर, आरएसआरडीसीसी लिमिटेड, राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल व भद्रकाली मंदिर के पास से दो बाइक चोरी

## टाउन पुलिस थाना में मुकदमे दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन पुलिस थाना में बाइक चोरी के आरोप में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एक बाइक राजकीय जिला चिकित्सालय जबकि दूसरी गांव अमरपुरा थेड़ी स्थित भद्रकाली मंदिर के पास से चोरी हुई। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार लखवीर सिंह पुत्र किशन सिंह रायसिख निवासी वार्ड 11, चक 10 एनजीसी, चन्दूरवाली पीएस टिब्बी ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह पांच जून को बाइक नम्बर आरजे 31 एसजे 1126 पर सवार होकर दोपहर करीब 1.25 बजे टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय आया था। बाइक चिकित्सालय के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। करीब 2 घंटे बाद बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो एक व्यक्ति दोपहर 2.21 बजे बाइक चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने अज्ञात जने के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल सुनील कुमार के सुपुर्द किया है। वहीं कुलदीप सिंह पुत्र बोहड़ सिंह बाजीगर निवासी अबोहर, पंजाब ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 17 अप्रेल को बाइक नम्बर पीबी 22 एन 3308 लेकर अमरपुरा थेड़ी स्थित भद्रकाली मंदिर में भरे मेले में गया था। पुलिस के रोकने पर वह भद्रकाली मंदिर से पहले मोड पर बाइक खड़ी कर मंदिर में चला गया। करीब 7 बजे वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक को काफी तलाश किया पर कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात जना बाइक चोरी कर ले गया। इस मुकदमे की जांच हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई कर रहे हैं।


किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोप्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए
सम्पर्क करें
99585-95529



Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303


# सटीक रणनीति व उचित मार्गदर्शन ही सफलता का मूलमंत्र: कड़वासरा

» राजस्थान की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट को किया सम्मानित
» जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित कड़वासरा ने की शिरकत, स्टूडेंट्स को बताया शिक्षा का महत्व

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी ग्रुप ऑफ एजुकेशन से संबद्ध बेबी हैप्पी मॉडर्न बीएसटीसी कॉलेज में बुधवार को सम्मान समारोह हुआ। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित कड़वासरा, बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय, चेयरमैन आशीष विजय, वाइस चेयरमैन रौनक विजय, प्रिंसिपल डॉ. संतोष चौधरी, प्रशासक परमानंद सैनी, बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक, उप प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा, व्याख्याता डॉ. राज कुमार महला व शिक्षाविद् दारासिंह ने बीएसटीसी प्रथम वर्ष के परिणाम में राजस्थान की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित कड़वासरा ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा ही महत्व है। शिक्षा के माध्यम से ही इंसान पूर्णता को प्राप्त होता है। निरक्षरता अभिशाप है। जो स्टूडेंट्स बीएसटीसी की पढ़ाई कर रहे हैं, यकीनन उनके मन में शिक्षक बनने का संकल्प है। ऐसे युवाओं को सोचना होगा कि शिक्षा का क्षेत्र बेहद संजीदगी व चुनौतियों से भरा है। यहां पर आपको तपना पड़ता है, दीपक की भांति जलना पड़ता है तभी आप समाज को रोशनी दिखाने में सक्षम हो सकते हैं। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय ने कहा कि आदर्श शिक्षक बनने के लिए सादा जीवन उच्च विचार का भाव जरूरी है। अच्छा शिक्षक समाज को देने के लिए बना है। हां, ऐसे आदर्श शिक्षक का सम्मान और संरक्षण करना समाज का दायित्व है। दोनों तरफ जिम्मेदारी का बोध हो तो समाज अपने आप तरक्की करेगा। चेयरमैन आशीष विजय ने कहा कि बेबी हैप्पी मॉडर्न बीएसटीसी कॉलेज में स्टूडेंट को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं दिया जाता बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है ताकि जीवन में उपयोगी साबित हो। अच्छे शिक्षक के लिए जरूरी तत्वों से उन्हें अवगत करवाया जाता है ताकि कॉलेज जीवन में ही उनके भीतर शिक्षक का दायित्व बोध विकसित हो। प्रशासक परमानंद सैनी, प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक, वाइस चेयरमैन रौनक विजय व वाइस प्रिंसिपल डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि जब हम विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का अर्थ समझ लेते हैं तो उनका मन परिपक्व हो जाता है और फिर वे दायित्व निर्वहन को लेकर हमेशा सजग रहते हैं। व्याख्याता डॉ. राज कुमार महला ने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि इसके बिना बेहतर इंसान बनना ही मुश्किल है। प्रिंसिपल डॉ. संतोष चौधरी ने बताया कि बीएसटीसी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसके तहत मोनिका, अर्शदीप कौर, सोन कुमार, एकता, भागवंती और पूजा ने राजस्थान की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर हनुमानगढ़ व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।











स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442